इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 113, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 | सूर्यास्त 18 : 15 | बरेली, रविवार, 10 मार्च 2024

लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं...13


# Smiles of Success

## JEE Main 2024 (Session -1) Champions

JEE (Main) 2024 23 STUDENTS QUALIFIED FOR JEE (Adv.) OUT OF 27 STUDENTS

उत्तर प्रदेश में नंबर 1 बनाने लिए, आपके इस अटूट विश्वास के लिए हम रात दिन तत्पर हैं, आपके लाढ़ले के लिए

99.92 %ile — KAPISH GUPTA — Class X-XII & XIII Pass (4 Years Program)

99.92 %ile — ABHIRAJ BHARANGAR — Class IX-XII (4 Years Program)

99.87 %ile — AARAV — Class-XII & XII Pass (2 Years Program)

21 PROTONians Proved their Excellence in JEE Advanced 2022–23 by Securing Positions in IITs

| 99.66%ile | 99.69%ile | 99.75%ile | 99.84%ile | 99.66%ile | 99.21%ile |
|---|---|---|---|---|---|
| SANKALP SHARMA | ADITYA AGARWAL | AMEEN AAZAM | AYUSH SINGH | RUDRA SHARMA | SAHITYA |
| IIT ROORKEE | IIT DELHI | IIT HYDERABAD | IIT DELHI | IIT ROORKEE | IIT BHU |
| [Engg. Physics] | [Engg. Physics] | [Electrical Engg.] | [Computer Science] | | [Ceramic Engineering] |
| JEE(Adv)'22 | JEE(Adv)'22 | JEE(Adv)'23 | JEE(Adv)'23 AIR 44 (SC) | | JEE(Adv)'23 |
| AIR-4324 | AIR-2925 | AIR-1742 | AIR-2252 | | AIR-2193 (GEN-EWS) |



| SHRESTH SRIVASTAVA | MUDIT SOMANI | ROHAN DAGAR | ANUJ GAUR | MAYANK SINGH | DHRUV AGARWAL | MEHUL KUMAR |
|---|---|---|---|---|---|---|
| JEE(Adv)'23 AIR 15164 | IIT PALAKKAD [Computer Science] JEE(Adv)'22 AIR 5459 (Gen) | IIT (ISM) DHANBAD [Computer Science] JEE(Adv)'22 AIR 6710 | IIT KANPUR [Aerospace Engg.] JEE(Adv)'22 AIR 842 (EWS) AIR-CRL 6761 | IIT DELHI [Mathematics & Computing] JEE(Adv)'22 AIR 180 (SC) AIR-CRL 7495 | IIT ROPAR [Mech. Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 8184 | IIT ROORKEE [Engineering Physics] JEE(Adv)'23 AIR 9019 |
| JEE(Main)'24 98.63%ile | JEE(Main)'22 98.71%ile | JEE(Main)'22 98.96%ile | JEE(Main)'22 98.64%ile | JEE(Main)'22 98.86%ile | JEE(Main)'22 98.68%ile | JEE(Main)'23 98.89%ile |

| PRATYUSH | KHUSHAL YADAV | TEJAS DIWAKAR | PRATHAM SINGH | SUNNY BHARTI | SHUBHAM KUMAR |
|---|---|---|---|---|---|
| IIT GOA [Electrical Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 7498 JEE(Main)'22 97.51%ile | IIT PATNA [Engg. Physics] JEE(Adv)'22 AIR 4908 (OBC) JEE(Main)'22 97.58%ile | IIT BHU [Computer Science] JEE(Adv)'22 AIR 265 (SC) AIR-CRL 9965 | IIT ROORKEE [Civil Engineering] JEE(Adv)'23 AIR 1565 (SC) | IIT ROPAR [Mech. Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 1791 (SC) | IIT JAMMU [Civil Engineering] JEE(Adv)'22 AIR 2558 (SC) |

11 PROTONians Proved their Excellence in NEET (UG) by Securing Positions in MBBS

| 616/720 | 618/720 | 625/720 | 640/720 | 650/720 | 661/720 | 606/720 | 588/720 | 579/720 | 545/720 | 480/720 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GMC, SHAHJAHANPUR | KCGMC, KARNAL | UPUMS, SAIFAI | GMC, NAGPUR | GIMS, NOIDA | AFMC, PUNE | | KMC, MANIPAL | AIIMS, HYDERABAD | | MALDA MEDICAL COLLEGE |
| RIMJHIM VERMA | SHREYA VERMA | JITIKA PURI | VARSHA SHARMA | KARANDEEP SINGH | ABHAY SINGH | VANSH BHIMRAJKA | ARPITA GILL | MOHNISH SEN | SHALINI SINGH | PURNIMA SINGH |
| NEET(UG)'22 \| XII Pass | NEET(UG)'23 \| XII Pass | NEET(UG)'22 \| XII Pass | NEET(UG)'22 \| XI-XII | NEET(UG)'22 \| XI-XII | NEET(UG)'21 \| XII Pass | NEET(UG)'23 \| XII Pass | NEET(UG)'21 \| XII Pass | NEET(UG)'21 \| XII Pass | NEET(UG)'23 \| XII Pass | NEET(UG)'21 \| XII Pass |

11 PROTONians Proved their Excellence in JEE Main 2002-23 by Securing Positions in MNIT & IIITs

| YASH AWASTHI | ABHINEET AGARWAL | KSHITIJ PANDAY | SAHIL SHARMA | NANDNI SHARMA | ANSH AGARWAL | KANISHKA CHAUDHARY | SOMYA AGARWAL | SANIDHYA VAISHNAV | DHAIRYA JAIN | SHREYA CHADDHA |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIT Jamshedpur | MNNIT Allahabad | DTU | IIIT Lucknow | IIIT Surat | IIIT Surat | IGTU DELHI | NIT BANGALORE | IIIT NAGPUR | MKU DELHI | GGSIPU DELHI |
| [Electrical Engineering] JEE(Main)'22 98.41%ile Enrolled in XII Pass | [Mech. Engineering] JEE(Main)'22 98.34%ile Enrolled in XI & XII | [Electrical Engineering] JEE(Main)'22 98.38%ile Enrolled in XII Pass | [Computer Science] JEE(Main)'22 98.52%ile Enrolled in XII Pass | [Computer Science] JEE(Main)'22 94.65%ile Enrolled in XI & XII | [Electrical Engineering] JEE(Main)'22 95.88%ile Enrolled in XI & XII | [Computer Science] JEE(Main)'23 96.79%ile Enrolled in XI to XII | [Computer Science] JEE(Main)'23 98.48%ile Enrolled in XI to XII | [Electrical Engineering] JEE(Main)'23 96.47%ile Enrolled in XII Pass | [Electrical Engineering] JEE(Main)'23 95.11%ile Enrolled in XI to XII | [ML & Artificial Intelligence] JEE(Main)'23 94.80%ile Enrolled in XI to XII & XII Pass |

21 IITians ✓ 11 NITians+IITians ✓ 28 JEE (Adv) ✓ 110 JEE (Main) ✓ 16 Central & Deemed Universities ✓ 1 AIIMS ✓ 1 AFMC ✓ 11 MBBS Govt.Medical College ✓ 7 600+ Marks in NEET ✓ 16 500+ Marks in NEET ✓ 2 100%ile in CUET 2022 ✓ 4 NDA ✓ 8 KVPY ✓ 4 NTSE ✓ 3 Indian Olympiad

## कोटा, दिल्ली का अद्भुत संगम PROTON! India's Top faculties now in Moradabad

| BIOLOGY | BIOLOGY | MATHEMATICS | MATHEMATICS | PHYSICS | PHYSICS | PHYSICS | CHEMISTRY | CHEMISTRY | CHEMISTRY |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DR. A.K. SINGH [AKS Sir] | KUNAL SHARMA [KS Sir] | SUMIT KUMAR [SK Sir] | CHANDRA PRAKASH [CP Sir] | ROHIT RAJPUT [RR Sir] | VINOD KR SINGH [VK Sir] | CHIRAG SANGHI [CHS Sir] | S. K. RAJPUT [SKR Sir] | SANJEEV KUMAR [SK Sir] | DR. PARAS ARORA [PRS Sir] |
| IIT BHU Alumnus | JNU Alumnus | MNIT ALLAHABAD Alumnus | IIT BHU Alumnus | IIT Delhi Alumnus | IIT Kharagpur Alumnus | IIT Roorkee Alumnus | IIT Roorkee Alumnus | NIT Raipur Alumnus | IIT-H & IIT Roorkee Alumnus |
| Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty | Senior Faculty |
| 10 Years Experience | 12 Years Experience | 5 Years Experience | 15 Years Experience | 10 Years Experience | 10 Years Experience | 8 Years Experience | 10 Years Experience | 8 Years Experience | 10 Years Experience |

## ADMISSION ANNOUNCEMENT (SESSION 2024-25)

Class Starting Date for X to XI moving students
Enthusiastic Course (Phase - I : 2 Years Classroom Program)
JEE (Main + Adv) : 28th March, 04th & 18th April' 24
NEET (UG) : 28th March, 04th & 18th April' 24
Admission Mode : PRO-SAT / Direct

Class Starting Date for XII & XII Passed students
Leader Course (Phase - I : 1 Year Classroom Program)
JEE (Main + Adv) : 28th March, 25th April', 02nd & 30th May' 24
NEET (UG) : 28th March, 25th April', 02nd & 30th May' 24

Class Starting Date for IX & X moving students
Nurture Course (Phase - I : 1 to 4 Years Classroom Program)
NTSE/NSEJS/IOQ /Board: 28th Mar, 04th ,18th April & 02nd May' 24
Admission Mode : PRO-SAT / Direct

PROTON EDUCATION CENTRE OF EXCELLENCE

— The Premier Institute for —
IIT-JEE | NEET | OLYMPIADS

6 Year OF EXCELLENCE Since 2019

"Our each step is committed towards nurturing your child's talent"

RP RATHORE
FOUNDER

Above KFC, Pili Kothi Chauraha, Civil Lines, Moradabad | 7302826555 | 9997710555 | theprotonedu | https://theprotonedu.com

## शहर में आज

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन प्रेस क्लब में दोपहर 1 बजे।
- अर्जुन समिति की ओर से बदायूं रोड पर बालाजी मंदिर के पास कवि गोष्ठी दोपहर 1:30 बजे
- श्री श्याम सेवादार परिवार द्वारा आनंद आश्रम में भजन कीर्तन शाम 7 बजे।
- श्री महादेव सेवा ट्रस्ट द्वारा तपेश्वरनाथ मंदिर में भागवत कथा।
- क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में पुष्प प्रदर्शनी दोपहर 12 बजे।
- चित्रगुप्त पीठाधीश्वर सच्चिदानंद महाराज की प्रेस वार्ता प्रज्ञा बारात घर शांति विहार में दोपहर 3 बजे।
- मानव सेवा क्लब द्वारा सामान वितरण जनकपुरी में शाम 5 बजे।

# दूल्हे मियां की मजार के पास सड़क पानी में डूबी

## पानी के तेज दबाव से फट गई पानी की पुरानी पाइप लाइन, दोपहर तक बहता रहा पानी, जलकल को नहीं पता कहां से आई पाइप लाइन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दूल्हे मियां की मजार के पास शनिवार की सुबह पानी की पाइन लाइन फट गई, जिससे पूरी सड़क पानी में डूब गई। इसकी वजह से रास्ता बंद हो गया और दिल्ली हाईवे पर जाम लग गया। जलकल के अधिकारियों की मानें तो कागजों में दूल्हे मियां की मजार के पास रेलवे लाइन की तरफ पानी की कोई पाइप लाइन ही नहीं है।

दोपहर तक पानी बहने से पूरी सड़क जलमग्न हो गई। पुल के नीचे सेतु निगम की आंचलिक कार्यशाला में पानी भर गया। अचानक सड़क पर पानी भरने से लोग भी परेशान हो गए। आंचलिक कार्यशाला के पास ही पाइप लाइन से तेजी से पानी निकल रहा था। कुछ लोगों ने पानी के बहाव को कम करने के लिए उस पर पत्थर भी डाला लेकिन कोई फायदा नही हुआ। पुल की एक सर्विस रोड पर आवागमन बंद होने से दिल्ली हाईवे पर जाम लग गया।

पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने से ज्यादा दिक्कत हुई। पानी पुल के दूसरी तरफ सर्विस लेन पर भी पहुंच गया। दोपहर में नगर निगम के जलकल विभाग के अफसरों को जानकारी हुई तो उन्होंने टैंकर भेजकर सड़क में भरे पानी को सोखने का इंतजाम किया। रेल लाइन पार करके कटघर से किला रोड तक आने वाले पैदल राहगीर बड़ी मुश्किल से निकले। देर शाम तक सड़क पर हल्का पानी भरा था।

किला पुल के नीचे सर्विस रोड पर पानी भरने से वाहन फंस गए। ● अमृत विचार

### 15 साल पहले पड़ी हो पाइप लाइन तो पता नहीं

कटघर वार्ड के पूर्व पार्षद अब्दुल सलीम के मुताबिक वर्तमान में उनकी पत्नी इरफाना पार्षद हैं। 15 साल से तो उन्होंने यहां पाइप लाइन डलवाई नहीं है। महा पालिका के समय की कोई पुरानी लाइन होगी तो वह फट गई होगी। उनके वार्ड में पानी की सप्लाई ओवरहेड टैंक से होती है। उन्होंने बताया कि जब यह लाइन यहां पड़ी होगी तब कटघर में इतनी आबादी नहीं थी। इंग्लिशगंज के पार्षद नासिर खां ने बताया कि पुल के पास पानी की पाइप लाइन टूटी है। इसकी जानकारी नहीं है। वह शहर में नहीं है।

नई को पाइप लाइन वहां नहीं है। पुरानी पाइप लाइन पानी के तेज दबाव से फट गई थी, उसे ठीक करा दिया गया है। – **सिद्धार्थ कुमार**, अधिशासी अभियंता, जलकल

दूल्हे मियां की मजार के पास पाइप लाइन फटने से किला पुल के नीचे सर्विस रोड तालाब बन गई। ● अमृत विचार

पानी में कई बाइक सवार भी फंस गए। ● अमृत विचार

कटघर के लोगों को निकलने में हुई परेशानी। ● अमृत विचार

नगर निगम ने पाइप से पानी को निकाला। ● अमृत विचार

पाइप लाइन फटने से तेज रफ्तार से बहता पानी। ● अमृत विचार

## होली पर नई बसें नहीं मिलीं तो यात्रा होगी मुश्किल

**बरेली, अमृत विचार :** होली पर दिल्ली रूट पर रोडवेज बसों का संकट हो सकता है, क्योंकि दिल्ली में पुरानी बसों के प्रवेश पर रोक है और सिर्फ बीएस-6 बसों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। अधिकारी त्योहार पर अधिक बसें चलाना चाहते हैं। यही वजह है कि अब अधिकारी नई बसों का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द नई 30 बीएस-6 बसें मिलने की उम्मीद है। इन बसों को होली के मौके पर दिल्ली रूट पर चलाया जाएगा। जिससे यात्रियों को परेशानी न हो।

- **पुरानी बसों को दिल्ली सीमा में नहीं दिया जा रहा प्रवेश**
- **अधिकारी जल्द ही 30 नई बीएस-6 बसें मिलने की कह रहे बात**

दिल्ली में डीजल से चलने वाली बसों पर रोक लगा दी गई और सिर्फ बीएस-6 मॉडल, सीएनजी और ई-बसों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। बरेली रीजन के पास बीएस-6 मॉडल की बसों की संख्या कम है, जिसको लेकर अब और 30 नई बीएस 6 बसों की मांग मुख्यालय को भेजी गई है। वहीं छोटे रूटों पर भी होली पर बसों के अतिरिक्त फेरे लगवाए जाएंगे। इसके अलावा पुराने बस अड्डे से चलने वाली रोडवेज बसें सेटेलाइट बस अड्डे पर प्रवेश नहीं कर सकें इसके लिए पीलीभीत गेट को रस्सी लगाकर बंद कर दिया गया है।

एसएम धनजी राम ने बताया कि होली के मौके पर बसों के संचालन को लेकर तैयारी की जा रही है। 30 नई बसें एक दो दिन में मिल जाएंगी। उन बसों को दिल्ली रूट पर संचलित किया जाएगा।

## अगले सप्ताह से बढ़ने लगेगा तापमान

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने अगले सप्ताह से तापमान में बढ़ोत्तरी से गर्मी का पूर्वानुमान जताया है। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 25 .8 और न्यूनतम तीन डिग्री कम 12 डिग्री सेल्सियस रहा। आंचलिक मौसम वैज्ञानिक के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह में मौसम साफ रहेगा, लेकिन जलवायु परिवर्तन के चलते इस वर्ष अधिक गर्मी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। सप्ताह की शुरुआत से ही गर्माहट की शुरुआत हो जाएगी। सोमवार से अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक पहुंचने का पूर्वानुमान है।

## नवादा शेखान में रात दो बजे के बाद बिजली सप्लाई हुई शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** नवादा शेखान में शुक्रवार की शाम को हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरने से बिजली गुल हो गई। रात दो बजे के बाद तार जोड़ने के बाद बिजली सप्लाई शुरू हो सकी। स्थानीय लोगों की मांग है कि घरों के आगे से गुजर रहे बिजली के तारों को हटाया जाए। नवादा शेखान में शुक्रवार शाम धमाके के साथ हाईटेंशन लाइन टूटकर घरों पर गिर गई थी। इसके बाद इलाके की बिजली गुल हो गई थी। मौके पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों का क्षेत्र के लोगों ने घेराव किया था। लोगों का कहना है कि वह लंबे समय से तारों को मकान के ऊपर से हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग उनकी समस्या का समाधान नहीं करा रहा है। वहीं टूटे हुए तारों को जोड़ने में करीब नौ घंटे का समय लग गया था। जिससे रात में 2 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी थी। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि लोगों ने तारों को हटाने की मांग की है। जल्द ही लोगों की समस्या के समाधान के लिए के लिए कोई रास्ता निकाला जाएगा।

बिहारीपुर में दीवार गिरने से रास्ता हुआ बंद। ● अमृत विचार

## दीवार गिरने से रास्ता हुआ बंद

**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर ढाल को जाने वाली रोड पर नर्सिंग होम के सामने पुराने प्लाट की दीवार शुक्रवार रात अचानक गिर गई। इससे रास्ता बंद हो गया। गनीमत रही कि उस समय कोई वहां से गुजर नहीं रहा था।

लोगों को परेशानी हुई तो उन्होंने वार्ड के पार्षद संजीव रस्तोगी को जानकारी दी। काफी देर तक लोगों को चक्कर लगाकर जाना पड़ा। इसके बाद पार्षद ने जेसीबी मंगाकर दीवार की गिरी ईंटों को किनारे हटवाकर आवागमन का रास्ता खुलवाया।

- **बिहारीपुर में शुक्रवार देर रात अचानक गिरी दीवार**

## जंक्शन पर ओएचई टूटने से त्रिवेणी एक्सप्रेस रुकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पुराने इलेक्ट्रिक टॉवर हटाने के दौरान ओएचई पर गिरा एंगल**
- **35 मिनट तक त्रिवेणी एक्सप्रेस को जंक्शन से पहले रोका**

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन यार्ड में पुराने इलेक्ट्रिक टॉवर हटाने के दौरान टॉवर का एक हिस्सा टूटकर ओएचई लाइन पर गिर गया, जिसकी वजह से लाइन टूटकर गिर गई। इसकी वजह से करीब 35 मिनट तक त्रिवेणी एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लाइन को चालू कराया। करीब दो घंटे बाद लाइन चालू होने से काफी दिक्कत हुई। अधिकारियों संयुक्त रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

रेलवे के बिजली विभाग ने पुराने इलेक्ट्रिक टॉवर हटाने का ठेका प्राइवेट एजेंसी को दिया है। बरेली जंक्शन स्थित मालगोदाम यार्ड में भी कई पुराने इलेक्ट्रिक टॉवर हटाने का काम किया जा रहा है।

शनिवार की सुबह 11:30 बजे एजेंसी के कर्मचारी टॉवर का एक-एक एंगल खोलकर रस्सी से सहारे उतार रहे थे। इस बीच हवा के झोंके से एक एंगल ओएचई पर जा गिरा। इससे ओएचई का तार टूटकर लटक गया और लाइन बंद हो गई। जानकारी मिलने के बाद रेलवे के बिजली विभाग, टीआरडी, ऑपरेटिंग विभाग और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची।

पीछे से आ रही त्रिवेणी एक्सप्रेस को बरेली सिटी स्टेशन के पास ही रोक दिया गया। टीआरडी विभाग के कर्मचारियों ने पूरी ओएचई लाइन को चेक किया तो केवल यार्ड में ही लाइन टूटी थी। इसके बाद त्रिवेणी एक्सप्रेस को गुजारा जा सका। दोपहर 1:30 बजे ओएचई को फिट घोषित किया गया। बरेली जंक्शन स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह का कहना है कि घटना यार्ड में क्षेत्र में हुई थी, लिहाजा बहुत अधिक प्रभाव ट्रेन संचालन पर नहीं पड़ा। लाइन सही कर दी गई है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस 12 मार्च से चलेगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रेल मंत्रालय के ओएसडी ने स्टेशन अधीक्षक से बैठक कर दिए निर्देश**
- **लखनऊ से देहरादून के बीच चलेगी वंदेभारत एक्सप्रेस**

**अमृत विचार:** लंबे समय से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग पूरी हो गई है। रेलवे बोर्ड से शुक्रवार को ट्रेन को मंजूरी मिल गई थी, वहीं शनिवार को रेल प्रशासन ने ट्रेन का शेड्यूल जारी कर दिया है। ट्रेन 12 मार्च को लखनऊ से चलेगी और बरेली जंक्शन से भी होकर गुजरेगी। हालांकि अभी ट्रेन की ऑनलाइन बुकिंग नहीं दिख रही है। जिन-जिन स्टेशनों से ट्रेन होकर गुजरेगी और जहां से चलेगी उन स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षकों के साथ रेल मंत्रालय के ओएसडी वेद प्रकाश ने ऑनलाइन बैठक में दिशा निर्देश दिए।

स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड की तरफ से निर्देश हैं कि पहले दिन बरेली जंक्शन पर ट्रेन के आगमन को लेकर तमाम व्यवस्थाएं की जाएं। इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक वंदे भारत एक्सप्रेस की जानकारी पहुंचाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक साथ कई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल प्रशासन की तरफ से वंदे भारत एक्सप्रेस का शनिवार को शेड्यूल जारी किया गया। जिसके मुताबिक लखनऊ और देहरादून के बीच ट्रेन के केवल तीन ठहराव हैं। ट्रेन संख्या 22547 वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से 12 मार्च को सुबहक 05:15 बजे चलेगी और बरेली जंक्शन पर 08:33 बजे पहुंचकर 08:35 बजे रवाना होगी। बरेली में ट्रेन को केवल दो मिनट का ठहराव दिया गया है।

ट्रेन मुरादाबाद 09:52 बजे, हरिद्वार 12:10 बजे और देहरादून 13:35 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 22548 देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस उसी दिन 14:25 बजे देहरादून से चलेगी और 15:26 बजे हरिद्वार, 17:40 बजे मुरादाबाद, 19:03 बजे बरेली जंक्शन, 22:40 बजे लखनऊ जंक्शन पहुंचेगी।

**सप्ताह में छह दिन आराम का सफर :** वंदे भारत एक्सप्रेस से बरेली से लखनऊ और देहरादून जाने वाले यात्रियों को सप्ताह में छह दिन बेहद आरामदायक सफर मिल सकेगा। यह ट्रेन तीन घंटा 37 मिनट बरेली से लखनऊ तक के लिए और देहरादून महज पांच घंटा दो मिनट लेगी।

### देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस शुरू, बरेली जंक्शन पर ठहराव

**बरेली, अमृत विचार :** टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस का संचालन शनिवार से शुरू हो गया। यह ट्रेन देर रात बरेली जंक्शन पहुंची। यह पहली ऐसी ट्रेन होगी जो बरेली से वाया चंदौसी होकर देहरादून जाएगी। 15020 टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस शनिवार को टनकपुर से 19 .40 बजे चलकर बनबसा, खटीमा, पीलीभीत के रास्ते भोजीपुरा से 21.30 बजे, बरेली सिटी से 22 .15 बजे, बरेली जंक्शन से 22 .38 बजे रवाना हुई। वापसी में 15019 देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस रविवार को देहरादून से 15 .15 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से 16 .55 बजे, लक्सर से 17 .33 बजे, नजीबाबाद से 18 .08 बजे, मुरादाबाद से 20 .05 बजे, चन्दौसी से 21 .25 बजे, दूसरे दिन बरेली जंक्शन से 01 .00 बजे, बरेली सिटी से 01 .15 बजे, भोजीपुरा से 01 .47 बजे रवाना होगी। इससे पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

## कुट्टू के आटे से हालत बिगड़ी तो अधिकारियों की टूटी नींद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एफएसडीए की टीम ने मढ़ीनाथ में दुकान से लिया आटे का सैंपल**

**अमृत विचार :** कुट्टू के आटे से बनी पूड़ियां खाने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की हालत बिगड़ी तो एफएसडीए की नींद टूटी। शनिवार को टीम ने मढ़ीनाथ में कारोबारी की दुकान से कुट्टू के आटे का सैंपल लिया और जांच के लिए लैब भेजा।

आलमगीरीगंज में रहने वाले व्यापारी प्रशांत अग्रवाल के परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि का व्रत रखा था। प्रशांत कुट्टू का आटा खरीदकर शहामतगंज की एक दुकान से लाए थे। व्रत खोलने के बाद प्रशांत, उनकी पत्नी रितु, भाई अंकुर और बेटी ने कुट्टू के आटे की पूड़ियां खाईं। कुछ देर बाद सभी को उल्टियां शुरू हो गईं। फरीदपुर में रहने वाले प्रशांत के ससुर ने सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

इस घटना के बाद शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम जागी और शहामतगंज स्थित व्यापारी के यहां छापा मारा। जांच में पता चला कि व्यापारी ने ओम अष्ट विनायक ट्रेडर्स से कुट्टू का आटा खरीदा था। लिहाजा, बेनीपुर चौधरी मढ़ीनाथ स्थित अष्ट विनायक ट्रेडर्स के संचालक देवेंद्र कुमार शुक्ला के यहां से कुट्टू के आटे का सैंपल लिया। एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि सैंपल को जांच के लिए लखनऊ भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मढ़ीनाथ में सैंपलिंग की कार्रवाई करती एफएसडीए की टीम।

### नोएडा से हुई थी कुट्टू आटे की आपूर्ति, फैक्ट्री सील

जिस कुट्टू के आटे की पूड़ियां खाने से एक ही परिवार के चार लोग बीमार पड़ गए। उसकी आपूर्ति नोएडा की एक फैक्ट्री से से हुई थी। अष्ट विनायक ट्रेडर्स के यहां जांच करने पर संचालक की तरफ से बिल पेश किए गए। संचालक ने बताया कि नोएडा स्थित विवेक इंडस्ट्रीज से करीब 90 किलो कुट्टू का आटा मंगाया था, जो शहामतगंज के उमेश चंद दिनेश चंद किराना स्टोर को बेचा था। नोएडा की इस फैक्ट्री का कुट्टू का आटा खाने से वहां भी कई लोग बीमार हुए हैं। लिहाजा, नोएडा के एफएसडीए के अधिकारियों ने फैक्ट्री को सील कर दिया है।

### वित्तमंत्री आज करेंगे बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना रविवार को शहर में रहेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। वह सुबह 9 .45 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## शहर में सेल्फी प्वाइंट बनकर उभरा आदिनाथ चौराहा

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी में आदिनाथ चौराहा सेल्फी प्वाइंट बनकर उभरा है। महाशिवरात्रि के दिन तमाम लोगों ने डमरू के साथ सेल्फी ली।

- **महाशिवरात्रि पर लोग डमरू के साथ लेते रहे सेल्फी, प्लेटफार्म मजबूत किया जा रहा**

इसके प्लेटफार्म को मजबूत करने के साथ आकर्षक भी बनाया जा रहा है। इस चौराहे पर 25 टन का डमरू लगा है। अब इसे आकर्षक बनाने के लिए प्लेटफार्म पर कलाकृतियां उकेरी जा रही हैं। पिछले माह मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान आननफानन में चौराहे पर डमरू लगाकर लोकार्पण कराने की तैयारी की गई थी। तब यहां चार टन का डमरू लगाया गया था। उसी के हिसाब से चौराहे पर डमरू को रखने के लिए प्लेटफार्म तैयार किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के हाथों डमरू का लोकार्पण नहीं हो सका। चौराहे की भव्यता के अनुसार यहां बड़ा डमरू लगाने की योजना बनी। इंवर्टिस विश्वविद्यालय प्रबंधन के सौजन्य से यहां बड़ा डमरू लगाना तय हुआ। पिछले दिनों 25 टन का डमरू चौराहे पर स्थापित कर दिया गया।

आदिनाथ चौराहा पर डमरू के प्लेटफार्म को मजबूत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## बरेली जंक्शन से गुवाहटी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली जंक्शन से शनिवार शाम चार बजे गुवाहटी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई गई। दरअसल जंक्शन से एक खाली रेक गुवाहटी के लिए भेजी जानी थी। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस खाली रेक को भेजने से बेहतर था कि यात्रा के लिए चला दिया गया। ट्रेन को शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगरिया, नौगचिया, कटिहार, बरसोई, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार के रास्ते गुवाहटी के लिए चलाया गया।

## नालों का पानी शोधित करने को एसटीपी तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **टेस्टिंग के बाद नकटिया नदी में छोड़ा जाएगा साफ पानी**
- **अफसरों का दावा- इसी महीने एसटीपी शुरू हो जाएगा**

**अमृत विचार:** नकटिया नदी में गिरे वाले नाले के गंदे पानी को साफ कर उसे खेतों में प्रवाहित करने के उद्देश्य से हरूनगला में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण पूरा हो गया है। यहां पानी की टेस्टिंग शुरू करने के साथ 31 मार्च तक एसटीपी को शुरू करने का दावा किया जा रहा है।

नमामि गंगे परियोजना के तहत 234 करोड़ की लागत से हरूनगला में बन रहे 42 एलएमडी के एसटीपी में बैरियर टू चौकी के पास से सेटेलाइट चौराहा तक 13 नालों के पानी को शोधित कर नकटिया नदी में गिराया जाएगा। जल निगम की एक्सईएन कुमकुम गंगवार ने बताया कि पानी को शोधित करने के लिए टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। नालों का पानी एसटीपी तक पहुंचाने के लिए करीब 16 किलोमीटर लंबी इंटरसेप्टिक पाइप लाइन बिछाई गई है।

एसटीपी में धौरेरा माफी, सौ फुटा रोड, सुपर सिटी, सनराइज कॉलोनी, आशीष रायल पार्क, महानगर, ग्रीन पार्क, सेटेलाइट बस अड्डा, हरूनगला समेत कई स्थानों के नालों का पानी पहुंचाया जा रहा है। वहीं, सराय तल्फी में 35 एमएलडी के एसटीपी से आधे शहर के सीवर को शोधित किया जा रहा है। एसटीपी संचालन से नकटिया, किला और रामंगगा नदी का पानी दूषित नहीं होगा।

### सुभाषनगर के नालों का पानी चौबारी में होगा शोधित

शहर के तमाम मोहल्लों से निकलने वाला पानी नालों के जरिए सुभाषनगर की ओर पहुंचता है। सुभाषनगर पुलिया पर तीन नाले मिलकर राजीव कालोनी से आगे निकलते हैं। वहीं, बदायूं रोड के नाले का पानी भी करगैना होते हुए चौबारी को पहुंचा है। इस तरह कई नालों का पानी चौबारी पर 20 एमएलडी के एसटीपी से शोधित होकर रामगंगा नदी में गिरेगा। ग्राम ततारपुर में बनने वाले एसटीपी में देवरनियां नदी में प्रवाहित होने वाले एयरफोर्स नाले के पानी को पहले ही शोधित कर लिया जाएगा।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 113, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 | सूर्यास्त 18 : 15

बरेली, रविवार, 10 मार्च 2024

अब तक छह भारतीय बनीं विश्व सुंदरी...14

# भारत ने 4-1 से जीती श्रृंखला

**धर्मशाला।** रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह श्रृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | 5 विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली | 86 | 36 |
| आर अश्विन | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले | 132 | 35 |
| जेम्स एंडरसन | 187* | 32 |

**100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)**

| | |
|---|---|
| 9/128 | रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 | मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 | शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 | कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 | अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |

## अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली थी। अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा में बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें अब सुरक्षा को बढ़ाकर जेड श्रेणी की कर दी है। इस श्रेणी में 22 कर्मी होते हैं जिसमें चार से छह एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी होते हैं।

## चेक गणराज्य की क्रिस्टीना मिस वर्ल्ड



**मुंबई।** चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने शनिवार को यहां एक भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 'मिस वर्ल्ड 2024' का खिताब जीता। मिस लेबनान यास्मीन जायटौन दूसरे स्थान पर रहीं। मौजूदा मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का ने अपनी उत्तराधिकारी को ताज पहनाया। अट्ठाइस साल बाद इस कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले भारत का प्रतिनिधित्व 22 वर्षीय सिनी शेट्टी ने किया। मुंबई में जन्मीं शेट्टी प्रतियोगिता के शीर्ष चार में जगह बनाने में असमर्थ रहीं।

- मिस लेबनान यास्मीन जायटौन रहीं रनरअप
- सिनी शेट्टी ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

उन्हें 2022 में 'फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड' का ताज पहनाया गया था। भारत ने छह बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है, जिसमें रीता फारिया, ऐश्वर्या राय, डायना हेडन, युक्ता मुखी, प्रियंका चोपड़ा, और मानुषी छिल्लर शामिल हैं। दुनिया के 112 देशों की प्रतियोगियों ने 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लिया, जो यहां बीकेसी के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई।

# भाजपा से तीन पुराने चेहरे समेत सात एमएलसी प्रत्याशी घोषित

## विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह और अशोक कटारिया को फिर मिला मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की। जिसमें तीन नाम ऐसे हैं, जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है। तीन सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने सूची में कई जातियों को समायोजित करने का प्रयास किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को उप्र और बिहार के लिए विधान परिषद प्रत्याशियों की सूची जारी की। उप्र विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें एक भूमिहार, दो क्षत्रिय, एक वैश्य, एक गुर्जर, एक ब्राह्मण व एक जाट समाज को टिकट देकर जातीय समीकरण साधने का भी प्रयास हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, पूर्वमंत्री व एमपी के चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र कुमार सिंह व पूर्वमंत्री अशोक कटारिया को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व झांसी के पूर्व मेयर रामतीरथ सिंघल को प्रत्याशी बनाकर मेहनत का इनाम दिया है। जिन 13 एमएलसी सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसके लिए मतदान की नौबत आएगी या नहीं, यह नामांकन भरने की आखिरी तिथि मंगलवार को स्पष्ट हो जाएगा। संख्याबल के मुताबिक भाजपा की 10 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय है।

अशोक कटारिया | धर्मेंद्र सिंह | विजय बहादुर | महेंद्र सिंह | संतोष सिंह | मोहित बेनीवाल | रामतीरथ सिंघल

- मैदान में मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह नए चेहरे
- सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद से नाम आए सामने, एक सीट पर पशोपेश

### सहयोगी दलों में इन नामों पर चर्चा

भाजपा के सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल) से एमएलसी व मंत्री आशीष पटेल का प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है। रालोद से योगेश चौधरी का नाम चर्चाओं में है। जबकि सुभासपा से कोई नाम नहीं आया है। इस बीच रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को एमएलसी बनाने की चर्चा है।

### तीन कम होंगे भाजपा एमएलसी, सपा दो बढ़ेगी

पिछली बार भाजपा ने 10 एमएलसी सीटों पर कब्जा किया था। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत एमएलसी बने थे। जबकि एक सीट सहयोगी अपना दल (एस) के आशीष पटेल को मिली। इस बार भाजपा सात और सहयोगी तीन सीटें ले रहे हैं। सपा एक सीट से बढ़कर तीन पर पहुंच जाएगी। बसपा इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर की सीट गवां देगी। उसके लिए एक मात्र विधायक होने से 29 वोटों का आंकड़ा सपना सरीखा है।

## खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती व आर्थिक मैपिंग।

- इससे मिलेगा गरीबों को उचित हक और हिस्सेदारी

**उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण में महिलाओं को उपहार**

# होली पर एक रिफिल सिलेंडर मुफ्त मिलेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार महिलाओं को होली उपहार के रूप में निशुल्क गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इसका 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। दीपावली पर भी राज्य सरकार ने महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दिया था। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है।

उप्र. में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।

एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को रिफिल सिलेंडर रिफिल दिए गए। द्वितीय चरण में अब होली पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) रिफिल सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने 10 नवंबर 2023 को योजना की शुरुआत की थी।

- प्रथम चरण में दीपावली पर भी मुफ्त दिए गए थे सिलेंडर
- 1.75 करोड़ लाभार्थियों को देने के लिए 2312 करोड़ का बजट

## एक नजर

### मादक पदार्थों की तस्करी में द्रमुक नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह की जांच के सिलसिले में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के निष्कासित पदाधिकारी जाफर सादिक को गिरफ्तार किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़ा यह मामला दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का है।

### मध्य प्रदेश के सचिवालय भवन में आग लगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य सचिवालय की बहुमंजिला इमारत 'वल्लभ भवन' की तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पांच घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। शनिवार होने के कारण अंदर के सरकारी कार्यालय बंद थे और सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब आग लगी तो परिसर लगभग खाली था। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

### किशोर मकवाना बने एससी आयोग के प्रमुख

**नई दिल्ली।** किशोर मकवाना को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मकवाना भाजपा की गुजरात इकाई के प्रवक्ता हैं। वह पत्रकार और स्तंभकार भी हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने एनसीएससी में अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के वारंट को मंजूरी दे दी।

# ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण



- आठ अप्रैल को होने वाली इस अद्भुत खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी शामिल होगा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा। दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे। धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स 21 अप्रैल 2024 तक हमारे करीब रहेगा। मगर इसकी चमक धुंधली पड़ चुकी होगी। बहरहाल पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान ये सूर्य के काफी करीब रहेगा। ग्रहण के दौरान स्याह अंधेरे में एक तरफ शुक्र ग्रह टिमटिमाता नजर आएगा तो दूसरी ओर हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति अपनी चमक बिखेर रहा होगा। यही सब इस खगोलीय घटना को यादगार व ऐतिहासिक बनाएगा। यह घटना उन्हीं हिसों में देखी जाएगी, जहां ग्रहण का क्षेत्र पड़ेगा। भारत समेत दुनिया के अधिकांश भाग इस घटना से रूबरू नहीं हो पाएंगे।

### बृहस्पति से 6 डिग्री की दूरी पर होगा धूमकेतु

ग्रहण के दौरान धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स को देखने के लिए बृहस्पति पर नजर रखनी होगी, तब वह बृहस्पति के काफी करीब रहेगा। जिस कारण इसे खोज पाना आसान हो जाएगा। साउथओल्ड, न्यूयॉर्क के स्टीवन बेलाविया के अनुसार यह धूमकेतु पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान नग्न आंखों से दिखाई दे सकता है, जो सूर्य से 24 डिग्री पूर्व और बृहस्पति से केवल 6 डिग्री पश्चिम में मौजूद होगा।

**आस्था** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन किया।

# चुनाव आयुक्त गोयल का इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की संभावित घोषणा से पहले शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गोयल का कार्यकाल पांच दिसंबर 2027 तक था। गोयल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया जो शनिवार से ही प्रभावी हो गया है। हालांकि, तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि गोयल ने इस्तीफा क्यों दिया? पंजाब कैडर के 1985-बैच के आईएएस अधिकारी गोयल के इस्तीफे और फरवरी में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति के बाद, तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं।

- राष्ट्रपति ने किया स्वीकृत

### विपक्ष ने जताई चिंता, कहा-मामले को स्पष्ट किया जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे को भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंताजनक करार देते हुए कहा कि इस घटनाक्रम के बारे में स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि अगर संस्थाओं की बर्बादी को नहीं रोका गया तो लोकतंत्र पर तानाशाही का कब्जा हो जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर पोस्ट किया कि भारत में अब केवल एक चुनाव आयुक्त है, जबकि कुछ ही दिनों में लोकसभा चुनावों की घोषणा होनी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा है यदि हम अपने स्वतंत्र संस्थाओं की सुनियोजित बर्बादी को नहीं रोकते हैं, तो तानाशाही द्वारा हमारे लोकतंत्र पर कब्ज़ा कर लिया जाएगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि निर्वाचन आयोग के कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता मनोज झा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इस तरह के इस्तीफे संशय पैदा करते हैं कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे भी? तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग में दो नियुक्तियां की जानी हैं।

**मिला मुकाम** नहर और नदियों को जोड़कर तीन महीने में बचाया 868 .15 मिलियन लीटर पानी

# जल संरक्षण में कासगंज ने रचा इतिहास, पूरे प्रदेश में लागू होगा फार्मूला

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश में भी परचम लहरा चुका कासगंज अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी नई इबारत लिख रहा है। यहां किसानों के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने ऐसा कार्य कर दिखाया जो अभूतपूर्व है। नहर और नदियों का मिलान खेतों से कर दिया। नए रास्ते बना दिए और फिर खेतों से अनुपयोगी पानी फिर से नहर-नदियों में भेज दिया। तीन महीने में 868.15 मिलियन लीटर पानी बचा लिया। लाखों लीटर पानी काली नदी में छोड़ने से जल संरक्षण हुआ है। देश भर में इसकी चर्चा हो रही है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू करने जा रहे हैं।

कासगंज में नहर और नदियों का जाल बिछा हुआ है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं, लेकिन किसान नहर नदियों से अनजाने में जरूरत से ज्यादा पानी फसलों में लगा रहे थे, जिससे जल का दोहन हो रहा था। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) दिल्ली के अधिकारियों ने नहर और नदी क्षेत्र का सर्वे किया, लगभग दो साल पहले उन्होंने पाया कि कासगंज में जल संरक्षण की तमाम संभावना हैं, लेकिन जागरूकता का अभाव है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के इस प्रयास की सराहना हो रही है।

- जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रयासों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सराहा

> जल संरक्षण के लिए विशेष मुहिम छेड़ी गई, किसानों को जागरूक कर तीन महीने में 868 .15 लीटर मिलियन पानी बचाया गया। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने दी। अब प्रदेश में नहर और नदियों से जुड़े अन्य जिलों में भी इस मॉडल को लागू करने का प्रयास किया जा रहा। वैसे और कई जिलों में काम चल रहा है। - **नितिन कौशल**, निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

हमने जांच में पाया कि काली नदी में ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि खेतों में प्रयोग से बचा पानी काली नदी में गिर रहा है। यह प्रयास सराहनीय है। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। - **केके शर्मा**, टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़

**100** किसानों की है कासगंज में समिति

**04** पानी निकासी के बनाए गए हैं रास्ते

### टेंशियोमीटर से जानी पानी की जरूरत

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों ने किसानों को टेंशियोमीटर दिए। इसे पौधे की जड़ों में लगाया जाता है, जिससे पता चलता है कि तने को कितने पानी की जरूरत है। काली नदी को नहर का शुद्ध पानी मिला तो ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हुआ। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस प्रयास को सराहा और शासन एवं जल शक्ति मंत्रालय को पत्र लिखा कि यह एक अनूठी पहल हुई है।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना

(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दों की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# न हों परेशान...नामांकन की तिथि तक बन सकते हैं मतदाता

## अधिसूचना लागू होने से पहले कराए जा सकते हैं संशोधन

- अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद 18 साल की उम्र पूरी कर चुके युवाओं को भी मिलेगा मौका
- जिले में 27 अक्टूबर 2023 से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत हुई थी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए अगर आपका नाम अभी मतदाता सूची में नहीं है तो परेशान न हों। अभी मतदाता बनने के लिए आपके पास मौका है। नामांकन की घोषित तिथि तक फार्म जमाकर मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकते हैं।

दरअसल, प्रशासन की ओर से 27 अक्टूबर से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत की गई थी। छह अलग-अलग तिथियों में सभी बूथों पर विशेष अभियान चलाकर लोगों के फार्म भरे गए। नौ दिसंबर तक संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया गया, इसमें नए वोटर बनने के लिए, मतदाता सूची से नाम घटाने, बढ़ाने, मृतकों के नाम हटाने के लिए कार्यवाही की गई। 18 साल की उम्र पूरी कर चुके युवाओं ने भी मतदाता सूची में नाम बढ़ाए गए। 22 जनवरी को सूची प्रकाशित की जा चुकी है। हालांकि, इसके बाद भी मतदाता सूची में वोटरों के नाम घटाने, बढ़ाने और संशोधन की प्रक्रिया चल रही है, फिर भी अभी काफी संख्या में ऐसे लोग होंगे, जिन्होंने हाल के दिनों में 18 साल की उम्र पूरी की होगी या फिर कुछ ऐसे लोग जिनके नाम मतदाता सूची से हटाने हैं, संशोधन कराना है, उनके लिए अभी समय है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची से नाम घटाने और संशोधन कराने की कार्यवाही आचार संहिता लगने से पहले तक की जाएगी। अधिसूचना लगने के बाद नाम घटाने, संशोधन के लिए आने वाले फार्म स्वीकार नहीं होंगे। चुनाव के बाद शामिल किया जा सकेगा। नामांकन होने वाली तिथि तक वोटर लिस्ट में मतदाता बनने के लिए नाम शामिल किए जा सकते हैं।

### बीएलओ क्षेत्र में मतदाता सूची लेकर पहुंचेंगे

निर्वाचन आयोग के आदेश पर सभी बीएलओ क्षेत्र में मतदाता सूची लेकर पहुंचेंगे। कुछ संभ्रांत लोगों को एकत्रित कर उनके सामने गांव, मोहल्ले की वोटर लिस्ट को पढ़ेंगे। इस दौरान अगर किसी के नाम घटने, बढ़ने हैं तो फार्म भर सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। शनिवार को भी यह प्रक्रिया चलती रही। काफी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची में नाम घटाने, बढ़ाने के लिए फार्म 6,7,8 भरे।

### क्षेत्र में जाकर दिव्यांग मतदाताओं का करें सत्यापन : डीएम

शनिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार जसौली स्थित कंपोजिट विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यालय में मौजूद बीएलओ से दिव्यांग मतदाताओं के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिए कि दिव्यांग मतदाताओं का सत्यापन क्षेत्र में जाकर करें। उन्होंने स्मार्ट क्लास की व्यवस्थाओं को भी परखा।

## दावत में खाने से दो बच्चों समेत 4 की हालत बिगड़ी

**आंवला, अमृत विचार :** विवाह समारोह में खाना खाने से दो बच्चों समेत चार लोगों की हालत बिगड़ गई। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मनौना गांव निवासी मुकेश बाबू ने बताया कि वह शुक्रवार शाम भांजी की शादी के कार्यक्रम में बदायूं गए थे। उनके बच्चे भी उसके साथ गए थे। खाना खाने के बाद उनके बेटे सनी, बेटी अंशिका, चाचा महेंद्र पाल, कसूमरा गांव निवासी सुनीता की हालत बिगड़ गई। वह बदायूं से गांव पहुंचे तो सनी और अंशिका की हालत गंभीर हो गई। वह दोनों बच्चों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ. इंतजार हुसैन ने बताया कि खाना खाने के बाद हालत बिगड़ने की बात बताई है। फूड प्वाइजनिंग के लक्षण प्रतीत नहीं हो रहे हैं। जिला अस्पताल में दोनों बच्चों को इलाज जारी है।

## पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए पार्किंग की व्यवस्था करें

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। डीएम रविंद्र कुमार ने शनिवार को परसाखेड़ा स्थित पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आसपास जमीन देखने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए पार्किंग नए नक्शे पर बनाई जाए। जमीन के हिसाब से तय कर लें कि कहां पर कितनी गाड़ियां खड़ी हो सकती हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को जल्द से जल्द सुधारने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी ट्रैफिक शिवराज, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता नारायण सिंह, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## अधिकारियों ने स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को डीएम रविन्द्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने परसाखेड़ा में स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इसके अलावा पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित लोगों को निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम एफआर संतोष बहादुर सिंह, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी ट्रैफिक शिवराज, एआरटीओ, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे।

## भूलेख पोर्टल के भूमि बंधक डैशबोर्ड पर आवेदन लंबित

- आवेदनों के निस्तारण के लिए राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव ने लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** भूलेख पोर्टल के भूमि बंधक डैशबोर्ड पर बैंकों की ओर से आने वाले जमीन बंधक, बंधक मुक्त के ऑनलाइन आवेदनों का निस्तारण समय से निस्तारण नहीं होने को शासन ने गंभीरता से लिया है। आयुक्त एवं सचिव एसवी एस गंगाराव ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

आयुक्त एवं सचिव के पत्र में कहा गया है कि 21 फरवरी को की गई समीक्षा में पाया गया कि भूमि बंधक के लिए तहसीलदार, तहसील कार्यालय, निबंधन विभाग के स्तर पर हजारों की संख्या में आवेदन लंबित पड़े हैं। इनकी नियमित समीक्षा नहीं की जा रही है। आदेश दिए हैं कि भूलेख पोर्टल पर आवेदनों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शत प्रतिशत निस्तारण किया जाए। भूलेख निरीक्षक चंद्रप्रकाश के अनुसार कुछ दिन पहले तक पोर्टल पर आवेदन लंबित नहीं थे। यदि लंबित हैं देखकर जल्द निस्तारण कराया जाएगा।

## बकाया होने पर दो सौ से अधिक कनेक्शन काटे

सिविल लाइंस में कनेक्शन काटती टीम।

**बरेली, अमृत विचार:** शहर में अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद के निर्देश पर शनिवार को दस हजार रुपये से अधिक बिजली बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान दो सौ से अधिक कनेक्शन काटकर करीब 35 लाख रुपये की वसूली की गई। शहरी क्षेत्र के प्रथम डिवीजन के सुभाषनगर, मढीनाथ, शांति बिहार और गणेशनगर में अभियान चलाकर 55 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इसी तरह द्वितीय डिवीजन के किला, स्वालेनगर, बाकरगंज और अन्य जगह पर 57, तृतीय डिवीजन के दुर्गानगर, शाहदाना, बानखाना में अभियान चलाकर 70 और चतुर्थ डिवीजन के जगतपुर, पुराना शहर, महानगर और हरुनगला में 65 कनेक्शन काटे गए।

# दीवारें गंदी करने वालों पर लगेगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

शहामतगंज पुल के पिलर पर चिपके पोस्टर और नीचे पड़ा कूड़ा।

- शहामतगंज पुल के नीचे पिलर पर चिपके हैं पोस्टर

**अमृत विचार :** नगर निगम सरकारी दीवारों, पुलों के पिलर आदि पर पोस्टर लगाने, थूकने और अन्य तरीके से गंदा करने वालों पर जुर्माना लगाएगा। निगम ने जुर्माने लगाने की आपत्ति के लिए 15 दिन का समय दिया है लेकिन अभी तक किसी ने अपनी आपत्ति दर्ज नहीं कराई है।

शहामतगंज पुल के नीचे अतिक्रमण के साथ पिलर पर पोस्टर लगे हुए हैं। पान मसाला और गुटखे की पीक से दीवारें रंगी हुई हैं। इसी तरह कुतुबखाना पुल के नीचे भी पोस्टर लगने शुरू हो गए हैं। चार दिन पहले नगर निगम ने कई मदों से शुल्क लेने और जुर्माना लगाने की सूची प्रकाशित की थी। सूची के तहत गंदगी और अतिक्रमण करने के जितने जुर्माने लगाने का प्रावधान किया गया है उनमें से ज्यादातर शहामतगंज पुल के नीचे की जगह हैं। पुल के नीचे नगर निगम ने नाइट मार्केट लगाने की योजना तैयार की थी। सुंदरता के लिए पिलर पर टाइल्स लगाए गए और लाइटें और दीवारों पर चित्रकारी की गई थी, लेकिन अब जगह-जगह गंदगी हो रखी है। पुल के सभी पिलर्स पर राजनीतिक, व्यापारिक, धार्मिक, शैक्षणिक, चिकित्सीय सभी तरह के पोस्टर चिपके हैं। इसके अलावा दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण कर लिया है। शहामतगंज पुल के नीचे दीवारें गंदी करने उन्हें प्रचार के लिए प्रयोग करने पर पांच हजार रुपये, अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों से दो हजार और पान मसाला खाकर सड़क पर थूकने पर 250 रुपये प्रति दिन जुर्माना तय किया गया है।

# दो महीने से तालाब में सड़ रहे हैं कई गायों के शव बरेली से लखनऊ तक कोई सुनने को तैयार नहीं

## जनवरी में खेतों से खदेड़ी गईं पांच से ज्यादा गायों की जलकुंभी से भरे तालाब में फंसकर हो गई थी मौत

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार:** फरीदपुर के गांव पऊ नगला में खेतों से खदेड़ी गईं कई गायें आबादी के बीच जलकुंभी से भरे तालाब में फंसकर मर गईं। जनवरी से इन गायों के शव तालाब में पड़े सड़ रहे हैं। भीषण दुर्गंध और गर्मी बढ़ने के साथ संक्रामक रोग फैलने की आशंका से परेशान गांव वालों का कहना है कि वे बरेली से लेकर लखनऊ तक तमाम शिकायतें कर चुके हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। शनिवार को लोगों ने तालाब के पास जाकर विरोध भी जताया।

कुछ दिन से आबादी से घिरे तालाब में गोवंशीय पशुओं के सड़ने से तेज बदबू आ रही है। इससे ग्रामीणों का सांस लेना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों ने कई बार तालाब की सफाई कराने के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076) पर कॉल करने के साथ प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शनिवार सुबह ज्यादा दुर्गंध आने पर तमाम महिलाएं तालाब के पास एकत्र हो गईं और सरकारी व्यवस्था के विरुद्ध आक्रोश जताया। खंड विकास कार्यालय भुता स्थित नरेगा में कार्यरत एक कर्मचारी ने ग्राम प्रधान से लेकर सचिव और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक समस्या हल न होने पर अमृत विचार को गंभीर मामले से अवगत कराया है। कर्मचारी का कहना है कि कई दिनों से तालाब से आने वाली बदबू ने ग्रामीणों को रहना मुश्किल कर दिया है। साल 2010 में बसपा सरकार में इस तालाब की खुदाई हुई थी। पूरे गांव का गंदा पानी भी इसी तालाब में पहुंचता है। गहरे तालाब में जलकुंभी इतनी हो गयी है कि जानवर फंस जाए तो निकलना मुश्किल है।

फरीदपुर के ग्राम पऊ नगला के तालाब में फंसकर गायों की मौत, बदबू से परेशान महिलाएं आक्रोश जताते हुए। ● अमृत विचार

- **सड़ते शवों की दुर्गंध से पूरे गांव का बुरा हाल, अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं**
- **वर्षों से फरीदपुर के ग्राम पऊनगला में जलकुंभी से घिरे तालाब की नहीं हुई सफाई**

### गेहूं की फसल खाने गए गोवंश लोगों ने दौड़ा दिए थे

ग्राम प्रधान सुखवंत सिंह की बागडोर संभालने वाले उनके भाई मुख्त्यार का कहना है कि तालाब के आसपास गेहूं की फसल खड़ी है। गोवंशीय पशु गेहूं की फसल खाने को जाते हैं तो गांव के लोग उनकी जान की फिक्र किए बगैर उन्हें दौड़ाया, जिस वजह से पशु गहरे तालाब में जाकर फंस गए और निकल नहीं सके। इससे उनकी मौत हो गई, जिन लोगों ने गायों को दौड़कर तालाब में किया था, यदि वह लोग बता देते तो शायद उनकी जान बच जाती। अब उनके शव पानी में सड़ गल गए और उतराने लगे, उसी से बदबू आ रही है। पुआल मंगाकर मोटा कर ढक दिया है। गोवंशीय पशुओं के शव बुरी तरह से गल गए हैं। उन्होंने अधिकारियों के लिए तालाब की जेसीबी से सफाई के लिए परमिशन लेने के लिए कागजी कार्रवाई कर दी है। कहा कि अब तक वह 31 गायों को दफना चुके हैं और चार गायों को आईवीआरआई भेज चुके हैं। तालाब काफी पुराना और गहरा है। तालाब में बेल की बेल बहुत लंबी-लंबी और घनी झाड़ियां हैं।

### लोग पड़ने लगे बीमार संक्रमण फैलने की आशंका

जनवरी में डूबकर मरी गायों में से तीन के शव तालाब के ऊपर दिख रहे हैं। कौवे मांस नोच रहे हैं और कुत्ते भी पहुंच रहे हैं। नाराज लोगों का कहना है कि लोग बीमार पड़ने लगे हैं। यदि अभी भी सफाई नहीं हुई तो संक्रमण फैलने से हालात और ज्यादा खराब हो जाएंगे। तालाब में आए दिन ग्रामीणों के पालतू पशु भी गिरते रहते हैं, जिन्हें बड़ी मुश्किल से निकाला जाता है।

### बीडीओ और वीडीओ ने मामले में दी सफाई

बस्ती में पानी के मोटर और सबमर्सिबल घर-घर होने की वजह से लोग बेवजह पानी बहुत बर्बाद करते हैं। सारा पानी तालाब में जाता है। तालाब गहरा भी है। गांव जाकर प्रधान और गांव के लोगों के साथ बैठकर तालाब की सफाई के लिए कोई रास्ता निकालेंगे और साफ कराएंगे।

– **आदेश यादव**, ग्राम विकास अधिकारी पाऊनगला

पांच महीने पहले गांव के लोगों ने कुछ गोवंशीय पशु दौड़ा दिये जो तालाब में जाकर फंस गए। अब शव ऊपर आए हैं। तालाब गहरा और खरपतवार से भरा हुआ है। बीच बस्ती में है समस्या बड़ी है फिर भी समस्या का समाधान करने में टीम के साथ लगा हूं।

–**विनय शंकर मनी**, खंड विकास अधिकारी भुता

मामले की जानकारी नहीं है वीडियो से बात कर मामले को जल्द दिखाते हैं।

**निधि डोडवाल**, उप जिलाधिकारी फरीदपुर

### कई बार पालतू जानवर भी फंस चुके तालाब में

यहां ये तीसरी बार है जब गोवंशीय पशु तालाब में ऊपर आए हैं और बदबू से यहां रुकना मुश्किल होता है। हमारा घर तालाब के पास ही है, जिससे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
– **सर्वेश कुमार**

ग्रामीणों के पालतू पशु तालाब में चले जाते हैं। पिछले सप्ताह हमारी भैंस भी तालाब में गिर गई थी, जिससे काफी मशक्कत के बाद निकालना संभव हुआ। यदि सफाई नहीं हुई तो कोई भी हादसा हो सकता है।
– **संघ प्रिय गौतम**

कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ है। इस तालाब की सफाई 13 साल पहले हुई थी, उसके बाद कोई काम नहीं किया गया। अधिकारियों को इसकी सुध लेनी चाहिए। – **ममता सिंह**

# कुलपति का एक और पत्र वेतन निर्धारण न करना शिक्षकों का है उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति और कुलसचिव के बीच विवाद लंबा रूप ले सकता है। अब शिक्षकों की प्रोन्नति के बाद भी वेतन निर्धारण न करने के आरोप कुलसचिव अजय कृष्ण यादव पर लगे हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कुलसचिव को पत्र लिखकर इसे जानबूझकर शिक्षकों का उत्पीड़न करने, घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता माना है और कहा है क्यों न इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। इस पत्र की कॉपी राजभवन और शासन को भेजी गई है।

कुलपति ने 6 मार्च को कुलसचिव को पत्र लिखा कि उन्होंने 9 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर के कई विभागों के नौ शिक्षकों डॉ. योगराज सिंह, डॉ. सौरभ मिश्र, डॉ. मदन लाल, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार मौर्य, डॉ. आशीष कुमार जैन, डॉ. यतेंद्र कुमार, डॉ. संजीव सिंह और डॉ. अनिल कुमार सिंह के वेतन निर्धारण कराने के लिए निर्देश दिए थे। कुलसचिव के पदभार ग्रहण करने के आठ महीने बाद भी शिक्षकों की प्रोन्नति के बाद भी वेतन निर्धारण अब तक नहीं किया गया है। शिक्षकों की लगन, मेहनत और निष्ठा के कारण ही विश्वविद्यालय नेक में डबल प्लस ग्रेड प्राप्त कर ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। आपके गैर जिम्मेदाराना भरे आचरण, लापरवाही और हीलाहवाली से विश्वविद्यालय का माहौल खराब होता है। अभी तक शिक्षकों का वेतन निर्धारण न कराया जाना, कर्तव्यों के प्रति शिथिलता, घोर लापरवाही और जानबूझकर कार्य को लम्बित रखना अनुशासनहीनता का द्योतक है।

कुलपति ने 9 जनवरी को पत्र लिखा था, जिसमें नौ शिक्षकों के वेतन निर्धारण की कार्यवाही पूर्व कुलसचिव ने 9 जून, 20 जून, 27 जून और 14 जुलाई 2023 को कर दी गई थी। तत्कालीन कुलसचिव के स्थानांतरण के बाद सभी पत्रावलियां आपके कार्यालय में पड़ी हैं। इस संबंध में शिक्षक संघ और शिक्षकों ने घेराव भी किया था लेकिन सात महीने बाद भी वेतन निर्धारण नहीं किया गया, जिस कारण शिक्षकों को मानसिक परेशानी हो रही है। इसाकी वजह से विश्वविद्यालय का महौल खराब हो रहा है।

- **कुलसचिव पर कर्तव्यों के प्रति शिथिलता और अनुशासनहीनता का लगाया आरोप**

जो भी आदेश दिए हैं, वह शासन के निर्देशों का पालन कराने के लिए दिए हैं। सभी आदेश सही हैं। वहीं शिक्षकों की फाइल वित्त अधिकारी के पास है। उनका इससे कोई लेनादेना नहीं है।

– **अजय कृष्ण यादव**, कुलसचिव, रुविवि

## एक नजर

### मौलाना तौकीर के घर अभी तक समन चिपका नहीं पाई पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** साल 2010 के दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त करार दिए गए मौलाना तौकीर रजा खां के घर पर पुलिस अभी तक अदालत का समन चिपका नहीं पाई है। पुलिस ने शनिवार को जुलूसों की वजह से समन नहीं चिपका पाने की बात कही। अदालत ने तौकीर को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया है। पुलिस इससे पहले बुधवार और फिर बृहस्पतिवार को समन तामील कराने पहुंची थी, लेकिन दोनों बार उसे खाली हाथ लौटना पड़ा था। इसके बाद शुक्रवार को समन चिपकाने की बात कही गई थी लेकिन शिवरात्रि की वजह से टाल दिया गया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि रविवार को पुलिस समन उनके घर पर चिपका कर उनके परिजनों को इसकी सूचना देगी। तौकीर रजा के घरवालों ने उन्हें दिल्ली में होना बताया है।

### ठेकेदार ने दुकानदार से दो लाख रुपये ठग लिए

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के एक ठेकेदार ने दुकानदार के दो लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उत्सव फेस-एक महानगर निवासी दुकानदार घनश्याम सिंह ने जोगी नवादा निवासी समर अली पर ठगी करने का आरोप लगाया है।

# बिना सुरक्षा किट के सफाई को नालों में उतारे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिकलापुर में नगर निगम नाले और सीवर की सफाई करा रहा है लेकिन बिना सुरक्षा किट के कर्मचारियों को नालों में उतारा जा रहा है। दो साल पहले सेटेलाइट के पास सफाई में इसी तरह काम कराने से एक संविदा कर्मी की मृत्यु हो गई थी, इसके बावजूद अधिकारी नहीं चेते हैं।

सिकलापुर में नालों की कई साल से सफाई नहीं कराई गई है। इससे यहां काफी सिल्ट जमा है। इस वजह से वार्ड में पानी भर रहा है। इसकी वजह से गंदगी हो रही है। जलभराव का कारण नाले पर अतिक्रमण बताया जा रहा है। अब इसकी सफाई नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन ठेकेदार से कराई जा रही है। आरोप है कि कर्मचारियों को बिना सुरक्षा किट के कार्य में उतारा गया है। पार्षद जयप्रकाश राजपूत का कहना है कि नगर निगम ने एक हादसे से सबक नहीं लिया है। उसे नालों की सफाई में कर्मचारियों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराना चाहिए।

बिना सुरक्षा किट के सफाई करते कर्मी।

- **सिकलापुर में नालों की सफाई करा रहा निगम, अतिक्रमण से नाला हो गया है संकरा**

# स्कूल के अध्यापक ने छात्रा को भेजा अश्लील मेसेज

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार:** बिथरी चैनपुर में डोहरा रोड के एक नामी स्कूल के शिक्षक पर छात्रा ने परेशान करने का आरोप लगाया है। शनिवार को छात्रा के परिजनों ने स्कूल में जाकर हंगामा किया और शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। प्रबंधन के समझाने पर परिजन शांत हुए और शिकायती पत्र नहीं दिया।

आरोप है कि शिक्षक ने छात्रा से कहा कि वह उसे पसंद करता है, जब छात्रा ने मना किया तो वह नाराज हो गया और अश्लील मेसेज भेजने लगा। वह छात्रा को स्कूल आते-जाते परेशान करता है। वह स्कूल के बाहर मिलने का दबाव बनाने लगा। शनिवार सुबह छात्रा के फोन में अध्यापक के मेसेज देखने के बाद छात्रा के परिजनों को इसकी जानकारी हुई। परिजनों ने स्कूल जाकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी के फर्जी पत्र से किया लाखों का घोटाला, अब खुला खेल

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

**अमृत विचार :** सीबीगंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी का फर्जी पत्र बैंक को भेजकर निष्क्रिय खातों में वृद्धावस्था पेंशन की रकम भिजवाकर हड़प ली गई। बैंक ऑफ बड़ौदा की परसाखेड़ा शाखा प्रबंधक आदित्य अग्रवाल की शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर के गांधीनगर निवासी आदित्य अग्रवाल ने बताया कि वह परसाखेड़ा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में शाखा प्रबंधक हैं। बैंक में साल 2022 से करीब 14 खाते निष्क्रिय थे। उनकी शाखा को स्पीड पोस्ट के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से एक पत्र प्राप्त हुआ था। इस पत्र में निर्देशित किया गया था कि बैंक में निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर उनमें वृद्धावस्था पेंशन हस्तांतरित कर दी जाए। इसके बाद इन खातों को सक्रिय कर उनमें वृद्धावस्था पेंशन के छह लाख रुपये भेज दिए गए। उन्होंने बताया कि यह पत्र सभी बैंकों को भेजा गया था।

- **बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक की शिकायत पर 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**
- **स्पीड पोस्ट से भेजा था पत्र भरोसा करके आरोपियों के खाते में भेज दी धनराशि**

मामला संज्ञान में नहीं है। मामले की जानकारी करता हूं। टीम गठित कर प्रकरण की जांच कराई जाएगी, जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

– **जगप्रवेश**, सीडीओ

### धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड है यासीन

विभागीय जांच कराने पर पता चला कि किसी यासीन नाम व्यक्ति ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से फर्जी पत्र तैयार कर सभी बैंकों को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज दिया। इस प्रकरण में अभी भी जांच जारी है। पता किया जा रहा है कि किन-किन बैंकों में इस तरह का घोटाला किया गया है। अग्रणी बैंक के प्रबंधक ने सभी बैंकों से जानकारी मांगी है। शाखा प्रबंधक की शिकायत पर जावित्री देवी, इतवारी हुसैन, चुन्नी देवी, कल्लन शाह, गंगा देवी, मुस्तरी, मिड़िया, देविका, रामकली, रसीतन, अशमिलन, हमीदन, नन्ही, मो. यासीन, इसरायल के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताया जाता है कि पूरे जिले में लाखों रुपये अपात्रों के खाते में चले गए हैं।

### ऐसे सामने आया घोटाला

आदित्य अग्रवाल ने बताया कि अग्रणी बैंक के प्रबंधक की ओर से उन्हें 24 मार्च 2023 को पत्र मिला तो वह अन्य बैंकों के कर्मचारियों के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी के पास पहुंचे तो पता चला कि यह पत्र सभी बैंकों को भेजा गया था। इस पर उन्होंने सभी खाता धारकों को नोटिस जारी कर बैंक में रुपये जमा करने के निर्देश दिए, लेकिन 17 दिसंबर तक किसी ने खाते में रुपये वापस नहीं किए। तब उन्होंने आरोपियों के खिलाफ एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर सीबीगंज पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बस अड्डे पर जाम लगने के बाद भिड़े रोडवेज चालक

**बरेली, अमृत विचार :** पुराने बस अड्डे पर जाम लगने के बाद दो रोडवेज बसों के ड्राइवर आपस में ही भिड़ गए।

पुराने बस अड्डे पर हर समय जाम लगने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शनिवार की दोपहर बस अड्डे से दिल्ली गेट पर दो बसें निकलीं। एक बस में सड़क पर रोककर सवारियां भरी जाने लगीं। इस पर पीछे वाली बस के ड्राइवर ने बस को आगे बढ़ाने को कहा तो दोनों में विवाद हो गया। उसके बाद अन्य चालकों ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। आरोप है कि पुराने बस अड्डे पर तैनात किए गए गार्ड बस का नंबर लगाने को लेकर रोडवेज बसों के चालकों से पैसे लेते हैं। वहीं अवकाश के दिन अधिकारियों के नहीं होने पर रोडवेज के चालक भी अपनी मनमर्जी दिखाते हैं।

# पहले रोजगार के लिए लगाने दीं दुकानें, अब बता रहे अवैध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट के पास पिंक जोन में आवंटित दुकानें हटाने का स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विरोध किया और नगर निगम और डूडा के अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए।

महिलाओं का आरोप है कि जब निगम की अस्थाई दुकानें वैध बताकर छोड़ी गईं तो उनकी दुकानें अवैध कैसे हो गईं, जबकि एक साल पहले नगर निगम और डूडा की तरफ से उनको दुकानें आवंटित कर रोजगार करने के लिए दी गई थीं। शुरू में नगर निगम की ओर से ही टेंट आदि की व्यवस्था की गई, जिसके बदले में प्रतिदिन शुल्क वसूला जाता रहा। कुछ समय बाद डूडा की सहमति पर टीन के खोखे बनाकर काम करने की अनुमति दे दी गई। आरोप लगाया कि पिछले साल अधिकारी भी दुकानों पर आए थे लेकिन तब कोई हस्तक्षेप नहीं किया था। इस पर उन्होंने कारोबार बढ़ा लिया।

बैंक से कर्ज लेकर किसी ने चाय बिस्कुट की दुकान तो कोई रेडिमेड कपड़ों की दुकान लगाने लगा। इधर निगम के अधिकारियों के मुताबिक कुछ महिलाओं ने पिंक जोन में अवैध दुकानें लगा लीं। केवल उनको ही हटवाया गया है। वहीं नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि 23 दुकानें सही हैं। पांच अवैध दुकानों को ही हटाया गया है।

- **पिंक जोन में अस्थाई दुकानें हटाने पर महिलाओं ने लगाए अफसरों पर आरोप**
- **एक साल पहले नगर निगम और डूडा की ओर से दुकानें आवंटित की गई थीं**

टीन की अस्थाई दुकानें हटाते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### डीएम के यहां शिकायत पर बिफर पड़े अफसर

महिलाओं ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को वह पूरे मामले की शिकायत करने जिलाधिकारी कार्यालय गए। यहां जिलाधिकारी के नहीं मिलने पर उनके कार्यालय से नगर निगम को फोन कर समस्या सुनने के लिए कहा गया। इसके बाद जब नगर निगम पहुंचे तो वहां अतिक्रमण प्रभारी ने कहा कि शिकायत की तो इसका अंजाम भी भुगतान पड़ेगा। इसके अगले ही दिन नगर निगम की टीम ने दुकानें हटवा दी। महिला स्वयं सहायता समूह की पदाधिकारियों के मुताबिक शनिवार को फिर से डूडा दफ्तर पहुंचे, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। कहा गया कि उनका महिलाओं की ओर से पिंक जोन में लगाई दुकानों से कोई मतलब नहीं, सिर्फ नगर निगम वाले जाने।

अधिकारियों ने बेवकूफ बनाया है। एक साल पहले पिंक जोन में डूडा और नगर निगम की ओर से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को दुकानें आवंटित की गईं थीं। दुकान में टीन शेड आदि डालने पर करीब 80 हजार रुपये खर्च किए। दुकानें हटाकर हमारे साथ अन्याय किया गया। –**मीना**

झूठा दिलासा देकर दुकानें आवंटित की गई। कहा गया था पैसा लगाकर काम शुरू करो और घर परिवार का पालन पोषण करो। डूडा के अधिकारियों से सहमति मिलने पर ही टीन की दुकान बनाई थी। अब डूडा के अफसर पूरी तरह से चुप्पी साधे हैं। टीन शेड बनवाने में करीब 60 हजार रुपये खर्च हुए थे। –**ममता**

पिंक जोन में नगर निगम की दुकानें भी हैं। उनको वैध बताया जा रहा है, जबकि इनके साथ ही हमने काम शुरू किया था। दस फीसदी ब्याज पर लोन लेकर कुछ महीने पहले ही कपड़ा का काम शुरू किया था। शुक्रवार को दुकान पर लगा बैनर निगम की टीम उतार ले गई थी। –**सलमा परवीन**

# व्यापारी ने फर्म के हड़पे लाखों रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर में एक व्यापारी पर दूसरे व्यापारी ने 4.18 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपी और उसकी पत्नी ने व्यापारी की पत्नी और बेटे को जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शक्तिनगर निवासी नम्रता अग्रवाल ने बताया कि उनकी और उनके पति की श्रीगणेश एक्सपर्ट लैब नाम से फर्म है। फर्म नमकीन और बिस्कुट का कार्य करती है। उनके पड़ोस में रहने वाले नरेन्द्र मिश्रा, उसकी पत्नी ऊषा मिश्रा और बेटा सोनू मिश्रा ने साझेदारी में व्यापार करने का झांसा दिया। भरोसा करके उन्होंने आरोपी की फर्म कात्यानी को 6.18 लाख रुपये का सामान दे दिया, लेकिन सामान बेचकर उनके रुपये वापस नहीं किए। मांगने पर तीनों झगड़ा करने लगे। इसके बाद अशरफ खां चौकी में आरोपी ने लिखित समझौता किया, जिसमें 40 हजार रुपये प्रतिमाह देने की बात कही। मुश्किल से आरोपियों ने उन्हें 1.98 लाख रुपये कई बार में दिए लेकिन 4.18 लाख रुपये की धनराशि नहीं दी। जब रुपये मांगे तो नरेन्द्र, ऊषा और सोनू घर में घुस आए और मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी।

### कुतुबखाना में लगा भीषण जाम

होली के चलते शहर में सड़क किनारे अस्थाई दुकानें सज गई हैं। ग्राहक भी पहुंचने शुरू हो गए हैं। इस वजह से जिला अस्पताल रोड, कुतुबखाखा, बड़ा बाजार, जिला पंचायत रोड पर सुबह से लेकर शाम तक जाम के हालत बने रहे। इससे लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

# छात्रावास में बवाल में तीन नामजद समेत 30 पर रिपोर्ट

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास में गुरुवार को हुआ था बवाल

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास में गुरुवार को मारपीट और बवाल में तीन नामजद छात्रों समेत 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वार्डन प्रो. त्रिलोचन शर्मा ने छात्रों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मारपीट करने वाले छात्रों इस प्रकरण में वार्डन प्रोफेसर त्रिलोचन शर्मा की ओर से थाना बारादरी में तीन नामजद समेत 25-30 आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्रो. त्रिलोचन शर्मा की शिकायत के मुताबिक सात मार्च को दिन में साढ़े तीन बजे के करीब बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र हिमांशु और उसके साथी अमन, लिटिल समेत 25-30 लोगों ने धारदार हथियार, लाठी डंडों से छात्रावास पर आकर छात्रों के साथ गालीगलौज की और विरोध करने पर हमला कर दिया। इनमें बाहरी लोग भी थे। हमले में मनोज कुमार वशिष्ठ, महेश शुक्ला और आकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी हिमांशु, अमन और लिटिल के अलावा 25-30 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### वार्डन ने सौंपी रिपोर्ट, अनुशासन समिति करेगी जांच

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास में छात्रों में मारपीट मामले में वार्डन प्रो. त्रिलोचन शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्डन ने छात्रों के बयान के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर कुलपति प्रो. केपी सिंह को सौंप दी है। अब मामला अनुशासन समिति के पास जाएगा। इसके बाद मारपीट करने वाले छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रावास के बाहर पीआरवी खड़ी करने की मांग

मारपीट की घटना के बाद चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह ने पुलिस से यूपी 112 की पीआरवी छात्रावास के बाहर खड़ी करने के लिए कहा है।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# शहर में जाम से निजात दिलाने के लिए बनाए पुल, मगर गुजरना नहीं आसान

## हार्टमन और कुदेशिया पुल पर बार-बार गड्ढे होने से आवाजाही में हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जाम की समस्या के समाधान के लिए शहर में पुलों का जाल बिछा दिया गया है। जो पुल बन चुके हैं, उनमें चलना किसी खतरे से कम नहीं है। कुदेशिया और हार्टमन पुल पर कई बार सड़क आदि की मरम्मत की गई लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। कहीं पुल की सड़क खराब है तो कहीं पैचवर्क उखड़ गया गया।

- **कहीं सड़क खराब है तो कहीं एक्सपेंशन ज्वाइंट दे रहे झटका**

हार्टमन पुल वर्ष 2013 में बनाया गया। यह शहर का एकमात्र आरसीसी सतह वाला पुल है लेकिन कई बार सतह उखड़ चुकी है। हर बार सीमेंट डालकर मरम्मत करा दी जाती है। कुछ महीने पहले ही सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे भरे गए लेकिन सड़क ऊबड़-खाबड़ होने से तेज गति से आ रहे वाहन कई बार अनियंत्रित हो जाते हैं। साल 2012 में बने कुदेशिया पुल की हालत भी काफी खराब है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ महीने पहले ही पुल पर दिख रही सरियों के ऊपर रोड बिछाकर मरम्मत की गई थी लेकिन अब यह फिर जगह-जगह से उधड़ रही है।

हार्टमन पुल पर गहरे गड्ढे बन रहे हैं हादसे का सबब। ● अमृत विचार

लालफाटक पुल पर गंदगी।

कुदेशिया पुल पर भी हैं जगह जगह गड्ढे।

### लालफाटक पुलः सफाई न सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

95 करोड़ रुपये की लागत से बने लालफाटक पुल पर बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी भरा रहता है। कई जगह घास उग गई है। पुल पर सफाई व्यवस्था को लेकर किसी तरह का प्रबंध नहीं किया है। पुल पर बनाए फुटपाथ के किनारे गंदगी रहती है। इससे लोगों को दिक्कत होती है।

### एक्सपेंशन ज्वाइंट दे रहे लोगों को दर्द

कुदेशिया पुल पर दो पार्ट्स को जोड़ने के लिए बनाए गए एक्सपेंशन भी कई जगह अलग दिखने लगे हैं। पिछले साल ही लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने इसे ठीक कराया था, लेकिन हालात आज भी जस के तस हैं। पुल से एंबुलेंस आदि को निकलने पर झटका लगता है। पुल की बाउंड्री इतनी छोटी बना दी गई इससे कभी भी हादसे का डर बना रहता है।

### कई बार लोग गिरकर हो चुके हैं घायल

कुदेशिया पुल पर आए दिन सरिया दिखने लगती हैं। इससे कई बार लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। पिछले दिनों सड़क ठीक कराई गई थी अब फिर से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं।
– **दिव्यप्रकाश**, सिद्धार्थनगर

कुदेशिया पुल पर कई बार मरम्मत हो चुकी है। आए दिन सरिया दिखने लगती हैं। बांउड्री कुछ महीने पहले सरिया ढक दी गई, लेकिन गड्ढे फिर से हो गए। बाउंड्री भी नीची बनाई गई है। –**विनोद, कुदेशिया फाटक**

हार्टमन पुल बनने के बाद कई बार-बार इसकी सतह उखड़ चुकी है। शिकायत पर हर बार ठेकेदार वहां सीमेंट डालकर खानापूरी कर देता है। –**लविश अरोरा, राहगीर**

पिछले साल ही हार्टमन पुल की सड़क पर काम हुआ था। कई जगह ऊबड़-खाबड़ तरीके से निर्माण सामग्री डाली गई है। जिसकी वजह से हादसे की आशंका बनी है।
– **महावीर**, दुकानदार हार्टमन रोड

# महिला ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मुरादाबाद की महिला ने युवक पर धर्म छिपाने का भी आरोप लगाया**

**अमृत विचार :** नबावगंज के एक युवक ने धर्म छिपाकर तलाकशुदा महिला से दोस्ती की और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना नवाबगंज में की है। महिला ने पुलिस से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

नबावगंज पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि वह मुरादाबाद जिले की रहने वाली है। फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती नवाबगंज में जामा मस्जिद के पास रहने वाले युवक से हो गई। उसने स्वयं को हिंदू और अपना नाम अजय बताया। आरोपी ने खुद को अविवाहित भी बताया। दिसंबर 2023 में आरोपी ने उसे बरखन रोड स्थित एक होटल में बुलाया। वहां पर गुमराह करके शारीरिक संबंध बनाए और उसे पीलीभीत ले गया। वहां किराये के कमरे में रखा और दुष्कर्म किया। पीड़िता के एक लाख रुपये व मोबाइल भी ले लिया। आरोपी ने नबावगंज के एक राइस मिल में बंधक बना लिया। महिला ने बताया कि वहां पर आरोपी उसके बच्चे को पीने के लिए दूध और उसे खाने के लिए खाना दे देते थे। आरोपी एक एक दिन में में कई लोगों से दुष्कर्म कराता था। पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर थाना नवाबगंज पहुंची और शिकायती पत्र दिया। घटना की जानकारी के बाद हिमांशु पटेल ने एक्स पर पोस्ट करके पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है।

# तीन लोगों ने घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी, विरोध पर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** शाही क्षेत्र में एक महिला ने तीन लोगों पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। महिला ने शनिवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की।

आरोप है कि 6 मार्च को गांव के ही तीन लोग घर में जबरन घुस गए और शराब पीने के लिए गिलास मांगा। विरोध पर आरोपियों ने छेड़खानी की और उनके कपड़े फाड़ दिए। शोर-शराबा पर बचाने आए पति के साथ मारपीट की। लोगों की भीड़ आती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## बंद क्रासिंग पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सीबीगंज, अमृत विचार :** बंद रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। इससे ट्रेन करीब आधे घंटे ट्रैक पर ही खड़ी रही। उसके बाद आरपीएफ मौके पर पहुंची और ट्रेन को रवाना किया गया। मृतक की शिनाख्त आसिफ निवासी सरनिया सीबीगंज के रूप में हुई। शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे सीबीगंज की पस्तोर रेलवे क्रॉसिंग बंद थी। इस दौरान आनंद विहार दिल्ली से बरेली की तरफ सप्तक्रांति सुपरफास्ट आ रही थी। बंद फाटक के नीचे से युवक निकल रहा था, जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक का शव ट्रेन के पहियों में फंस गया, जिसके चलते आनन-फानन में लोको पायलट ने ट्रेन को ब्रेक लगाकर रोका। आरपीएफ ने शव ट्रेन के पहियों से बाहर निकाला, जिसके बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया। इसकी वजह से 29601 उदयपुर न्यू जलपाई गुड़ी समेत कई अन्य ट्रेनों और मालगाड़ी का आवागमन बाधित हुआ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत : बैंक ऋण के 981 वाद निस्तारित, सात करोड़ से ज्यादा की वसूली

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई।

जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार और अपर जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार यादव ने दीप जलाकर अदालत का आरंभ किया। न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों ने लंबित वादों का निस्तारण कराया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि 2 लाख 79 हजार 358 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायालय ने 6862, प्रशासनिक अधिकारियों ने 43448, परिवहन विभाग ने 1206, मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण ने 251 वाद निस्तारित कराए।

जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

वाणिज्यिक न्यायालय ने 17 वादों का निस्तारण समझौते के आधार पर कराया। सत्र न्यायालयों के 388, सिविल प्रकृति के 2,127, पारिवारिक मामलों के 103, फौजदारी के 4,347 वादों का निस्तारण आपसी सुलह के आधार पर हुआ। 9,797 ई-चालान भी निस्तारित किए गए। सचिव ने बताया कि विभिन्न बैंकों ने ऋण से संबंधित 981 वाद निस्तारण किए। 7 करोड़ 97 लाख 80 हजार 871 रुपये वसूल किए।

## प्रेमिका की शादी से परेशान युवक ने गोली मारकर आत्महत्या की

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के कर्मपुर चौधरी में प्रेमिका की शादी से परेशान युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने किसी के खिलाफ कार्रवाई से इन्कार किया है।

कर्मपुर चौधरी निवासी नन्हें खां के बेटे अरबाज के प्रेम संबंध गांव की एक लड़की से थे। युवती की शादी साल 2023 में थाना क्षेत्र के ही एक गांव में हो गई। अरबाज ने युवती के पति को अपने प्रेम संबंध के बारे में बताया और तलाक देने को कहा। जानकारी होने पर युवती के पिता शुक्रवार शाम को शिकायत लेकर अरबाज के पिता नन्हें के पास पहुंचे और बात न करने को कहा। शिकायत पर अरबाज के बड़े भाई बाबू ने डांटकर उसे दो थप्पड़ मार दिए। इसके बाद वह अपने घर पर तीसरे मंजिल पर चला गया। शनिवार सुबह चार बजे अरबाज ने छत पर खुद को गोली मार ली। सुबह छह बजे परिजनों को पता चला तो वे उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि युवक की मौत हो चुकी है। परिजन किसी पर कार्रवाई नहीं चाहते हैं। शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भेष बदलकर गैंगस्टर सचिन ने श्मशान घाट में गुजारी थी रात

**बरेली,अमृत विचार :** न्यायालय परिसर के सदर हवालात की दो सरिया काट कर फरार हुए गैंगस्टर सचिन सैनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए सिर और मूंछ मुंडवा कर अपना भेष बदला था। उसके बाद श्मसान घाट पर रात गुजारी थी।

23 फरवरी को जिला जेल से पेशी के दौरान बिहारीपुर ढाल का रहने वाला हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी हवालात की सरिया काटकर फरार हो गए थे। मामले में गैंगस्टर अंकित यादव अभी फरार है। दोनों को भगाने के मामले में अंकित के दोस्त बृजमोहन उर्फ बिरजू और उसकी पत्नी आशी यादव को पुलिस ने एक मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस पूछताछ में सचिन ने बताया कि 13 फरवरी को भी दोनों पेशी पर आए थे। उसी दिन सरिया को आधा काटकर उन्होंने छोड़ दिया था। 23 फरवरी को दोबारा पेशी पर आए तो बाकी बची भी सरिया काटी और फरार हो गए।

## अधिवक्ता को रोडवेज बस ने मारी टक्कर

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे के पास रोडवेज के बस चालक ने अधिवक्ता की स्कूटी में टक्कर मार दी। वह अपनी बेटी के साथ जा रहे थे। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सम्राट अशोकनगर निवासी अधिवक्ता उदयवीर सिंह ने बताया कि छह मार्च को वह बेटी इंदू यादव के साथ स्कूटी से घर जा रहे थे, तभी रोडवेज के माल वाहक वाहन के चालक ने वाहन को उनकी स्कूटी पर चढ़ा दिया, जिससे वह और उनकी बेटी बाल बाल बच गए। आरोप है कि चालक ने जानबूझकर जान से मारने की नियत से यह घटना की।

## 65 कबूतरों समेत एक लाख से अधिक का सामान चोरी, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर के खन्ना बिल्डिंग के पास रहने वाले युवक के घर से नकदी, जेवर और 65 कबूतर चोरी हो गए। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुलिस्तान ने बताया कि 18 फरवरी को उनके पिता और बहन कलियर शरीफ गए थे। दोनों भाई घर से बाहर गए थे और मां भी दूसरे घर में थीं। वह घर पर अकेले थे। 19 फरवरी को सुबह को वह कबूतरों को दाना डालने के निकले तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है। चोर घर का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये, चेन, अगूंठी और 65 कबूतर लेकर फरार हो गए।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :-
14 - 15 मार्च 2024
समय :-
सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :-
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग
कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

## सार-संक्षेप

### बंदियों के बनाए उत्पादों के लगे स्टाल

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के सहयोग से बंदियों के बनाए उत्पादों की बिक्री के लिए स्टाल लगाए गए। औषधीय पौधों और महिला बंदियों के बनाए बैग की भी बिक्री की गई। बंदियों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए केन्द्रीय कारागार-दो और जिला कारागार में आयुष पौधशाला स्थापित की गई है। जिसमें विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों को तैयार किया जा रहा है। सभी सामान की बिक्री कोऑपरेटिव के माध्यम से की जा रही है। जेलर रतन कुमार ने बताया कि जेल परिसर में लगातार बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

### हस्तशिल्प प्रदर्शनी में संवासिनियों की दिखी मेहनत

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार को कचहरी परिसर में संवासिनियों की ओर से तैयार किए गए क्राफ्ट के सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें लिप्पन आर्ट और क्ले से बने वॉल हैंगिंग, तोरन व अन्य आकर्षक सजावट के सामने थे। बाल संप्रेक्षण ग्रह के बच्चों की ओर से बनाए गए क्राफ्ट के भी स्टाल लगाए गए। महिला शरणालय में संवासिनियों को आर्ट वर्क सिखाने वाली रजनीत कौर ने बताया कि तीन माह से लगातार संवासिनियां प्रदर्शनी के लिए सामान तैयार कर रही थीं। अधिकांश सामान में वेस्ट मटीरियल का इस्तेमाल किया गया है। संप्रेक्षण ग्रह में बच्चों को पढ़ाने वाले दीपक वैश्य ने बताया कि बच्चों को खाली समय में इस तरह कार्य में व्यस्त रखने की कोशिश होती है। जहां वे खाली वक्त में क्राफ्ट बनाते हैं। प्रदर्शनी में आइटमों की कीमत दो सौ से लेकर हजार रुपये तक थी। प्रदर्शनी से जमा होने वाली राशि संवासिनियों और संप्रेक्षण ग्रह के बच्चों पर खर्च की जाएगी।

### 16 से लगेगा कैंप, व्यापारियों की समस्या सुनी जाएंगी

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक शिष्टमंडल शनिवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश खटवानी के नेतृत्व में प्रधान आयुक्त आयकर राधेश्याम से मिला। इस दौरान व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को रखा गया। इस पर प्रधान आयुक्त ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिए 16 मार्च से एक कैंप आयकर भवन में लगाया जाएगा। सरकार ने एमएसएमई को प्रोत्साहन देने के मकसद से भुगतान 45 दिन में करने की बाध्यता रखी है। यदि कोई व्यापारी एमएसएमई से माल क्रय कर 45 दिन में भुगतान नहीं करता है तो वह राशि उसकी आय में जोड़ दी जाएगी। इससे बचने के लिए व्यापारी को एमएसएमई से खरीदे गए माल का भुगतान 45 दिन में करना अनिवार्य है। एडिशनल कमिश्नर ज्योत्सना, योगेश श्रीवास्तव, राजकुमार अग्रवाल सराफ, मनमोहन सब्बरवाल, मुकेश खटवानी, पवन अरोड़ा, संजय अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, शरद अग्रवाल, विशाल रतन मौजूद रहे।

### रजा एक्शन कमेटी ने कलेक्ट्रेट पर सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** रजा एक्शन कमेटी के नायब सदर अदनान मियां के निर्देश पर पदाधिकारियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया है कि प्रदेश में सरकार आतंकी फंडिंग का नाम पर हजारों मदरसों को बंद करना चाहती है। इस हिटलरशाही को तत्काल बंद किया जाए। वहीं, दिल्ली में नमाजियों से बदसलूकी करने के मामले में भी विरोध जताया गया।

### विद्यार्थियों ने लोक अदालत की कार्य प्रणाली देखी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के एलएलबी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के 110 विद्यार्थियों ने शनिवार को जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्य प्रणाली देखी। छात्रों ने आपसी सुलह समझौते के आधार पर लगे मुकदमे और उसकी पूरी प्रक्रिया देखी। वरिष्ठ अधिवक्ता टीडी भास्कर ने बताया कि विद्यार्थियों को पांच-पांच के समूह में 20 टीमों में बांटा गया था।। प्रत्येक टीम को अलग-अलग न्यायालय में और कई विभागों के लगाए गए स्टालों पर भेजा गया। अपर सत्र न्यायालय -14 के न्यायाधीश अविनाश कुमार मिश्रा ने छात्रों के साथ कुछ आवश्यक जानकारियां साझा कीं।

## एक नजर

### बोर्ड परीक्षा खत्म मूल्यांकन की तैयारी में जुटा विभाग

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार को संपन्न हो गईं। अंतिम दिन हाईस्कूल की ऊर्दू, पंजाबी और कश्मीरी विषय की परीक्षा हुई। उर्दू की परीक्षा में पंजीकृत 766 में से 730 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि मूल्यांकन कार्य 16 मार्च से शुरू होगा। इसको लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मूल्यांकन कार्य राजकीय इंटर कालेज, जीजीआईसी, एसवी इंटर कालेज और इस्लामिया इंटर कालेज में किया जाएगा।

### स्नातक और परास्नातक का परीक्षा कार्यक्रम बदला

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। पहले जारी कार्यक्रम में कुछ प्रश्नपत्र छूट गए थे। छात्रों की शिकायत के बाद इसमें बदलाव किया गया है। अब स्नातक की परीक्षा 19 मार्च से 27 मई और परास्नातक की परीक्षा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होंगी। छात्र संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# बाजार पर चढ़ा होली का रंग, सज गईं दुकानें

## टोपी, मुखौटा और पिचकारियों की खरीदारी शुरू, कपड़ा बाजार में भी रौनक, कुर्ता-पायजामा की मांग ज्यादा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बाजार पर होली का रंग चढ़ने लगा है। पिचकारी, रंग गुलाल की दुकानें सज गई हैं। वहीं कपड़ा बाजार में भी रौनक दिखने लगी है। लोग कपड़ों की खरीदारी करने में जुट गए हैं।

कुतुबखाना, बड़ा बाजार, शहामतगंज आदि स्थानों पर रंग-गुलाल की अस्थाई दुकानें लग गई हैं। इनपर ग्राहक भी पहुंचने शुरू हो गए हैं। थोक कारोबारियों के अनुसार दिल्ली, लखनऊ से रंग- गुलाल, पिचकारी, टोपी, झाग वाले स्प्रे रंग मंगाए जा रहे हैं। वहीं, कपड़ा बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ दिखने लगी है। व्यापारियों के अनुसार वाराणसी, दिल्ली, कोलकाता, गुजरात, राजस्थान से कपड़े के स्टॉक मंगवाए हैं। बच्चे से लेकर बड़े अपनी पसंद के कपड़े ले रहे हैं। होली के लिए ट्रेडिशनल तो किसी को डिजाइन वाले रंग-बिरंगी कुर्ता-पायजामा भा रहे हैं। कपड़ा के कारोबारियों ने बताया कि कॉटन के कपड़ों की मांग है।

कुतुबखाना की एक दुकान पर बिक्री को रखे पिचकारी व मुखौटे। ● अमृत विचार

आर्य समाज गली में कपड़ों की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### गुलाल फायर गन की धूम

बच्चों के लिए होली पर बाजार में कई तरह के नए उत्पाद आए हैं, लेकिन गुलाल फायर गन की मांग ज्यादा है। फायर करने पर गन से गुलाल निकलता है। थोक बाजार में इसकी कीमत लगभग दो सौ से शुरू होकर पांच सौ रुपये तक है। वहीं बलून शूटर की कीमत लगभग चार सौ रुपये है। चूहा पिचकारी भी खूब भा रही है। इसकी कीमत ढाई सौ रुपये। दुकानदारों का कहना है कि मुखौटे भी बाजार में खूब बिक रहे हैं।

### बाजार में दिख रही तेजी

कपड़ा के थोक विक्रेता प्रेम कुमार कश्यप ने बताया कि पिछले साल कुतुबखाला पुल निर्माण के चलते कारोबार हल्का रहा। इस बार बाजार में तेजी दिख रही है। इस समय कुर्ता-पायजामा, जींस, ट्राउजर, सूट, दुपट्टा आदि की मांग बढ़ी है। दिल्ली से भी माल आ रहा है।

### कारोबार अच्छा होने की उम्मीद

संजोग आनंद ने बताया कि होली में रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखौटा, टोपी, गुब्बारा आदि सामान दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी से मंगा लिया है। कुछ आना बाकी है। इस बार कारोबार अच्छा होने का अनुमान है।

## सार-संक्षेप

### माखन चोरी लीला का किया मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** श्री राधा करुणामयी रासलीला संस्था के कलाकारों ने शनिवार को मुड़िया अहमद नगर के संतोषी माता मंदिर में माखन चोरी लीला का मंचन किया। इससे पूर्व मंदिर से झांकियों के साथ शिव बरात निकाली गई। लोगों ने पुष्प वर्षा कर शिव बरात का स्वागत किया। कलाकारों ने माखन चोरी की आकर्षक झांकी सजाई। निवर्तमान प्रधान वेदप्रकाश पटेल, मुकेश चंद्र तिवारी, अरविंद भदौरिया, सचिन पटेल, डा. अर्जुन यादव, राज यादव, राजाराम कातिब, सुनील पटेल, सतीश चंद्र शर्मा, अंकित, विपिन, अजीत पटेल आदि मौजूद रहे।

### केशलता स्कूल ऑफ नर्सिंग में हुईं प्रतियोगिताएं

**बरेली,अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केशलता स्कूल ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ. लता अग्रवाल और केशलता अस्पताल के निदेशक गोपाल अग्रवाल ने की। इस मौके पर डॉ. केशव अग्रवाल ने महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी। अतिथि शिक्षिका रोहिलखंड कॉलेज आफ नर्सिंग की आकांक्षा एलन इमानुएल ने भी विचार रखे। प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मनोहर, उपप्राचार्य डॉ. अनीता गोटलिव, चित्रलेखा सक्सेना, सरिता, हिमांशी,देवेंद्र खंडेलवाल, डॉ. अरविंद जहांगीर, डॉ. ऋषभ कुमार, नितिन सहाय, अनुप्रिया, निशा, आशीष, हिमांशु, शायमा, अंकिता, सुमन, दिव्या मौजूद रहीं।

### पोस्टर के जरिये मां के प्रति समर्पण दिखाया

**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पर बच्चों ने आकर्षक पोस्टर बनाएं। प्रतियोगिता की शुरुआत स्कूल के प्रबंधक डॉ.केए वार्ष्णेय ने की। कक्षा तीन की श्रेया गुप्ता ने मां को समर्पण भाव प्रदर्शित करने वाला पोस्टर बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मायशा ने दूसरा और मान्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ. वार्ष्णेय ने बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। प्रबंध निदेशक प्रो. कृष्ण अवतार वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय, कोऑर्डिनेटर डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, अवधेश सक्सेना, साधना चौहान, रश्मि त्रिपाठी, रिंपी सक्सेना, हिमांशी राजपाल, पीयूष सिंह, हेमलता सक्सेना, हेमा सक्सेना, प्रियंका पाराशरी, शिवांगी सक्सेना, पूजा शर्मा, ज्ञानेश्वर आचार्य आदि मौजूद रहे।

### किसना ने ज्वैलरी खरीदने वालों से वादा निभाया

**बरेली, अमृत विचार :** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के एमडी घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि पिछले साल हमने अपना एक्सक्लूसिव शोरूम शहर में खोलने के बाद वादा किया था हम ग्राहकों के सम्मान में समाज हित में काम करेंगे। इसी क्रम में रविवार को रक्तदान एवं नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसके अलावा उन सभी के नाम से एक-एक पौधा लगाकर शहर को हरित बनाने के साथ समाज के उत्थान के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। निदेशक पराग शाह ने कहा कि रक्तदान, नेत्र जांच शिविर, पौधरोपण जैसी पहल ग्राहकों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी और कृतज्ञता के साथ उनका विश्वास और समर्थन हमें सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए सशक्त बनाता है। उदित गोयल ने कहा कि इस मुहिम का हिस्सा बनने पर हमें बेहद खुशी है। विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के एमडी ग्राहकों के सम्मान में समाज हित में काम कर रहे हैं। यह पहल सराहनीय है।

### 30 स्कूलों के 155 छात्रों ने प्रतियोगिता में लिया भाग

**बरेली, अमृत विचार :** जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें शहर के 30 विद्यालयों के 155 छात्रों ने भाग लिया। गीत, कविता, निबंध, भाषण, वाद-विवाद, चित्रकला, जलेबी कूद आदि में विजेताओं को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में सुरेश बाबू मिश्रा, अखिलेश पांडेय और सौरभ मिश्रा रहे। प्रधानाचार्य डॉ. रवि शरण सिंह ने आभार जताया।

### गणित का आसान पेपर देख खिले चेहरे

**बरेली, अमृत विचार:** सीबीएसई की ओर से शनिवार को 12 वीं की गणित विषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्नपत्र कठिन नहीं था। इसलिए पेपर अच्छा हुआ। केंद्र से बाहर आए छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी थी।

# चाबी खोने पर स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर निकाला गया पेपर

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** बहेड़ी के जीबी पंत गर्ल्स इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम की चाबी खो गई तो खलबली मच गई। डीआईओएस के पर स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर प्रश्नपत्र निकाला गया। इसकी वजह से परीक्षा देर से शुरू हुई।

परीक्षा केंद्र के स्टेटिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र यादव से शनिवार को स्ट्रांग रूम की चाबी खो गई। इस पर वह केंद्र के बाहर टहल रहे थे। इस पर केंद्र व्यवस्थापक अंजना रस्तोगी ने डीआईओएस देवकी सिंह को जानकारी दी तो स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने बताया कि चाबी हो गई है। डीआईओएस के निर्देश पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने ताला तोड़कर पेपर निकाला। शनिवार सुबह हाईस्कूल परीक्षा का उर्दू का पेपर था। इसकी वजह से करीब 15 मिनट देरी से पेपर वितरित किया जा सका। इसके लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया।

केंद्र व्यवस्थापक का आरोप था कि यादव ने उनके पास रहने वाली चाबी भी उनसे ले ली थी। परीक्षा के दौरान उनके असहयोग करने जैसी स्थिति रही। इस संबंध में स्टेटिक मजिस्ट्रेट यादव का कहना था कि शासन की मंशा के अनुरूप उनका उद्देश्य नकलविहीन परीक्षा कराना था जो उन्होंने पूरा किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह का कहना है कि स्ट्रांग रूम की चाबी का खो जाना ऐसा मामला है जो किसी के भी साथ घटित हो सकता है। इसमें आपत्तिजनक कुछ भी नहीं है।

स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर पेपर निकालते स्टेटिक मजिस्ट्रेट।

- बहेड़ी के जीबी पंत गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्ट्रांग रूम की खो गई थी चाबी
- डीआईओएस के निर्देश पर तोड़ा गया ताला, देर से शुरू हो सकी परीक्षा

# आईके कलेक्शन और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीते अपने मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे दिन हुए मैच

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 के दूसरे दिन इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टेडियम में शनिवार को ग्रुप सी की टीमों आईके कलेक्शन एकेडमी और साईं क्रिकेट एकेडमी और ग्रुप डी की टीमों एमएलसीसी इज्जतनगर और हल्द्वानी क्रिकेटर्स के बीच मैच खेले गए। जिसमें आईके कलेक्शन ने तीन विकेट और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने सात विकेट से जीत हासिल की।

आईके कलेक्शन के अभिषेक प्रताप और हल्द्वानी क्रिकेटर्स के देवेंद्र को मैन आफ द मैच चुने गए। पहले मैच में साईं एकेडमी के कप्तान शुभम उपाध्याय ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 139 रन बनाए। आईके कलेक्शन ने सात विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दूसरे मैच में एमएलसीसी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और छह विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए। हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने सात विकेट से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच की ट्राफी एसआरएमएस कालेज ऑफ इंजीनियरिंग के डॉ. सोवन मोहंती ने दी।

# शोभायात्रा में गूंजे भोले के जयकारे

**बरेली, अमृत विचार :** श्री विभूति नाथ मंदिर कमेटी की ओर से शनिवार को 124 वें वार्षिकोत्सव पर भोलेनाथ, पार्वती आदि देव स्वरूपों की झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा की शुरुआत मोहल्ला शाहबाद से हुई, जो आर्य समाज, जाटवपुरा, मारवाड़ीगंज, गंगापुर, शहामतगंज, शिवाजी मार्ग, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, गुलाब नगर, चाहबाई, कोहड़ापीर से होती हुई वापस विभूति मंदिर पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। प्रधान राज गोपाल पांडेय ने बताया कि शोभायात्रा हर वर्ष निकाली जाती है। शोभायात्रा में देव स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। उपप्रधान डॉ. आरबी शर्मा, मंत्री दीपक पांडेय, उपमंत्री अरुण कुमार वर्मा, सचिव गोपाल कृष्ण मिश्रा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, राजीव पांडेय, दिलीप पांडेय, संजय मिश्रा, पुनीत शर्मा, वीरेश चंद्रा, संजीव पांडेय आदि मौजूद रहे।

### आरपीएफ और कैरिज की टीम के बीच मुकाबला टाई

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल क्रीड़ा संघ पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में शनिवार को न्यू मॉडल रेलवे कॉलोनी स्टेडियम में क्रिकेट के चार मैच हुए। पहले मैच में रेलवे स्टेडियम और कैरिज एंड वैगन के बीच मुकाबला टाई रहा, जिससे दोनों टीमों को 1-1 अंक हासिल हुआ। मैन आफ द मैच शिखर दयाल को मिला। दूसरे मैच में लोको शेड की टीम ने कार्मिक विभाग को 64 रनों से हराया और मैन आफ द मैच सुमित सिंह रहे। इसके अलावा ऑपरेशन्स की टीम ने ट्रेन सेट को आठ विकेट से हराया और मैन आफ द मैच वीर सिंह मीणा रहे। अंपायरिंग शरद फर्नांडिस, शैलेश वर्मा, संजय सारस्वत, शमशाद हुसैन ने, स्कोरिंग आकाश, लक्ष्मी, इंतजाम, अखिलेश ने और कमेंट्री संजय कुमार और कृष्णा ने की। इस अवसर पर सीनियर डीईई (ओपी) विनीत कुमार, सीनियर डीएससी ऋषि पाण्डेय, डीईई (टीआरडी) राजकुमार, सीडीओ शिखर दयाल, मण्डल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने अंतरिक्ष तक लहराया सफलता का परचम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महिला सशक्तीकरण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राइफल क्लब में चल रहे दो दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि शहर से लेकर देहात तक की सशक्त महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहराया है। सेवा क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष की उड़ान तक में योगदान दे रही हैं। चन्द्रयान -3 की साफ्ट लैंडिंग में भी शहर की महिला विज्ञानी ने अहम योगदान दिया।

विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में भी महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही है। नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ल ने कहा कि आज खेलों के क्षेत्र में सबसे आगे हमारे देश की बेटियां हैं। क्रीड़ा सचिव कमल सेन ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया, जिसमें राधा , डॉ शैव्या त्रिपाठी, शिवी चौधरी, अर्चना चौधरी, तनु सेन, रंजना सोलंकी, निवेदिता श्रीवास्तव, कमालिका शर्मा, जूही जुनैजा, रिमि सहानी शामिल हैं। वहीं, देव्यानी कठेरिया, यंत्रा देवी, करुनिका, मनप्रीत कौर, हिमानी पांडेय, वाणी शंखधार, सोफिया सिद्दकी, नेहा पांडेय आदि खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। संचालन सचिव डॉ. केबी त्रिपाठी ने किया। संरक्षक आदेश कुमार दीक्षित, धीरज सिंह, जगजीत सिंह जुनेजा, राशिद रजा खां,अनिल सहानी, डॉ सूर्य देव, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, सत्येन्द्र यादव, सरदमन सिंह, दिलीप कुमार, कैलाश चन्द्र, कोच मिशिरयार खान, शेखर आदि मौजूद रहे।

राइफल क्लब में शूटिंग प्रतियोगिता में निशाना लगातीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

- उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और खिलाड़ियों को सम्मानित किया

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**बिकाऊ**

250 वर्गगज का बरेली में 4-बेड वाला बंगला, डी2/वी-40, दीनदयाल पुरम्, 207.756 वर्गमीटर का प्लॉट, 9 मीटर चौड़ी सड़क। अच्छी कनेक्टिविटी, कीमत-3 करोड़।

7977759352, 9920254054

**बिकाऊ है**

200 वर्गगज में निर्मित मकान बिकाऊ है पवन विहार कालोनी, बरेली, पीलीभीत बाईपास रोड केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें- 9457760563, 9755059287

**बिकाऊ है**

100 वर्गगज में बना मकान, दो मंजिला, सभी सुविधाओं सहित, गोकुल धाम कालोनी, महानगर के सामने, बरेली

सम्पर्क करें - एम.के. शर्मा
मो. 7409993500

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic TM An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

# कोर्ट के आदेश पर मतगणना तीन मतों से प्रत्याशी की जीत

## वर्तमान प्रधान पति ने मतगणना में बेईमानी का लगाया आरोप

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** तीन वर्ष पहले हुए पंचायत चुनाव में एक महिला प्रत्याशी 2 मतों से हार गई थी उसने पुनर्मतगणना के लिए न्यायालय की शरण ली । कोर्ट के आदेश पर पुनः मतगणना में उसे वर्तमान प्रधान से तीन मत अधिक मिले हैं। अधिकारियों ने रिपोर्ट बनाकर अदालत को भेजने की बात कही है। जीत मिलने समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत गुलेली में पंचायत चुनाव 15 अप्रैल 2021 को हुआ था। 2 मई 2021 को मतगणना हुई थी, जिसमें पांच महिला प्रत्याशी होने के चलते आशा देवी को 649 और राजकुमारी को 647 मत मिले थे। राजकुमारी के पति रामबहादुर ने बताया कि उन्होंने पुनः मतगणना के लिए मतगणना अधिकारियों से अनुरोध किया था, परंतु नहीं कराई। अधिवक्ता अवनीश

मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशी।

तिवारी एडवोकेट ने बताया कि उसके बाद उन्होंने धारा 12 ग के तहत प्रथम याचना अधिकारी के यहां पुनर्मतगणना के लिए पीटीशन डाली थी। वह बीते छह माह में दो बार हाईकोर्ट गए और 90-90 दिन की मोहलत लेकर आए। 2 मार्च को अदालत ने पुनर्मतगणना 9 मार्च को कराने के लिए तय किया था। शनिवार को ब्लॉक सभागार में पुनर्मतगणना कराई गई। जिसमें राजकुमारी को 644, आशा देवी 641, रश्मि देवी 7, वीरा देवी 225, नीरज शर्मा को 51 मत मिले। राजकुमारी ने बताया कि तीन साल की कोर्ट में लड़ाई लड़ने के बाद उन्हें जीत

**मतगणना के परिणाम**

| | |
|---|---|
| राजकुमारी | 644 |
| आशा देवी | 641 |
| वीरा देवी | 225 |
| नीरज शर्मा | 51 |
| रश्मि देवी | 7 |

मिली है। वहीं वर्तमान ग्राम प्रधान आशा देवी के पति राजू सिंह उर्फ सत्यपाल सिंह ने बताया कि मतगणना में उनके साथ बेईमानी की गई है। उनके वैध मतों को भी कैंसिल कर दिया गया। इसलिए यह नतीजा विपरीत हुआ है। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुनर्मतगणना कराई गई है। जिसमें वर्तमान प्रधान से हारी हुई प्रत्याशी राजकुमारी को तीन मत अधिक मिलना पाया गया है। उक्त रिपोर्ट कोर्ट को भेजी जाएगी। उसके बाद जो भी कोर्ट का निर्णय होगा। उसका पालन कराया जाएगा।

## युवती ने युवक पर बंधक बनाने का लगाया आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र की युवती ने गांव के ही एक युवक पर बहलाकर ले जाने और एक कमरे में बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है।

वह किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद घर पहुंची और परिजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। युवती ने बताया कि 1 जनवरी को गांव का ही रहने वाला एक युवक उससे शादी करने की बात कहकर उसे किच्छा की मीना मार्केट के पास लेकर गया। उसे कमरे में बंद कर बंधक बना लिया। किसी तरह वह उसके चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंच गई और परिजनों को आप बीती सुनाई। अगले दिन युवक गांव लौट आया और उसे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तुझे व तेरे माता पिता का जान से मार दूंगा। घटना के कुछ दिनों बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की, जिस पर पुलिस ने आरोपी मुरारी लाल निवासी ग्राम मुरारपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं।

## ठगी का शिकार हुई महिला फंस गया दुकानदार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कोरोना की वैक्सीन लगवाने के नाम पर किसी शातिर ने महिला को फोन कर इनाम का लालच देकर बातों में फंसा लिया और अपने नंबर पर 8 हजार रुपये डालने को कहा। ठग की बातों में फंसी महिला ने पड़ोसी दुकानदार से उस नंबर पर रुपये तो डलवा दिए, लेकिन ठगी का एहसास होने पर दुकानदार को रुपये देने से मुकर गई। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों को थाने बुला लिया। खबर लिखे जाने तक कोई नतीजा नही निकला था। नगर की नाला पार बस्ती के नईम की पत्नी जीनत के फोन पर आई काल करने वाले ने उससे कहा कि कोरोना की वैक्सीन लगवाने पर उसके नाम बड़ा इनाम आया है, इनाम की राशि उसके खाते में भेजनी है। इसके लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर 8 हजार रुपये डालने होंगे। कॉल करने वाले के झांसे में आई महिला ने पड़ोस के दुकानदार मो. फारुख से कहा कि इस नंबर पर 8 हजार रुपये भेजने हैं, मेरे खाते में रुपये नहीं हैं तुम अपने नंबर से रुपये डाल दो। मैं तुम्हे नकद दे दूंगी। महिला के कहने पर फारूख ने दिए गए नंबर पर रुपये डाल दिए, लेकिन महिला के खाते में रुपये आने का कोई मेसेज नहीं आया तो उसे ठगी का एहसास हुआ। ठगी का एहसास होने पर महिला रुपये देने में मुकर गई और अपने घर चली गई। मामला कोतवाली में पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलवा लिया, समाचार लिखे जाने तक कोई निर्णय नहीं हो सका था।

# दरवाजे के सामने दीवार खड़ी करने का आरोप

संवाददाता, फरीदपुर

- पीड़ित ने अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** फरीदपुर के पढ़ेरा गांव के व्यक्ति ने फरीदपुर तहसील के अधिकारी पर पुलिस की मदद से उनके दरवाजे के आगे दीवार खड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित व्यक्ति ने शनिवार को मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अध्यक्ष राजस्व परिषद लखनऊ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित कई अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर शिकायत की है।

गांव पढ़ेरा निवासी रमेश बाबू के मुताबिक उन्होंने वर्ष 1991 में गांव में 180 वर्ग गज का प्लाट राजकुमारी से खरीदा था। उस पर उनका कब्जा है, जिसमें उसके जानवर बंधते हैं। इसका दरवाजा उत्तर दिशा में खड़ंजे पर है। गांव का ही युवक इस दरवाजे को बंद करना चाहता है, जिसके आवेदन पर अधिकारी गांव गए और जांच कर कहा कि दरवाजा सही है। गांव की मूल आबादी में होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं करनी है। आरोप है कि 29 दिसंबर को अधिकारी फरीदपुर पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और उन्होंने रमेश बाबू और गांव वालों के विरोध के बावजूद जबरन नई दीवार दरवाजे के आगे

दरवाजे के सामने खड़ी कर दी दीवार।

खड़ी करवा कर मकान का दरवाजा बंद कर दिया। जिससे उसके जानवर मकान में बंद हो गए। पीड़ित परिवार ने बताया कि एक छोटा दरवाजा है जिससे परिवार के लोग निकल रहे है, लेकिन जानवर तब से उसी में बंद है। पीड़ित ने घटना का वीडियो बनाकर अधिकारियों को दिया है। आरोप है नायब तहसीलदार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रमेश बाबू के मकान का दरवाजा और रास्ता बंद कर दिया है। वहीं नायब तहसीलदार से इस विषय में जानकारी लेनी चाही, लेकिन उनका फोन बंद रहा।

> मामला पुराना है क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी नहीं है। मामले की जानकारी की जाएगी। –**दुष्यंत प्रताप सिंह**, तहसीलदार फरीदपुर

## प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर में हेयर कटिंग का काम करने वाले की पत्नी 8 माह पहले प्रेमी के साथ चली गई। पति ने नवाबगंज थाने में शिकायत की पर वह नहीं मानी और प्रेमी के साथ रहने लगी। कानूनी कार्रवाई करने के चलते पत्नी और उसका प्रेमी हज्जाम से रंजिश मानने लगे। हज्जाम की माने तो छह माह पूर्व उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने उसे रास्ते में घेरकर पीटने के बाद उससे दो लाख रुपये मांगने के साथ ही चेतावनी दी कि अगर रुपये नहीं दिए तो जान से मार देंगे। उसके विरोध पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** थाना फरीदपुर के गांव सबदलपुर निवासी वीरेंद्र ने बताया कि 3 मार्च को थाना कैंट के मानपुर चिकटिया में उनका भाई महेंद्र सिंह एक दावत में शामिल होने आया था। रास्ते में नशे में बभिया की तरफ से आ रहे बाइक सवार प्रेम शंकर निवासी सबदलपुर फरीदपुर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। वीरेंद्र की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपी प्रेम शंकर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## घंघोरा की बदहाल सड़क का निर्माण शुरू

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** गांव घंघोरा की जर्जर सड़क पर सीसी रोड का निर्माण शुरू हो गया, इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गांव को नैनीताल हाईवे से जोड़ने वाली सड़क कई साल से बदहाल पड़ी थी। ग्रामीणों की समस्या देखते हुए प्रधान नरेंद्र कश्यप ने भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया, उन्होंने सांसद संतोष गंगवार को ग्रामीणों की समस्या बताई तो उनके निर्देश पर इस सड़क के लिए 44 लाख का बजट पास कराया था, अब सड़क का निर्माण शुरू हो गया । सड़क का निर्माण शुरू होने पर राजकुमार कश्यप, देवेन्द्र यादव, घनेन्द्र यादव, रितेश गंगवार, मुकेश यादव, मनोज अग्निहोत्री, श्याम लाल आदि ने खुशी जताई।

# स्वामी विदेह नंदिनी शरण महाराज ब्रह्मलीन

**शिवपुरी, अमृत विचार :** सिरौली के गुरगांवा मुस्तकिल स्थिति शिवधाम आश्रम के स्वामी विदेह नंदिनी शरण महाराज (79) का शनिवार को निधन हो गया, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उन्हें रविवार को अयोध्या की सरयू नदी में जलसमाधि दी जाएगी।

महाराज एक सप्ताह से बीमार चल रहे थे, शनिवार सुबह 7:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली, उनके पार्थिव शरीर को सोही जिला बदायूं स्थित आश्रम पर ले जाया गया। उनके अंतिम दर्शन करने के लिए बदायूं, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत से हजारों अनुयाई पहुंचे। विधायक महेश गुप्ता और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी भी अंतिम दर्शन करने पहुंचीं। संत शरण ने बताया की शनिवार शाम 7:00 बजे स्वामी

स्वामी विदेह नंदिनी शरण महाराज के अंतिम दर्शन को उमड़ी अनुयाइयों की भीड़।

- अयोध्या की सरयू नदी में रविवार को दी जाएगी जल समाधि

की अंतिम इच्छा के तहत अयोध्या उनका पार्थिव शरीर ले जाया गया। वहां रविवार को सरयू में जल समाधि दी जाएगी । वैष्णव संत परंपरा के अनुसार स्वामी जी के समस्त संस्कार उनके अयोध्या स्थित आश्रम पर किए जाएंगे । फिरोजपुर जिला शाहजहांपुर में जन्मे स्वामीजी के सिर से 6 वर्ष की आयु में ही माता-पिता का साया उठ गया, कम उम्र में ही धर्म की तरफ झुकाव हो गया, अयोध्या के संत महात्माओं के संपर्क में आकर वैष्णव संत बन गए।

## शांति से मनाएं त्योहार, विवाद न होने पाए

**बरेली, अमृत विचार :** एसपी दक्षिणी मानुष पारीक ने एसडीएम फरीदपुर के साथ शनिवार शाम पैदल मार्च किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी साथ रहा। फरीदपुर में व्यापारी वर्ग से सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। इससे पहले फरीदपुर थाने में होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें एसपी ने कहा कि आगामी त्योहारों में कोई भी विवाद नहीं होना चाहिए। एसपी दक्षिणी ने कहा कि कहीं पर जमीन, धार्मिक स्थल या किसी रास्ते को लेकर विवाद है तो उसे निपटा लिया जाए। कोई भी जानकारी हो तो थाना प्रभारी, सीओ, एसडीएम या उनके कार्यालय में आकर सूचना दे सकते हैं। साथ ही रात में पुलिस फोर्स के साथ

फरीदपुर कस्बे में पैदल मार्च किया। जहां सीओ और एसडीएम भी साथ रहे। इस मौके पर सभी पुलिसकर्मियों को चुनाव संबंधी और त्योहारों में ड्यूटी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिसमें दुकानदारों व अन्य लोगों से कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रखे हुए है। सोशल मीडिया संबंधी जानकारी भी पुलिस को दे सकते हैं। अपने क्षेत्र के सभी सीओ व थाना प्रभारियों का कहा कि होली को लेकर अवैध शराब बेचने व लाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाने पर चर्चा

**भदपुरा, अमृत विचार :** भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन शनिवार को सुंदरी मंडल की ग्राम पंचायत सुनौर में राधे साहू की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. एमपी आर्य रहे। संचालन भाजपा सुंदरी मंडल अध्यक्ष शशि कपूर ने किया। सम्मेलन में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। विधायक ने कहा फिर से भाजपा की केंद्र में सरकार बने इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव गांव लोगों के घरों में जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब पात्र लाभार्थियों को वृद्धा, विधवा पेंशन, आवास व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं ताकि हर गरीब तक सरकारी मदद पहुंच सके। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष नाथूलाल आर्य, सत्येंद्र गंगवार, रितेश गुप्ता, जिला संयोजक सोशल मीडिया गजेंद्र गंगवार सुंदरी मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री से की पुस्तकालय बनवाने की मांग

**दुनका, अमृत विचार :** दुनका के गांव जगदीशपुर निवासी गौरव गंगवार ने क्षेत्र की जनता के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय बनवाने की मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री से चिट्ठी लिखकर की है। उन्होंने उन्होंने शिक्षा मंत्री से एक सार्वजनिक पुस्तकालय की व्यवस्था एवं उसके संचालन के लिए धन की व्यवस्था करवाने की मांग की है। उन्होंने लिखा है वर्तमान तकनीकी युग में पुस्तकों के अध्ययन के प्रति लोगों का लगाव कम होता जा रहा है। पुस्तकालय बनने से छात्रों को लाभ मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### सांसद संतोष गंगवार ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** स्थानीय निकाय चुनाव के बाद पहली बार नगरपालिका परिषद पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद संतोष गंगवार का स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल के अलावा पार्टी के लोगों और सभासदों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय नेताओं से पार्टी की स्थिति और लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। इस दौरान अजय जायसवाल बाबी, चौधरी आराम सिंह, गजेंद्र सिंह, राकेश मिश्रा, जयेंद्र पाल, डॉ. सुरेंद्र गंगवार, आलोक गंगवार, मोहन सिंह, भजनलाल, आसेराम, दीनदयाल, तरूण व सूर्य प्रकाश गंगवार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### सेंथल में सजी जश्न ए नूर की महफिल

**सेंथल, अमृत विचार :** कस्बे में शुक्रवार को इमाम ए जमाना फेडरेशन की ओर से मोहल्ला नीमवालान के टीले पर जश्न ए नूर महफिल का आयोजन किया गया। इसमें विख्यात शायरों ने कलाम पढ़े। देर रात तक भारी संख्या में अकीदतमंद शायरों को सुनने के लिए जमे रहे। महफिल का आगाज तिलावते कुराने पाक से मौलाना शहीर हसन ने किया। सदारत इमामे जुमा मौलाना तंजीम हुसैन जैदी ने की। तो संचालन जाहिद काजमी कानपुरी ने किया। विख्यात शायर मीसम गोपालपुरी, शरर नकवी, फाजिल अब्बास, शबी गोपालपुरी ने कलाम पढ़े। इनके अलावा कस्बे के शायरों में मौलाना फराज वास्ती, अशरफ अली, जाफर सेंथली, कायम जैदी, सैफ अब्बास आदि ने शेर पढ़े।

### खेत पर घास काटने गई महिला से की छेड़छाड़

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** खेत घास काटने गई महिला से गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ की। पीड़िता पति के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। महिला ने बताया कि वह पशुओं के लिए चारा लेने खेत गई थी, उसे गांव के ही एक युवक ने दबोच लिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए कहा तूने किसी को कुछ बताया या थाने में तहरीर दी तो तुझे और तेरे पति को जान से मार दूंगा। आरोप है कि नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी, वहीं पुलिस ने आरोपी को थाने में बैठाए रखा, वहीं इस विषय में थाना प्रभारी निरीक्षक से घटना की जानकारी लेनी चाही तो उनका फोन नहीं उठा।

### प्राइवेट स्कूल शिक्षा समिति ने सौंपा ज्ञापन

**मीरगंज, अमृत विचार :** प्राइवेट स्कूल शिक्षा समिति उप्र के बैनर तले संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओमकार सिंह यदुवंशी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने प्राइवेट स्कूलों की विभिन्न समस्याओं से युक्त एक ज्ञापन स्नातक विधायक डॉ. जय पाल सिंह व्यस्त, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह को सौंपा। शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से विचार विमर्श कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। वहीं स्नातक विधायक डॉ. जय पाल सिंह व्यस्त ने सुझावों की सराहना करते हुए शीघ्र समाधान की बात कही। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष ओमकार सिंह यदुवंशी, उपाध्यक्ष छत्रपाल गंगवार, प्रवक्ता सूरज पाल गंगवार, रमेश गंगवार, नरेंद्र सिंह राजेश, रामपुर प्रभारी आशीष गंगवार, देवराज, चौ. राजीव सिंह, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

### देश के भविष्य में तरुणियों के सहयोग पर की चर्चा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गन्ना उत्पादक डिग्री कॉलेज में महिला समन्वयक कमेटी की ओर से महिला सशक्तिकरण और देश के भविष्य में तरुणियों के सहयोग पर चर्चा हुई। ब्रज प्रांत के स्थानीय विभाग की राष्ट्रीय सेविका समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में स्वप्निल शर्मा ने महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रप्रभा, विशिष्ट अतिथि के रूप में बरेली कालेज की प्रोफेसर शालिनी सिंह शामिल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आभा गुप्ता और संचालन वंदना चौहान ने किया। इस अवसर पर किशोरियों से देश को समृद्ध बनाने में सशक्त भूमिका निभाने का आह्वान भी किया गया। इसके लिए मौजूद सभी तरुणियों ने हामी भरी।

### संदेशखाली को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बच्चों और महिलाओं के साथ हुए अत्याचार पर हिन्दू संगठनों ने कड़ी निन्दा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चे के साथ ही विहिप व बजरंग दल ने राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा। हिन्दू संगठनों ने पश्चिम बंगाल सरकार पर इस मामले में ढिलाई का आरोप लगाया है। ज्ञापन सौंपने वालो में अनुसूचित मोर्चे के अनिल चौधरी, चुन्नी लाल, हरेन्द्र पटेल, विनोद कुमार, विहिप जिलाध्यक्ष बाबूराम गंगवार, भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, मुरारी गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राम कैलाश व हरीशंकर गंगवार आदि शामिल रहे।

### दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला मुकरी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** जमीन का सौदा टूटने पर हुई तकरार के बाद, क्रेता पक्ष की शह एक महिला ने विक्रेता पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी । कोतवाली में घंटों चली वार्ता के बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला तो पुलिस ने भी मामले को संदिग्ध मान दोनों पक्षों को जांच कर कार्रवाई की बात कह कर लौटा दिया। दूसरे ही दिन शनिवार को महिला ने पाला बदल लिया, उसने क्रेता पक्ष के लोगों पर जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए उसका धर्म परिवर्तन कराने और पांच लाख रुपये में बेचने की कोशिश का आरोप लगाते हुए पुलिस उप महानिदेशक से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### होली-रमजान को लेकर पुलिस ने निकाला रूट मार्च

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रमजान, होली और लोकसभा चुनाव को देखते हुए नवागत एसएचओ ने थाना पुलिस के और पीएसी के साथ शनिवार को नगर के प्रमुख मार्गों पर रूट मार्च किया। इस दौरान एसएचओ राजकुमार शर्मा व कस्बा प्रभारी विदेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में निकाले गए रूट मार्च में निरीक्षक क्राइम विनोद कुमार और कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा। कोतवाल ने बताया कि रूट मार्च का उद्देश्य आपराधिक तत्वों को सचेत करना है कि इन अवसरों पर किसी तरह की हरकत न करें, किसी तरह की हरकत करने पर इन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### मीरगंज की घटना को लेकर लेखपालों ने दिया धरना

**आंवला, अमृत विचार :** मीरगंज के गांव मीरपुर में लेखपाल गिरंद सिंह पर 24 फरवरी को हुए हमले में शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित लेखपालों ने समाधान दिवस का बहिष्कार कर तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के नेतृत्व में लेखपालों ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि मीरपुर के ग्राम प्रधान और उनके बेटों ने लेखपाल पर अवैध रूप से काम कराने का दबाव बनाया। विरोध करने पर लेखपाल के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस अब तक मात्र दो लोगों को ही गिरफ्तार कर सकी है। लेखपालों ने कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने धरना शुरू किया है। इस दौरान प्रवेन्द्र सिंह, पंकज सक्सेना, सुमोध पाल सिंह, राहुल शर्मा समेत अधिकांश लेखपाल शामिल रहे।

# पूर्व प्रधान व सचिव से होगी 82 लाख की रिकवरी

संवाददाता, बिलसंडा

- विकास कार्यों का ऑडिट न कराने पर प्रशासन ने शुरू की सख्ती

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत बमरौली के पूर्व प्रधान और तत्कालीन सचिव पर शिकंजा कसा गया है। उनसे 82 लाख की रिकवरी के लिए आरसी जारी कर दी गई है।

बिलसंडा विकास खंड की ग्राम पंचायत बमरौली में वर्ष 2010 से 2015 तक शिवसरन वर्मा प्रधान रहे। उनके कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) ओपी माथुर रहे थे, जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। प्रधान शिवसरन वर्मा के कार्यकाल में धनराशि का ऑडिट नहीं हुआ। मुख्य लेखा परीक्षक अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें उत्तर प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत राज लखनऊ की रिपोर्ट पर प्रशासन ने इसकी जांच कराई। मगर जांच के दौरान भी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। इस पर शासन से मिली धनराशि का गबन मानते हुए पूर्व डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने पूर्व प्रधान शिवसरन वर्मा से 4096950 और तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी ओपी माथुर से 4083447 रुपये की रिकवरी करने का आदेश दिया था।

> बमरौली ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का ऑडिट नहीं कराया गया था। ऐसे में शासन से मिली धनराशि का गबन माना गया। पूर्व प्रधान और तत्कालीन सचिव की 82 लाख की रिकवरी को लेकर आरसी जारी की गई है। – **अमित कुमार शुक्ला**, खंड विकास अधिकारी बिलसंडा

शासन से जो धनराशि अवमुक्त हुई, उसमें से विकास कार्यों पर कितना व्यय किया गया, इसका लेखा-जोखा उस समय ऑडिटर को उपलब्ध ही नहीं कराया गया था। इसकी वजह से व्यय की गई नियमानुसार विकास कार्यों के लिए शासन से मिली धनराशि को भले ही समुचित तरीके से व्यय किया गया हो, लेकिन जब तक व्यय की गई धनराशि का ऑडिट नहीं कराया जाता, तब तक उसे गबन की श्रेणी में माना जाता है।

इसी के तहत पूर्व प्रधान व तत्कालीन सचिव के खिलाफ आरसी जारी कर दी गई है। इसके अलावा मनरेगा के कार्यों में भी बरती गई धांधली को लेकर तत्कालीन तकनीकी सहायक से भी रिकवरी आदेश किए चुके हैं। ताकि पता चल सके कही और तो घोटाला नहीं किया गया हैं।

## दहेज के लिए महिला को कीड़ों वाली रोटी खाने को दी

**बरेली , अमृत विचार :** प्रेमनगर क्षेत्र में महिला ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए भूखा रखने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध पर कीड़े वाली रोटी खाने को दी। महिला की शिकायत के बाद एसपी सिटी के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहबाद निवासी शगुफ्ता जाहिद उर्फ नेहा ने बताया कि उनका निकाह दो फरवरी 2023 को सैय्यद आसिफ अली से हुआ था। निकाह के बाद पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। अजमेर शरीफ घूमने के लिए पांच लाख रुपये दहेज में लाने को कहा। उन्होंने मां से एक लाख रुपये लाकर दिए। इसके बाद भी पति सऊदी अरब जाने के लिए पांच लाख रुपये की मांग करने लगा। रुपये न देने पर पति आसिफ, ननद कशाना और सास नसीम बेगम मारपीट करने लगे। सास कई दिनों तक भूखा रखती थी और कीड़ों वाली रोटी खाने को देती थी। रिश्तेदारों से जानकारी हुई कि आसिफ पहले से तलाकशुदा है उसने पहले पत्नी को भी दहेज के लिए तलाक दिया था। शगुफ्ता ने सास से जेवर मांगे तो उसने देने से मना कर दिया और मारपीट कर घर से निकाल दिया था। प्रेमनगर थाने में शिकायत की लेकिन समझौता कराया। एसपी राहुल भाटी से शिकायत के बाद प्रेमनगर थाने में आसिफ, कशाना, गुडिया, सैफ, रहीमउद्दीन और नसीम बेगम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### राहुल मिस्टर और अंजलि मिस फ्रेशर चुनी गईं

**बरेली, अमृत विचार :** ज्योति कॉलेज आफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी के नर्सिंग विभाग में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्रबंध निदेशक डीडी शर्मा और उपनिदेशक अखिलेंद्र सिंह ने की। शिक्षिका जूही ने अतिथियों का स्वागत किया। बीएससी नर्सिंग से राहुल को मिस्टर और एएनएम से अंजलि को मिस फ्रेशर चुना गया। मिस्टर और मिस टैलेंट का खिताब जीएनएम प्रथम वर्ष के अमन और बीएससी की मनु को दिया गया। कार्यकारी अधिकारी आरएस पाल, उपप्राचार्य विवेक त्रिवेद, शिक्षिका अखिला, वर्षा सक्सेना ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विवियन जैकव, अनविता स्टेनले आदि मौजूद रहे।

### व्यक्तित्व अध्ययन प्रणाली पर हुई कार्यशाला

**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में शनिवार को व्यक्तित्व अध्ययन पद्धति पर दो दिवसीय कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के अनुसार स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को प्रोजेक्ट और लघु शोध के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनामिका कौशिबा ने प्रोजेक्ट बनाने में प्रयुक्त होने वाली सभी विधियों को छात्रों को सविस्तार समझाया। प्राचार्य प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा रावत और छात्राएं मौजूद रहीं।

### कलश यात्रा से होगी भागवत कथा की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** महादेव सेवा ट्रस्ट की ओर से सुभाष नगर स्थित तपेश्वरनाथ मंदिर परिसर में रविवार से साप्ताहिक भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की जाएगी। शनिवार को मंदिर परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के प्रवक्ता विकास पासवान ने बताया कि कलश यात्रा मंदिर से शुरू होगी, जो सुभाष नगर मुख्य बाजार होते हुए चौरासी घंटा मंदिर पहुंचकर वापस तपेश्वर नाथ मंदिर पर समाप्त होगी। कथा व्यास पंडित अतुलेश्वर ने बताया कि 17 मार्च को निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडेलश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी आएंगे। अध्यक्ष संजय कटेरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र मोहन सक्सेना, महामंत्री शिवम मिश्रा, मंत्री सौरभ दीक्षित, संगठन मंत्री शुभम द्विवेदी, आकाश पुष्कर, सुधांशु शर्मा, राजाराम, हरेदव, विशाल शर्मा, मुकेश पासवान, अंकित पाल मौजूद रहे।

### आनंद आश्रम में आज होगा भव्य फाग महोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** श्री श्याम सेवादार परिवार की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वालों का पंचम भव्य फाग महोत्सव रविवार को आनंद आश्रम में आयोजित होगा। कार्यक्रम शाम सात बजे से शुरू होगा। सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संस्था के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव में श्री श्याम मंदिर, खाटू धाम से सेवादार गुलशन पुजारी एवं कानपुर से राम पांडे आ रहे हैं, जो श्री श्याम प्रभु का गुणगान कर भजनों की प्रस्तुति देंगे। बरेली के शिवम शर्मा, कुक्की अरोड़ा, राहुल जौहरी और मुकेश सांवरिया भी भजन प्रस्तुत करेंगे। अभिनव अग्रवाल ने बताया कि फूलों के साथ इत्र की होली खेली जाएगी। कीर्तन के बाद श्री श्याम प्रभु की आरती की जाएगी। छप्पन भोग का वितरण किया जाएगा। अरविंद अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, नीरज गोयल, रोशन निमानी, रमेश निमानी, राघव आदि मौजूद रहे।

### कैलाश नदी में अवैध खनन की शिकायत

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव भौआ बाजार के भाजपा के युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सूरज राठौर ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अवैध खनन की शिकायत की। उन्होंने कैलाश नदी से हो रहे खनन पर रोक लगाने की मांग की। खनन करने वाले अंधेरे में नदी से रेत निकाल रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन इस पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही। प्रशासन की लापरवाही से रेत का कारोबार करने वाले धड़ल्ले से कैलाश नदी का सीना छलनी करने में जुटे हैं। यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो नदी के किनारे खोखले हो जाएंगे, इस वजह से न तो नदियों में पानी रूकेगा और न कटान पर अंकुश लग पाएगी।

### शराब के नशे में दबंगों ने दो भाइयों को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में शराब पीकर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर चार लोगों ने दो भाइयों की जमकर पिटाई कर दी। घायलों की शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नरियावल बाजार निवासी शकुन्तला ने बताया कि शुक्रवार देर शाम पड़ोसी आकाश, उनके बेटे अरुण और कुनाल के साथ शराब के नशे में गाली-गलौच कर रहा था। विरोध पर आकाश, अन्ना, सुनीता और टल्लई ने दोनों की लात घूसों से पिटाई कर दी। आरोप है कि विरोध पर आकाश ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे अरूण, कुनाल और देवर के बेटे कबीर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ठगी के मामले में दोनों पक्षों में समझौता

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में दो दिन पहले सामने आए ठगी के मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। पीड़ितों ने अब दरोगा को बेकसूर बताया है। बदायूं के थाना वजीरगंज के गांव सैदपुर के रहने वाले युवक ने कैंट थाना क्षेत्र के गांव बरकलीगंज निवासी राजदा, मुन्नी, फातिमा और रानी से स्वयं को सरकारी कर्मचारी बताकर प्रधानमंत्री आवासों का सर्वे करने आया था। चारों महिलाओं का आरोप था कि उसने आवासों को स्वीकृत कराने का दावा कर प्रत्येक से 10-10 हजार रुपये ले लिए थे। इसके बाद वह टाल मटोल करने लगा था। काफी समय बीतने पर सभी पीड़ितों ने बीते दिनों आरोपी को किसी तरह पकड़कर हल्का इंचार्ज नरेन्द्र शर्मा के हवाले कर दिया। साथ ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन बाद में आरोपी को छोड़ दिया गया था। वहीं दरोगा नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अब दोनों पक्षों के बीच लेनदेन के मामले में आपसी सहमति से शुक्रवार देर रात लिखित समझौता हो गया है। जबकि, पीड़ित महिलाओं ने अब दरोगा नरेन्द्र शर्मा को बेकसूर बताया है।

### पार्क में पांच साल पहले लगे शिलापट पर आपत्ति जताई

**बरेली, अमृत विचार :** सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में त्रुटिवश लगे शिलापट को लेकर आपत्ति जताई गई है। इस संबंध में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में नायब तहसीलदार विनीत कुमार को ज्ञापन सौंपा। सेठ दामोदर स्वरूप के नाम पर बने पार्क का नाम बदलकर इनर व्हील साउथ ग्लोरी पार्क करने की आशंका जताते हुए फेडरेशन ने यह ज्ञापन दिया है। लेखक सुधीर विद्यार्थी ने कहा कि क्रांतिकारियों की विरासत को समाप्त करने की साजिश की जा रही है। बिहारीपुर निवासी सेठ दामोदर स्वरूप एक महान क्रांतिकारी रहे। जिनके नाम पर चौकी चौराहे के पास पार्क बनाया गया था। पीयूसीएल के टीडी भास्कर ने कहा कि क्रांतिकारियों के इतिहास और महत्व को समझना होगा। इंकलाबी मजदूर केंद्र के ध्यान चंद मौर्य ने कहा कि हम क्रांतिकारियों की विरासत को नष्ट नहीं होने देंगे। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अगुवाई में ज्ञापन दिया गया। महामंत्री संजीव मेहरोत्रा, डॉ अंचल अहेरी, सीपी सिंह मो. फैसल, ललित चौधरी, राजेश तिवारी, लाल, विपिन कैलाश आदि मौजूद रहे। वहीं, इनर व्हील साउथ ग्लोरी की चार्टेड प्रेसिडेंट डॉ. नीलू मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2018 में पार्क को मिशन ममता के तहत एक वर्ष के लिए संस्था ने गोद लिया था। इस दौरान पार्क का पदाधिकारियों की ओर से जीर्णोद्धार किया गया। उस दौरान त्रुटिवश एक पत्थर लगा, जिस पर पहले भी आपत्ति जताई थी। संस्था क्रांतिकारियों का सदैव सम्मान करती रहेगी। संस्था आज भी पार्क को सेठ दामोदर पार्क के नाम से संबोधित करती है।

# फूलों को देखकर खिल उठे चेहरे

**बरेली,अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में शनिवार को पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पुष्पों का प्रदर्शन किया गया। गुलाब, गेंदा, रात की रानी, जस्मीन, कन्देला, कैलेंड्यूला आदि फूलों की खुशबू से पूरा कॉलेज परिसर महक उठा। रंग -बिरंगे फूलों को देखकर लोगों के चेहरे भी खिल उठे।

पुष्प प्रदर्शनी का आनंद लेते विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा साथ में अधिवक्ता शिरीष मेहरोत्रा।

पुष्प प्रदर्शनी में लोगों को फूलों की प्राकृतिक सुंदरता और उनके गुणों के बारे में बताया गया। कॉलेज के सेक्रेटरी और बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन श्रीश मेहरोत्रा ने बताया कि यह प्रदर्शनी पिता स्व. रमेश कुमार मेहरोत्रा रम्मी बाबू की स्मृति में हर साल आयोजित की जाती है। रविवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन का वितरण करेंगे और प्रदर्शनी को भी देखेंगे। वर्तमान में 35 संस्थानों से 1200 से अधिक प्रविष्टियां पहुंच चुकी हैं, विभिन्न प्रजातियों के रंग बिरंगे फूलों से पूरा परिसर सजा रहा। इस मौके पर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, वीर पाल सिंह यादव, अनिल द्विवेदी, डॉ. आलोक खरे, मनोज हरित, शिवालिका मेहरोत्रा समेत अन्य रहे।

# सिलेंडर सस्ता होने पर खिले गृहणियों के चेहरे

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल से एलपीजी सिलेंडर 100 रुपये सस्ता होने का एलान किया है। जिसके बाद से गृहणियों के चेहरे खिल उठे हैं। उनका कहना है कि इससे राहत मिलेगी।

चुनाव से पहले महिला मतदाताओं को रिझाने की पूरी कोशिश की गई है। फिलहाल, बरेली में 921 रुपये का बिक रहा घरेलू एलपीजी सिलेंडर सौ रुपये घटने के बाद 821 रुपये में मिलेगा। इंडियन ऑयल बरेली के सेल्स मैनेजर मुकेश कुमार ने बताया कि नई दरें लागू हो गई हैं।

- महिलाओं ने सिलेंडर के दाम घटाने पर प्रधानमंत्री के कदम को सराहा

> प्रधानमंत्री ने महिलाओं को महिला दिवस पर अच्छा तोहफा दिया है। इस कटौती से रसोई का बजट जाहिर तौर पर सुधरेगा।
> **रुक्शी खान**, पुराना शहर

> छोटी-छोटी बचत से ही घर का बजट सुधरता है, पहले दौ सौ रुपये घटाए गए थे, अब सौ रुपये कम किए गए हैं। प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं।
> **नूरीन खान**, पुराना शहर

> रसोई को गृहणियां ही संभालती हैं। सिलेंडर की कीमतों में कटौती से महिलाओं को ही राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री का यह कदम सराहनीय है।
> **दीपमाला अग्रवाल**, शाहबाद

> सिलेंडर सस्ता होने से रसोई का बजट सुधरेगा और महंगाई से थोड़ी राहत मिलेगी। अन्य वस्तुओं के भी दाम कम किए जाएं।
> **दुर्गा रानी**, जाटव पुरा

> घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर एक साथ सौ रुपये कम होना राहत की बात है। इस कटौती से रसोई का भार काफी हद तक कम होगा। इससे महिलाओं को गृहस्थी चलाने में काफी राहत मिलेगी।
> -**शिल्पी अग्रवाल**, बड़ा बाजार

# किसान देसी और साहीवाल गाय से बढ़ाएं अपनी आय

**राजपुर कलां, अमृत विचार :** किसान अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए देसी और साहीवाल गायों का पालन करें। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर हरी नगर अलीगंज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला प्रचारक धर्मेंद्र जी ने कहा कि पहले ज्यादा गाय पालने वाले व्यक्ति को ही ज्यादा संपन्न माना जाता था। आज लोग अपने ही बूढ़े मां -बाप को वृद्ध आश्रम में छोड़ रहे हैं ,इस तरह बूढ़े गोवंश को उसका दूध पीने के बाद पशुपालक उसे दर-दर की ठोकर खाने को छोड़ रहे हैं । पहले किसान बैलों से खेती करते थे, लेकिन आज 90% लोग बैलों की बजाय आधुनिक उपकरणों से खेती कर रहे हैं, जिससे लघु उद्योग ठप हो रहे हैं। कार्यक्रम में आईबीआरआई के डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि किसान अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए देसी तथा साहीवाल गायों का पालन कर बेहतर दुग्ध उत्पादन करें रें। कार्यक्रम में नीरज सोमपाल सिंह कौशलेंद्र रोहित गुप्ता रितिक गुप्ता रामपाल गोस्वामी हरिश्चंद्र आदि सहित सैकड़ों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दहेज में बाइक और गहने के लिए रिश्ता तोड़ा

**दुनका, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक युवक ने बेटी का विवाह एक साल साल पहले रामपुर के एक युवक से रिश्ता तय किया था। शादी इसी साल अप्रैल में होनी थी, रिश्ता तय करने के समय शादी की तैयारी में लगा था तीन दिन पहले वर पक्ष मेर घर आया और गालियां देते हुए बोले हमें बुलेट और सोने की चेन दो तभी शादी करेंगे ।

### मीरगंज में एक ही रात तीन घरों से चोरी

मीरगंज, अमृत विचार : पुलिस की सुस्त कार्यशैली की वजह से चोरों के हौंसले बुलंद हैं। क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं ।शुक्रवार रात शुजातपुर में चोरों ने शईदा बेगम के घर से एक बक्सा जिसमें एक सोने की अंगूठी और एक मांग पट्टी सोने की और तीन चांदी की अंगूठी कपड़े और नकदी 1000 रुपये चोरी करके ले गए। सुबह उसने देखा कि खेत में खाली बक्सा और आभूषणों की डिब्बी और बैग पड़ा मिला। बक्से से चोर कपड़े तक उठा ले गए थे, पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इसके अलावा गांव दियोसास में प्रदीप कुमार के घर से चोरों ने घर में बंधी भैंस चोरी कर ली और कुछ ही दूरी पर पप्पू के घर से दो भैंस और एक बड़ा कटरा चुरा ले गए ।पीड़ितो ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

# जुर्माने से बचें, 15 तक जमा करें अग्रिम कर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः आयकर विभाग के सभागार में शनिवार को अग्रिम आयकर विषय पर गोष्ठी हुई, जिसमें आयकर बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट, आयकर अधिकारी और कारोबारियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं प्रधान आयकर राधे श्याम ने करदाताओं से अग्रिम कर की आखिरी किस्त 15 मार्च तक जमा कराने की सलाह दी। कहा कि समय से अग्रिम कर जमा करने पर जहां कारोबारियों का लाभ मिलता है, वहीं जमा न कराने वालों पर विभाग ब्याज सहित जुर्माना लगाएगा। उन्होंने व्यापारियों एवं करदाताओं की समस्याओं का समाधान भी किया।

राजा चावला, विशाल रत्न अग्रवाल, प्रदीप तिवारी, गौरव अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, शरद मिश्रा, विजय गोयल, पीसी शर्मा, नितीश टंडन, राज कुमार अग्रवाल, दुर्गेश खटवानी, ज्योत्सना देवी अपर आयकर आयुक्त, योगेश श्रीवास्तव उप आयकर आयुक्त, दीपक सिंह के अलावा आईटी बार एसोसिएशन, आईसीएआई एसोसिएशन, सर्राफा मंडल और व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। संचालन आयकर निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने किया।

एडवांस टैक्स पर आयोजित सेमिनार में व्याख्यान करते वक्ता।

**इन लोगों को भरना है अग्रिम कर :** अग्रिम कर को एडवांस टैक्स भी कहा जाता है।अपर आयकर आयुक्त ज्योत्सना देवी ने कहा कि आयकर कानून-1961 की धारा 208 के तहत हर व्यक्तिगत करदाता को एडवांस टैक्स भरना होता है। इसमें व्यापारी, नौकरीपेशा या ऐसे करदाता शामिल होते हैं, जिनकी कई स्रोतों से आय होती है। अप्रैल से जून के दौरान होने वाली आय पर यह टैक्स लगता है।

# वायु प्राणशक्ति की संचालक

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं।

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते में सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राणी का प्राण हैं,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य हे वै प्राणौ-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछतें हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतों आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वायु से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थो को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# जिंदगी में सजगता जरूरी

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

# भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।

वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

# कविता तूने मुझको क्या दिया

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं, कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।

# मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत प्रोफेसर

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताईए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

# पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

## एक नजर

### शिव बरात में करंट मामलाः आयोजकों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**कोटा (राजस्थान)।** महाशिवरात्रि पर आयोजित शिव बारात के दौरान 16 बच्चों और दो अन्य के करंट से झुलसने के मामले में तीन आयोजकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 5-10 प्रतिशत झुलस चुकी 12 वर्षीय एक लड़की को शनिवार को 'बर्न इंजरी वार्ड' (आग से झुलसे लोगों के उपचार का कक्ष) में भर्ती कराया गया। एमबीएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. धर्मराज मीणा ने बताया कि एक बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि बाकी का 'बर्न इंजरी वार्ड' में इलाज जारी है। मीणा ने कहा कि जयपुर के एसएमएस अस्पताल में गंभीर रूप से झुलसे पांच बच्चों की हालत स्थिर है। शनिवार शाम को जारी विभाग के प्रमुख की एक रिपोर्ट के अनुसार, 13 में से दो मरीज 'इनोट्रोपिक सपोर्ट' (हृदय के संकुचन को घटाने-बढ़ाने संबंधी उपचार) पर हैं और बाकी की हालत स्थिर है।

### प्रधानमंत्री कल करेंगे गुरुग्राम का दौरा, यातायात परामर्श किए जारी

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के मद्देनजर गुरुग्राम यातायात पुलिस ने सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने के संबंध में शनिवार को एक परामर्श जारी किया। यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री उसी दिन यहां अंतरिक्ष चौक के पास एक रैली को संबोधित भी करेंगे, जिसके कारण क्षेत्र में यातायात जाम होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इसलिए यह सलाह दी जाती है कि 11 मार्च को शाम चार बजे तक 'द्वारका क्लोवर लीफ' से आईएमटी की ओर जाने वाले लोग अंतरिक्ष चौक मार्ग का उपयोग केवल तभी करें जब यह अत्यंत आवश्यक हो। परामर्श में कहा गया, रैली में भीड़ के मद्देनजर अंतरिक्ष चौक रोड कुछ देर के लिए बंद रहेगा।

### धर्मेंद्र प्रधान ने प्रारंभिक शिक्षा के लिए 52 लघु पाठ्यपुस्तकों को जारी किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बच्चों को अपनी मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा के लिए शनिवार को जनजातीय भाषाओं सहित भारतीय गैर-अनुसूचित भाषाओं में 52 लघु पाठ्यपुस्तकें जारी की। उन्होंने कहा, भारतीय गैर-अनुसूचित भाषाओं में 52 लघु पाठ्यपुस्तकें युवा शिक्षार्थियों के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बनने जा रही हैं, विशेष रूप से बच्चों की शुरुआती शिक्षा के लिए, जो उन्हें उनकी मातृभाषा, स्थानीय भाषा में शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगा। प्रधान ने कहा यह गहरी समझ, निरंतर सीखने और स्वदेशी संस्कृति से जुड़ाव के साथ शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास तीन बारूद सुरंगें निष्क्रिय की गईं

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के नज़दीक तीन बारूदी सुरंगों का पता चलने के बाद शनिवार को उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मंढेर उपमंडल के मनकोटे सेक्टर में अग्रिम इलाकों में विभिन्न स्थानों पर गश्त करने के दौरान सेना के जवानों ने इन शक्तिशाली बारूदी सुरंगों को देखा। उन्होंने बताया कि फौरन विशेषज्ञों को बुलाया गया और इन बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय किया गया।

### जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए 'कैच द रेन-2024' अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने वर्षा जल संचयन और अन्य सतत जल प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन-2024' नामक अभियान शुरू किया। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय राजधानी में इस अभियान की शुरुआत के अवसर पर संबोधित करते हुए जल प्रबंधन, संरक्षण और सतत प्रणालियों के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया। 'नारी शक्ति से जल शक्ति' विषय पर केंद्रित यह कार्यक्रम नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद के सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। शेखावत ने कहा कि 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण और जल संसाधनों के स्थायी प्रबंधन के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करना है। 'जल शक्ति अभियान 2019 से 2023'-जल सुरक्षा की ओर अग्रसर एक जन नेतृत्वकारी आंदोलन' नामक एक वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया।

# कई शहरों में कुट्टू का आटा खाने से 200 से अधिक लोग बीमार

मंडी धनौरा/ कैसरा/ नोएडा

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि व्रत के दौरान शुक्रवार को कुट्टू का आटा खाने से नगर व कई गांव के करीब 100 से अधिक लोग बीमार हो गए। आनन-फानन में मरीजों को विभिन्न निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं कुछ का घर पर ही इलाज चल रहा है। जहां डॉक्टरों ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताई है। वहीं, उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में ग्रेटर नोएडा के एक निजी छात्रावास में महाशिवरात्रि के मौके पर व्रत का भोजन खाने के बाद करीब 100 छात्र बीमार हो गए।

अमरोहा के अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल जानतीं एसडीएम, साथ में सीओ।

- खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर भरे सैंपल, पूर्व चेयरमैन और उनके परिजनों की हालत भी बिगड़ी
- नोएडा के एक निजी छात्रावास में महाशिवरात्रि के दिन व्रत में बच्चों ने खाया कुट्टू का खाना, बीमार

नगर व क्षेत्र के कई गावों में शुक्रवार देर शाम श्रद्धालुओं ने व्रत के बाद शाम को कुट्टू के आटे की पकौड़ी, पूड़ी और पराठे बनाकर व्रत का पारण किया था। देर रात नगर के मोहल्ला शिवपुरी, महादेव, हीरानगर सहित क्षेत्र के गांव विहापुरी, कमालपुर, कलाली, फतेहपुर छितरा सहित अन्य गावों के 100 से अधिक लोग उल्टी दस्त और घबराहट महसूस करने लगे। इसके बाद फूड प्वॉइजनिंग की शिकायत पर आनन-फानन में परिवार के लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

मोहल्ला शिवपुरी में पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने बताया कि उनके परिवार के कई सदस्यों ने कुट्टू से बने व्यंजन खाए थे। इसके बाद से ब्लड प्रेशर लो हो गया। उन्हें चक्कर आने की शिकायत हुई। फूड प्वॉइजनिंग हो गया।

वहीं, उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में ग्रेटर नोएडा के एक निजी छात्रावास में महाशिवरात्रि के मौके पर व्रत का भोजन खाने के बाद करीब 100 छात्र बीमार हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अलग-अलग कॉलेज में पढ़ने वाले ये छात्र नॉलेज पार्क क्षेत्र की आर्यन रेजीडेंसी में रहते हैं और शुक्रवार रात भोजन करने के बाद कई विद्यार्थियों ने बेचैनी, चक्कर आने और उल्टी की शिकायत की। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि छात्रावास में महाशिवरात्रि के अवसर पर व्रत रखने वालों के लिए बनाई गई कुटू के आटे की पूरियां खाने के बाद 100 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। 80 बच्चों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि अन्य विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी।

# भाजपा, तेदेपा और जेएसपी ने मिलकर चुनाव लड़ने पर जताई सहमति, शाह ने दी बधाई

## नायडू बोले- साथ मिलकर हम अपने राज्य के लिए लाएंगे विकास और समृद्धि का सुनहरा युग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने 2024 के लोकसभा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने पर सहमति व्यक्त की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एन चंद्रबाबू नायडू की तेदेपा और पवन कल्याण की जेएसपी का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से आंध्र प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति में तेजी आएगी।

शाह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राजग सर्व-समावेशी राजनीति के एक मजबूत मंच के रूप में लगातार बढ़ रहा है। आज, मोदी जी के नेतृत्व में अपने विश्वास की पुष्टि करते हुए तेलुगु देशम पार्टी और जन सेना पार्टी राजग में शामिल हो गयी हैं। मैं एन चन्द्रबाबू नायडू और पवनकल्याण का राजग में स्वागत करता हूं। उनके सहयोग से आंध्र प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति में तेजी आएगी,। तेदेपा प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा, तेदेपा और जेएसपी के बीच गठबंधन सिर्फ एक गठबंधन नहीं है, बल्कि आंध्र प्रदेश और देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध तीन हितधारकों के बीच एक साझेदारी है। नायडू ने एक्स पर पोस्ट किया मुझे विश्वास है कि एक साथ मिलकर, हम अपने राज्य के लिए विकास और समृद्धि के एक सुनहरे युग की शुरुआत करेंगे। तेलुगु देशम पार्टी आंध्र प्रदेश के विकास और तेलुगु लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।



### तेदेपा 'बेशर्मी के साथ' राजग में वापस चली गईः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी के बीच गठबंधन की घोषणा के बाद शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश को उसका हक दिलाने में विफल रहे, लेकिन तेदेपा 'बेशर्मी' के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में फिर शामिल हो गई। भाजपा, तेदेपा और जनसेना पार्टी ने आंध्र प्रदेश व वहां के लोगों की प्रगति के लक्ष्य को हासिल करने के मकसद से गठबंधन किया है और एक-दो दिन में सीट बंटवारे के तौर तरीके पर वे बातचीत करेंगे। तीनों दलों ने शनिवार को जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 2018 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया था क्योंकि प्रधानमंत्री राज्य के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा देकर आंध्र प्रदेश को उसका हक दिलाने में विफल रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए 1.13 करोड़ मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

सुलभ और समावेशी न्याय प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) ने शनिवार को 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तालुकों, जिलों और उच्च न्यायालयों में 2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया जिसमें कुल 1.13 करोड़ मामले निपटाए गए।

देश भर के राज्य विधि सेवा प्राधिकरणों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम छह बजे तक पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,13,60,144 मामले निपटाए गए जिनमें 17,14,056 लंबित मामले और 96,46,088 अन्य मामले शामिल हैं। कहा गया कि इन मामलों में कुल निपटान राशि का अनुमानित मूल्य 8,065.29 करोड़ रुपये था।

निपटाए गए मामलों की संख्या बढ़ेगी क्योंकि कुछ राज्य विधि सेवा प्राधिकरणों से रिपोर्ट का इंतजार है। बताया गया है कि आंकड़े विवाद समाधान के लिए वैकल्पिक तंत्र की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं और यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को दर्शाता है। वैधानिक दर्जे वाली लोक अदालतें एक त्वरित, किफायती और प्रभावी वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र प्रदान करती हैं, जो विवादों को अंतिम निर्णयों के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाती हैं।

### ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनने के लिए राजस्थान आज रचेगा कीर्तिमान

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं निरंतर प्रयासों से प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रविवार को नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रदेश में ऊर्जा प्रसारण तंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं थर्मल एवं अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की नई परियोजनाओं की स्थापना के लिए राज्य सरकार एवं केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य विभिन्न एमओयू तथा पावर परचेज एग्रीमेंट होगा।



राज्य में 31 हजार 825 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाओं सहित ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए राज्य की तीन विद्युत निगमों एवं छह केन्द्रीय उपक्रमों के उच्च अधिकारियों के मध्य रविवार सुबह मुख्यमंत्री कार्यालय में पांच एमओयू तथा एक पावर परचेज एग्रीमेंट किया जाएगा। प्रदेश में थर्मल एवं अक्षय ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए एमओयू एवं पीपीए होंगे और इन समझौतों के तहत 3325 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाओं के लिए राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएन) के साथ कोल इंडिया लिमिटेड, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) तथा एनएलसी इंडिया के मध्य एमओयू किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आज 1040 गरीबों को देंगे लाइट हाउस प्रोजेक्ट का तोहफा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 1040 गरीबों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का तोहफा देंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल तरीके से प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे।

इस दौरान प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सपनों के घर की चाबी सौंपेंगे। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चेलेंज इंडिया के तहत आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर पांच में इन मकानों का निर्माण कराया है। 14 मंजिला इस इमारत में नवीन स्टे इन प्लेस फार्मवर्क तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से बने मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनवरी 2021 को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास

- 10 लाभार्थियों को सपनों के घर की चाबी, आजमगढ़ से करेंगे वर्चुअल लोकार्पण
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अवध विहार योजना में बनाये गए हैं 1040 मकान
- देश में छह जगहों पर बनाये गए हैं अलग-अलग तकनीक पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट

किया था। परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपए है।

**34.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं 1040 फ्लैटः** लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमीटर कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन बनाये गए हैं। परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्युनिटी सेंटर, कॉमर्शियल सेंटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेजने, आन्तरिक सड़कें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट, खुला हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि सुविधाएं दी गयी हैं।

### लाभार्थियों को देने होंगे 5.26 लाख रुपये

एक आवास की लागत 12 .59 लाख रुपये है। लेकिन लाभार्थियों को 5 .26 लाख रुपये देने होंगे। परियोजना के लिए भारत सरकार ने केंद्रांश 1 .50 लाख रुपये के अलावा टीआईजी के रूप में 4 लाख रुपये दिए हैं। राज्य सरकार ने एक लाख रुपये और टीआईजी के रूप में 1 .33 लाख रुपये दिए हैं। परियोजना में कुल 7 .83 लाख रुपये अनुदान दिया गया है। उत्तर प्रदेश सहित देश के छह राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट तैयार किये गए हैं। इन बहुमंजिला इमारतों में हर जगह अलग-अलग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। लखनऊ के अलावा, चेन्नई, राजकोट, रांची, त्रिपुरा और इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए आवास बनाये गए हैं।


**प्रा.वि. गनेशपुर गौटिया वि.क्षे. मरौरी जिला पीलीभीत**

पत्रांक : 3227/ 37-5 **नीलामी सूचना** दिनांक : 28.02.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा. विद्यालय गनेशपुर गौटिया वि.क्षे. मरौरी न्यायपंचायत-हिम्मतनगर जिला पीलीभीत के विद्यालय प्रांगण में खड़े छः वृक्षों की नीलामी दिनांक 11.03.2024 दिन सोमवार को समय दोपहर 12 बजे प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर गौटिया के प्रांगण में की जायेगी जो भी सज्जन उपरोक्त वृक्षों को लेना चाहे वह प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर गौटिया में जाकर नीलामी वाले 6 वृक्षों को भली भांति देख लें और निर्धारित नीलामी तिथि व निश्चित समय पर उपस्थित होकर निर्धारित जमानत राशि 3000/- रूपये व पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ छाया प्रति जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर बोली लगा सकते हैं। नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तो की जानकारी के लिये विद्यालय कार्य दिवस में विद्यालय समयावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति (प्रा.वि. गनेशपुर गौटिया)
वि.क्षे.-मरौरी जिला पीलीभीत



**कार्यालय ग्राम पंचायत विलौआ, वि.खं. भुता (बरेली)**

पत्रांक : 18 लेखा/निविदा/वर्ष 2023-24 दिनांक 08.03.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि ग्राम पंचायत विलौआ में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य- जानकी के घर से नन्द राम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना हे, जिसकी प्राक्कलन धनराशि 3.97 लाख है। सामग्री- सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, प्रथम ईंट, रोड़ा हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है। पंजीकृत फर्म दिनांक 14.03.2024 तक निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत में दोपहर तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोली जायेगी।

भगवान दास
ग्राम प्रधान

सुरेन्द्र पाल
सचिव



**कार्या. ग्रा.पं. कनगवां गुगोआ विकास खण्ड सहसवान (बदायूं)**

पत्रांक : मैमो/मनरेगा निविदा/2023-24 दिनांक : 09.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत (जी.एस.टी. पंजीकृत) फर्मो विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नांकित ग्राम पंचायत में मनरेगा/ग्राम निधि योजनान्तर्गत कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार किये जाने हेतु आमंत्रित किया जाता है। निविदायें ग्राम पंचायत में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 13.03.2024 तक डाल सकते हैं। निविदा उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे खोली जायेंगी। सम्बंधित कार्यो की निविदा किसी भी कार्य दिवस में सम्बंधित ग्राम पंचायत सचिव से नगद मूल्य रूपये 118 (कर सहित) जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। सामग्री व दरों का विवरण प्रपत्र कर अंकित हैं। प्राप्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण प्राक्कलन पर अंकित है तथा कार्यो का विवरण निम्नवत है :-

| क्र. | कार्य का नाम | ल.Xचौ. | अ. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | अमर सिंह के घर से राकेश के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य। | 48X5.70 मी. | 394614 |

प्रधान सचिव



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ जनपद-खीरी**

पत्रांक : 453/ई-टेन्डर न.पा.प.गोला/2023-24 दिनांक : 05.03.2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना द्वारा प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी। किसी कारणवश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला दिवस मानी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा खरीदने की तिथि व समय<br>ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 09.03.2024 समय 11:00 बजे से<br>14.03.2024 समय 02:00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय<br>ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 09.03.2024 समय 11:00 बजे से<br>14.03.2024 समय 02:00 बजे तक |
| ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 14.03.2024 समय 03:00 बजे |
| फाइनेन्शियल बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड स्वीकृत होने स्वीकृत होने के उपरान्त |

**नोट :** 1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

रत्नाकर मिश्रा
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. गोला

विजय शुक्ला
अध्यक्ष
न.पा.प. गोला


# कुछ ही हफ्ते में भाजपा छोड़ फिर आप में लौटीं दो पार्षद

चंडीगढ़, एजेंसी

- 19 फरवरी को पार्षद पूनम और नेहा मुसावत व एक अन्य पार्षद भाजपा में हुए थे शामिल

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के कुछ ही हफ्ते बाद चंडीगढ़ नगर निगम की दो पार्षद शनिवार को फिर से आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गईं।

यह घटनाक्रम कांग्रेस-आप गठबंधन के चंडीगढ़ नगर निगम के वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर चुनाव हारने के कुछ दिनों बाद हुआ है। आप ने एक बयान में कहा कि पार्षद पूनम कुमारी और नेहा मुसावत शनिवार को आप में लौट आईं। दोनों नेता शनिवार को आप के सह-प्रभारी सनी अहलूवालिया की मौजूदगी में दोबारा आप में शामिल हुईं। कुमारी, मुसावत और एक अन्य पार्षद 19 फरवरी को भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे एक दिन बाद उच्चतम न्यायालय में चंडीगढ़ महापौर चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई होनी थी।

इनके पाला बदलने से आप-कांग्रेस गठबंधन का बहुमत संकट में पड़ गया था। कुमारी और मुसावत के आप में लौटने के बाद चंडीगढ़ नगर निगम के 35 सदस्यीय सदन में पार्टी के पार्षदों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जबकि भाजपा पार्षदों की संख्या घटकर 15 रह गई है। कांग्रेस के सात पार्षद हैं जबकि अकाली दल का एक पार्षद है।

# सपा नेताओं की दबंगई, टोल बूथ का बैरियर तोड़कर निकाला काफिला

सोहावल,अयोध्या

**अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पर सपा नेता की दबंगई का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सपा नेता के काफिले में शामिल कई वाहन टोल बूथ का बैरियर तोड़कर निकल गए। समर्थकों ने टोल के दो लेन को फ्री करा दिया और काफिले में शामिल वाहनों को बिना टोल टैक्स दिए पार कराया।

टोल कर्मियों ने जब इसका विरोध जताया तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वाहनों का काफिला निकल जाने के बाद टोल प्रबंधक की शिकायत पर रौनाही थाना पुलिस ने सपा नेता व उनके समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। खलीलाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा सांसद भालचंद यादव के पुत्र सुबोधचंद्र यादव शनिवार को लखनऊ मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा में शामिल होने के बाद अपने समर्थकों के साथ गृह जनपद जा रहे थे। गत विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी से टिकट न मिलने पर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया था। लखनऊ से अयोध्या जा रहे सपा के झंडे लगे वाहनों का काफिला पूर्वाह्न रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पहुंचा तो कर्मियों ने वाहनों को रोकने की कोशिश की। समर्थक उतरे और बैरियर को मोड़ दिया व काफिले में शामिल वाहनों को बिना टोल दिए पार कराने लगे।

### कई वाहन चालकों ने उठाया मौके का फायदा

सपा समर्थकों और टोल कर्मियों के बीच वाद-विवाद का फायदा कई और वाहन चालकों ने भी उठा लिया। बताया जा रहा है कि सपा झंडे लगे लग्जरी गाड़ियों का काफिला जैसे ही आगे निकला वैसे ही कुछ और गाड़ियां तेज रफ्तार में बैरियर से क्रॉस हो गईं। टोल प्लाजा प्रबंधन की शिकायत पर सपा नेता सुबोध चंद्र यादव व उनके कुछ समर्थकों के खिलाफ धमकी और नुकसान पहुंचाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है। मारपीट का मामला सामने नहीं आया है।

**-पंकज सिंह,** प्रभारी निरीक्षक, रौनाही


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष पुत्र स्व. रामचन्द्र निवासी हैदरगंज, अलीगंज, बरेली सम्पत्ति स्थित हैदरगंज उर्फ अलीगंज तह. आंवला बरेली को सेवा गृहऋण लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है- उक्त संपत्ति के वावत, श्रीमती विमला गुप्ता पत्नी- कृष्ण पाल गुप्ता ग्राम दुगरैया जिला बदायूं, श्रीमती मुन्नी गुप्ता पत्नी सुरेश बाबू गुप्ता शीशगढ़ मीरगंज, बरेली व श्रीमती कमला गुप्ता पत्नी रामौतार गुप्ता अलीगंज आंवला बरेली कि मूल निवासी है। इस संबंध में उक्त किसी व्यक्ति संस्था / बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 11 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या सेवा गृह ऋण लिमिटेड शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है। तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है। उक्त ऋण सुभाष पुत्र श्री स्व. रामचन्द्र को प्रदान कर दिया जायेगा।

आकर्षण तिवारी (एडवोकेट)
कार्यालय:- चैम्बर नं. 8, बी.एन. मिश्रा
प्रथम तल अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट
सिविल लाइन, कानपुर
मो. 9839065577


# भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़, महिला की मौत

नागपुर, एजेंसी

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में निर्माण श्रमिकों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा शनिवार को आयोजित बर्तन वितरण कार्यक्रम में भगदड़ मचने से 65 वर्ष की एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी।

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख सहित विपक्षी नेताओं ने इस घटना पर भाजपा की आलोचना की और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। कोतवाली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग क्षेत्र के कविवर्य सुरेश भट्ट सभागार में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। उन्होंने बताया कि पार्टी ने महाराष्ट्र भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को बर्तन और अन्य जरूरी वस्तुएं वितरित करने के लिए एक शिविर का आयोजन किया था। अधिकारी ने बताया कि लोग सुबह पांच बजे के आसपास ही कार्यक्रम स्थल के बाहर इकट्ठा होने शुरू हो गए और लाभार्थियों के लिए द्वार खोले जाने तक भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि जैसे ही भीड़ अंदर घुसी कुछ महिलाएं गिर गईं और उन्हें चोटें आईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनुबाई तुलसीराम राजपूत गिर गयीं और उन्हें आनन-फानन में एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आयी हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बलेही पहाड़पुर, वि.खं. मीरगंज (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023- 24 में स्वीकृत मनरेगा/पंचम वित्त आयोग योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | सामग्री का विवरण | मद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से कल्यान के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य 90 मी. | 3,78,712/- | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि। | मनरेगा/पंचम वित्त आयोग |
| 2. | कल्यान के घर से भरत के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य 90 मी. | 3,87,088/- | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि। | मनरेगा/पंचम वित्त आयोग |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 10/03/2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 13/03/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान सचिव

# त्योहारों के पहले प्रदेश में दंगा कराता था विपक्ष : मुख्यमंत्री

## अरबों रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर, जौनपुर और चंदौली में शनिवार को कहा कि विपक्षी दल प्रदेश में अपनी सरकार के दौरान भक्तों पर लाठियां चलवाता था। पर्व-त्योहार के पहले दंगा भी कराता था। केंद्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार न होती तो राम मंदिर नहीं बन पाता। उन्होंने लोगों को 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर में 10 एकड़ में 55 करोड़ से एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास, जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण, सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं और चंदौली के रामपुर मचिया में 743 करोड़ की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातारण था। चारों तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता हुआ सम्मान, घोटालों की लंबी श्रृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति बन चुकी थी। लेकिन आज एक नया भारत है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोगों से सवाल पूछा कि केंद्र व राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता।

जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का मुख्यमंत्री योगी ने किया अनावरण।

## खेलते समय घर के पास नाली में गिरी पांच साल की बच्ची, मौत

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरों कोतवाली के गांव बसंत नगर में घर के बाहर खेल रही बच्ची नाली में जा गिरी जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई थी, लेकिन परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया। गांव बसंत नगर निवासी कुमरपाल की पांच वर्षीय बच्ची आस्था हम उम्र बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह नाली तक जा पहुंची और पैर फिसल जाने से इसमें गिर गई। क्योंकि नाली में कीचड़ और पानी था। जब तक परिजनों को इसकी जानकारी मिली और वे मौके पर पहुंचे और बच्ची को बाहर निकाला तो उसकी सांसें चल रही थी, लेकिन हालत गंभीर थी। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नशे में पत्नी से मारपीट में 17 दिन के बेटे की डंडा लगने से मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में पति-पत्नी में विवाद हो गया। नशे में धुत पति ने पत्नी को पीटना शुरु किया, इसी बीच डंडा लगने से मां की गोद में 17 दिन के बेटे की मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी राकेश पुत्र हरपाल शराब पीने का आदी है। नशे की हालत में आए दिन पत्नी सुनीता तथा मां नेकसी से मारपीट करता रहता है। शुक्रवार देर शाम राकेश नशे में घर पहुंचा और पत्नी सुनीता से कहासुनी के बाद मारपीट करने लगा। सुनीता 17 दिन के बेटे हेमंत को लेकर कमरे में छिप गई, लेकिन राकेश वहां भी डंडा लेकर पहुंच गया और पिटाई करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान डंडा सुनीता के गोद में रहे हेमंत को लग गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर गांव करछली से सुनीता के मायके वाले भी पहुंच गए। राकेश ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की। जानकारी पर पुलिस पहुंची और राकेश को हिरासत में लेकर बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सुनीता की तहरीर पर आरोपी राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान किया गया है।

घटना की जानकारी देती नवजात की मां।

- **शराब पीने का आदी है पति पुलिस ने किया गिरफ्तार**

## सार-संक्षेप

### गिरफ्तारी वारंट से परेशान युवक ने दी जान

**रामपुर, अमृत विचार :** चोरी के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद तनाव में आए युवक ने फंदे पर लटककर जान दे दी। शनिवार सुबह उसका शव खेत में बिजली के खंभे पर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने शव उतारा और पुलिस को सूचना दी। मोहल्ला फर्राशान नई बस्ती (एसडीएम कॉलोनी) में भीमसेन का परिवार रहता है। परिजनों ने बताया कि संतोष दिवाकर (32वर्ष) पर मुरादाबाद में चोरी के मुकदमे चल रहे हैं। वह तारीखों पर कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ तो उसके खिलाफ वारंट जारी हो गए। संतोष काम करने पंजाब चला गया था। दो दिन पहले ही उसे कोर्ट जाने के लिए घर बुलाया गया लेकिन वह कोर्ट जाना नहीं चाहता था। शुक्रवार को उसने शराब पी और घर से निकल गया। शनिवार सुबह शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव लश्करगंज निवासी रामपाल के खेत में खंभे पर उसका शव लटका मिला। कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि संतोष तनाव में था।

### 105 दिन में 15,126 पर्यटक पहुंचे पीटीआर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने के साथ यहां देश-विदेश के पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले पर्यटन सत्र में 23, 525 पर्यटक पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे थे। जबकि, चालू पर्यटन सत्र के करीब 105 दिन में 15,126 पर्यटक पीटीआर आ चुके हैं। विदेशी पर्यटकों की आमद बढ़ने से साढ़े तीन माह में पिछले सत्र का रिकार्ड टूट गया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर को शुरू होकर 15 जून तक चलता है। यहां का प्रमुख पर्यटन स्थल चूका बीच प्राकृतिक सुंदरता की अद्भुत मिसाल है। प्रकृति को करीब से निहारने और बाघ व अन्य वन्यजीवों का दीदार करने के लिए देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। पर्यटक जंगल के बीचोंबीच बने चूका बीच की हटों में ठहरने के साथ जंगल सफारी का आनंद भी लेते हैं। देश के अलावा विदेशी पर्यटकों को भी पीटीआर खासा आकर्षित कर रहा है।

### लूट की साजिश करते बरेली का बदमाश गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने श्मशान घाट पर लूट की योजना बनाते बरेली के एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। एक शातिर भाग गया। मीरानपुर कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को शुक्रवार की रात एक बजे सूचना मिली कि कुछ बदमाश अस्पताल रोड पर श्मशानघाट पर लूट व चोरी की योजना बना रहे है। पुलिस ने घेराबंदी की तो एक युवक को दबोच लिया। जबकि एक मौका पाकर भाग गया। पकड़ा गया बदमाश शाकिर निवासी दोहरिया पचदौरा थाना भोजीपुर जिला बरेली है। उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। शाकिर पर विभिन्न धाराओं के सात मुकदमे पहले से दर्ज है। जबकि फरार बदमाश सलमान निवासी पदारथपुर, फरीदपुर जिला बरेली है। शाकिर पर पहले से चोरी आदि के 15 मुकदमें दर्ज है।

### सोही सिद्धपीठ के संत विदेह नंदनी शरण ब्रह्मलीन

**बिसौली, अमृत विचार :** सोही सिद्धपीठ के संत विदेह नंदनी शरण बरेली में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 75 साल के थे। पिछले कई दिनों से उनका बरेली रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। सूचना मिलते ही मंदिर पर हजारों शिष्यों का हुजुम आश्रम लग गया। शिष्य संत शरण महाराज ने बताया शाम सात बजे स्वामी का पार्थिव शरीर अपने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर आश्रम रामसेवक पुरम अयोध्या धाम लेकर रवाना हो गए। रविवार सुबह अयोध्या में सरयू नदी में जल प्रवाह होगा। विदेह नंदनी शरण महाराज मूलरूप से मदनापुर के निवासी थे। उनके शिष्यों ने बताया कि संत विदेह नंदनी शरण महाराज का वर्ष 1965 में सोई में आगमन हुआ था। इसके बाद वह यहीं के होकर हर गए। उन्होंने गांव में आश्रम का निर्माण कराया था। वह सुबह शाम भगवान के ध्यान में लीन रहते थे। इसके लिए उन्होंने आश्रम में एक गुफा का भी निर्माण करवाया था, जिससे वह एकांत में बैठकर ध्यान कर सकें। वर्तमान समय में उनके हजारों शिष्य हैं। उनमें कई मंत्री, विधायक और अधिकारी शामिल हैं। उनके निधन का समाचार मिलने पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी, शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता समेत कई नेता पहुंच गए। पार्थिव शरीर को बरेली से आश्रम पर लाया गया।

### अंग्रेजी नहीं जानने से इजरायल नहीं जा सकेंगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय कामगारों को इजरायल भेजने की मुहिम शुरू हुई है, उसमें जिले के कामगार भी भागीदार बनने जा रहे हैं। जनपद के कामगारों ने इजरायल जाने की इच्छा जताई थी, उनमें से ज्यादातर के अरमान पूरे होने से रह गए हैं। इसका कारण उनका अंग्रेजी बोलने में मात खाना है। सिविल वर्क करने इजरायल जाने के इच्छुक कामगारों के लिए कार्य के अनुरूप निर्धारित अर्हताएं पूरी करने के साथ ही अंग्रेजी बोलने व समझने की शर्त अनिवार्य की गई थी। प्लास्टरिंग, शटरिंग कारपेंटर, आयरन बेल्डिंग, सिरेमिक टाइल आदि कार्यों के लिए इजरायल जाने के इच्छुक श्रमिकों से आवेदन मांगे गए थे। जनपद में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एके पांडेय ने बताया कि निर्धारित कार्य के अनुरूप योग्यता होते हुए भी अधिकांश आवेदक अंग्रेजी की सामान्य समझ और इसे बोलने की अपेक्षित कुशलता होने के पैमाने पर मात खा गए।

## खेलते समय कक्षा दो के छात्र को आया हार्ट अटैक, गई जान

संवाददाता,फिरोजाबाद

**अमृत विचार :** थाना दक्षिण क्षेत्र में एक निजी स्कूल में लंच के दौरान खेलते समय कक्षा दो के छात्र की मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन के लोग बच्चे को आनन-फानन में सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। बालक की मौत का कारण जानने के लिए पैनल द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक आया है।

हिमायूपुर निवासी धनपाल का 8 वर्षीय पुत्र चंद्रकांत हिमायूपुर स्थित हंस वाहिनी इंटर कॉलेज में कक्षा दो का छात्र था। वह रोजाना की तरह शनिवार को सुबह स्कूल गया और भोजन अवकाश के समय खेल रहा था। इसी दौरान जब वह खेल कर क्लास रूम में जा रहा था, तभी अचानक वह गिर गया। छात्र के गिरते ही विद्यालय में हड़कंप मच गया। स्कूल की प्रधानाचार्य ने घटना की सूचना छात्र के परिजनों को दी। और छात्र को बेहोशी की हालत में लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे। परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। ट्रामा सेंटर में चिकित्सक ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। छात्र के मृत घोषित करते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## डांट से क्षुब्ध किशोरी ने लगाई फांसी

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज क्षेत्र के बेथर गांव की कक्षा-11 की छात्रा को मोबाइल पर बात करने पर परिजनों से डांट दिया। इससे नाराज छात्रा फंदे से लटक गई। खेत से लौटे परिजन शव लटका देख बेहाल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बेथर गांव निवासी साक्षी (15) पुत्री मनोज गौतम कक्षा-11 की छात्रा थी। वह शहर के एक स्कूल में पढ़ रही थी। गुरुवार को वह परिवार के साथ रिश्तेदारी में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। रात में सभी घर लौट आए थे। इस दौरान रात में उसे मोबाइल चलाता देख पिता ने डांट दिया।

## एक साल पहले फेसबुक पर हुई दोस्ती अब शादी के लिए थाने पहुंचीं दो छात्राएं

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाने में शनिवार दोपहर दो छात्राएं शादी करने के लिए पहुंच गईं। दोनों ने बताया कि उनके परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हैं जबकि, वे एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकतीं। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया और दोनों को उन्हें सौंप दिया। एक साल पहले दोनों की दोस्ती फेसबुक पर हुई थी। तभी से एक-दूसरे को प्रेम करने लगी थीं।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 12वीं की छात्रा का उत्तराखंड के रुद्रपुर की रहने वाली 10वीं की छात्रा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि काफी समय से दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहती थीं ,लेकिन उनके परिजन तैयार नहीं थे। शनिवार दोपहर रुद्रपुर की छात्रा करनपुर निवासी अपनी दोस्त के घर पहुंच गई। दोनों छात्राएं एक-दूसरे को गले लगाकर खूब रोईं। इस दौरान दोनों घर से भाग कर अजीमनगर थाने पहुंच गईं। पुलिस से शादी करने की जिद करने लगी। पुलिस ने दोनों के परिजनों को मौके पर बुला लिया। दोनों छात्राओं को समझाने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों के हवाले कर दिया।

### शादी का झांसा देकर 5 साल तक बनाए शारीरिक संबंध

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर पांच साल तक शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी करने को कहा तो युवक ने इनकार कर दिया। पीड़ित युवती ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। क्षेत्र के एक गांव के सिख समाज के युवक का दूसरे समाज की युवती से पांच साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान युवती लगभग दो या तीन बार गर्भवती हो गई थी।

## इरफान की जब्त संपत्ति के भौतिक सत्यापन के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **ईडी की छापेमारी में सपा विधायक के घर में खड़ी मिली थीं जब्ती में चिह्नित दो कारें**

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी की गैंगस्टर एक्ट में जब्त दो कारें उनके ही घर में खड़ी मिली थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों कारों को जब्त किया था। शनिवार को डीसीपी पूर्वी ने गैंगस्टर एक्ट के पूर्व विवेचकों के साथ बैठक कर जब्त संपत्तियों के भौतिक सत्यापन का निर्देश देते हुए विधायक व उनके साथियों की चिह्नित सभी संपत्ति जब्त करके 24 घंटे में रिपोर्ट देने के आदेश दिए।

सपा विधायक इरफान के घर बीते गुरुवार हुई ईडी की छापेमारी के बाद पुलिस की कार्यशैली की पोल खुल गई थी। दिसंबर 2022 में सपा विधायक के आत्मसमर्पण के बाद उनकी और शेष साथियों की चल-अचल संपत्ति चिह्नित की गई थी। फरवरी 2023 में इरफान के मालिकाना हक वाली तीन गाड़ियां ग्रैंड आई-10, टाटा सफारी व क्रेटा को सीज करने के आदेश हुए थे। लेकिन पुलिस ने ग्रैंड आई-10 व क्रेटा कार जब्त नहीं की थी।

ईडी की छापेमारी में यह कारें घर में खड़ी मिली थीं। एसीपी कोतवाली ने शुक्रवार को दोनों कारें सीज की थीं। शनिवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने जाजमऊ थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट में जांच और विवेचना कर चुके पूर्व जाजमऊ प्रभारी अरविंद सिंह सिसोदिया, पूर्व इंस्पेक्टर फीलखाना व वर्तमान में फजलगंज में तैनात सुनील कुमार सिंह, तत्कालीन फीलखाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह व जाजमऊ प्रभारी अजय मिश्रा के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि जब्त की गई संपत्तियों का पुनः भौतिक सत्यापन विवेचक व बीट कांस्टेबल मौके पर जाकर करें और 24 घंटे में इसकी रिपोर्ट दें।

## पेट्रोल पंप दिलाने का झांसा देकर 25 लाख ठगे

**गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा गांव के रहने वाले एक शख्स से मध्य प्रदेश के रहने वाले जालसाजों ने पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये ऐंठ लिए। मामले में पीड़ित ने धानेपुर थाने में दो जालसाजों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा के रहने वाले दुष्यंत कुमार तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कहा कि मध्यप्रदेश के हौशंगाबाद जिले के रहने वाले दीपक पाठक ने इंडियन ऑयल कंपनी के किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप दिलाने का वादा किया था। उसने दीपक की बात पर भरोसा कर उसके बताए गए बैंक खाते में 25 लाख रुपये भेज दिए। जब उसमे छानबीन की तो इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का बैंक खाता फर्जी निकला। पीड़ित ने बताया कि जब उसने अपने पैसे की मांग की तो दीपक ने उसे 25 लाख रुपए का चेक दे दिया।

# उत्तराखंड

## खंडूरी के बेटे मनीष भाजपा में शामिल

**देहरादून, अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष खंडूरी ने शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। वह पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के पुत्र एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के भाई हैं। शनिवार को परेड ग्राउंड स्थित टिहरी लोकसभा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा का पटका व फूल माला पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश व प्रदेश में विकास के डबल इंजन की सरकार चला रहे हैं, इससे प्रभावित होकर भाजपा में आने का सिलसिला आज से तेज हो गया है ।

## डबल इंजन की सरकार में डबल स्पीड से हो रहा काम: मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून

- **धामी ने राजधानी देहरादून को दी 226 करोड़ की सौगात**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजधानी देहरादून में सिटी फॉरेस्ट में हुए कार्यक्रम में 186 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास व 40 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की 226 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं राजधानी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हर क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है। देश के साथ ही उत्तराखंड का भी तेजी से विकास हुआ है। अब लोगों की उत्तराखंड के प्रति धारणा बदल चुकी है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम कर रही है। राज्य में नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर तेजी बढ़े, नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ और गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में चौड़ी सड़कों का जाल बिछ रहा है। ऋषिकेश के बाद ऊधम सिंह नगर में एम्स का सैटेलाइट सेंटर बन रहा है। दिल्ली देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस वे, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन, हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ है। देहरादून से अयोध्या तक की हवाई सेवा शुरू हुई है।

सीएम ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया है। इसी क्रम में देवभूमि का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम जारी है। सक्षम, समर्थ और विकसित उत्तराखंड बनाने की नींव को मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल एवं गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काऊ, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष डॉ. आरके जैन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

## 13 मार्च तक काठगोदाम से ट्रेनों का संचालन बंद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-1 और पिट लाइन-7 पर मरम्मत का कार्य होने के चलते 13 मार्च तक लाइन बंद होने से कुछ ट्रेनों का संचालन में बदलाव किया गया है। लाइनों पर कार्य होने के चलते ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे के जिम्मेदारों ने बताया कि रानीखेत एक्सप्रेस 12 मार्च तक और संपर्क क्रांति 13 मार्च तक काठगोदाम से लालकुआं के रूट तक के लिए निरस्त की गई है। फिलहाल इन ट्रेनों का संचालन लालकुआं से किया जाएगा। इसी क्रम में काठगोदाम से लखनऊ आने वाली ट्रेन 12 तक व काठगोदाम से देहरादून जाने वाली काठगोदाम-देहरादून ट्रेन भी 13 तक हल्द्वानी से चलेगी और वापसी भी हल्द्वानी तक की होगी।

## गए थे इंजीनियर बनने, नशे ने बनाया चोर

संवाददाता, देहरादून

- **वाहन चोरी की घटनाओं में इंजीनियरिंग के दो छात्रों समेत तीन लोग गिरफ्तार**
- **आरोपियों से पुलिस ने चोरी की एक बुलेट मोटर साइकिल तथा एक एक्टिवा बरामद**

**अमृत विचार :** राजपुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक बाइक और एक स्कूटी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों में दो इंजीनियर के छात्र हैं। नशे के आदी इन युवकों ने खर्चे पूरे करने के मकसद से वारदात को अंजाम दिया।

सिद्ध विहार निवासी नवीन पेटवाल किसी काम से 06 मार्च को आईटी पार्क ऑफिस गए थे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल बुलेट (यूके 07 एफएफ5774) ऑफिस की पार्किंग में खड़ी की थी। बाइक वहीं से चोरी हो गई। उधर, वासु स्टेट कैनाल रोड निवासी संजीव कुमार की एक्टिवा स्कूटी (यूके 07 बीबी 4866) 17 फरवरी को घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच किसी ने स्कूटी चुरा ली। काफी तलाशने के बाद भी स्कूटी नहीं मिली तो पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी। जाखन चौकी इंचार्ज विकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम जांच में जुटी थी।

खोज में जुटी राजपुर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल सर्विलांस की मदद से दोनों घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त अजय पुत्र राजेश लाल निवासी ग्राम दादर चौकी नंदप्रयाग (26) को किरशाली रोड से चोरी की बुलेट मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दो अन्य अभियुक्तों राजकुमार गुप्ता पुत्र सुरेश निवासी ग्राम गहा कस्बा बीरगंज नेपाल हाल पता केएफसी, निकट डीआईटी कॉलेज (23) व अल्तमस नवाज पुत्र अखिल हैदर निवासी केसरबाग लखनऊ, हाल पता निकट डीआईटी कॉलेज देहरादून को सिनोला रोड से चोरी की एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त राजकुमार व अल्तमस डीआईटी कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र हैं। तीसरा आरोपी अजय आदतन चोर है। जो पूर्व में भी देहरादून, चमोली व उत्तरकाशी में वाहन चोरी में जेल जा चुका है। तीनों अभियुक्त नशे के आदी हैं तथा खर्चे की पूर्ति के लिए चोरी को अंजाम दिया।

## टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक ट्रेन का सीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को टनकपुर से टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेस ट्रेन संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

सीएम ने शनिवार सायं 19.40 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिए रवाना किया। यह ट्रेन टनकपुर से बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, चंदोसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार होते हुए रविवार प्रातः 7.35 बजे देहरादून जक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 मार्च को देहरादून से 15.15 बजे प्रस्थान कर सोमवार सुबह 04.00 बजे टनकपुर पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 16 कोच लगाए गए हैं। यहां मंडलीय रेल प्रबंधक रेखा यादव समेत रेलवे अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अंकिता को न्याय के लिए कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम को दिखावा बताया। बिन्दुखत्ता कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को काररोड चौराहे में धामी सरकार के खिलाफ कैंडल मार्च निकाल कर अंकिता भंडारी को न्याय देने की मांग की।

इससे पूर्व काररोड चौराहे पर स्थित नुक्कड़ सभा को संबोधित कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम मात्र दिखावा व चुनाव से प्रेरित है उन्होंने कहा कि वाकई भाजपा नारी सम्मान की बात करती तो वह ऋषिकेश की अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के बजाय हत्याकांड में शामिल वीआईपी की गिरफ्तारी से बच रही है। उन्होंने कहा यही नहीं देशभर में भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के साथ दुराचार करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव का टिकट देकर महिलाओं का अपमान कर रही है।

पुतला फूंकने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, गिरधर सिंह बम, कुंदन मेहता, भुवन जोशी, राजेन्द्र खनवाल, अमित बोरा, विजय सामंत, रमेश कुमार, आनंद सिंह नेगी, राजपाल आदि ने कैंडल मार्च में शिरकत की।

लालकुआं में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालते कार्यकर्ता।

## चंडीगढ़ का पुलिस अफसर बता महिला से ठग लिए 5.50 लाख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आपका भतीजा दुष्कर्म के केस में फंस गया है, एक जालसाज ने पुलिस वाला बनकर महिला को फोन किया। जालसाज ने महिला को भतीजे के नाम पर तीन दिन तक ब्लैकमेल किया और उससे साढ़े 5 लाख ऐंठ लिए। जालसाज के फोन आने और रुपये की मांग का सिलसिला नहीं रुका तो पीड़िता को ठगे जाने का एहसास हुआ।

आरके टेंट हाउस तिराहा कालाढूंगी रोड निवासी किशन सिंह चिलवाल पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह चिलवाल ने साइबर पुलिस स्टेशन को दी तहरीर में कहा कि उनकी साली भगवती गढिया पत्नी स्व. गोपाल सिंह निवासी गली नंबर 8 मुखानी अकेले रहती हैं। उनका बेटा दिल्ली में एडवोकेट है। बीती 20 से 22 फरवरी तक भगवती के मोबाइल नंबर पर लगातार कॉल आए। कॉल करने वाले ने खुद को चंडीगढ़ पुलिस का अधिकारी बताया। कहा कि कोलकाता में जॉब करने वाला आपका भतीजा सुमु एक लड़की से रेप के केस में पकड़ा गया है। जालसाज ने लड़के से फोन पर बात भी कराई तो वह भगवती को बुआ कहकर रोने लगा।

## मशीन से थैला देने वाला यूपी का पहला शहर बना अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या अब मशीन से थैला देने वाला उत्तर प्रदेश का पहला शहर बनने जा रहा है। वेंडिंग मशीन में 10 रुपये का सिक्का डालते ही या क्यूआर कोड स्कैन करते ही कपड़े का झोला मिल जाएगा। यह झोला 100 प्रतिशत कॉटन का रहेगा। इसमें 15 से 20 किलो की सामग्री रखी जा सकेगी। अभी शहर में 100 स्थानों पर मशीनों को लगाया जाएगा। इसके बाद इनकी संख्या और बढ़ा दी जाएगी। राम मंदिर बनने के बाद शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में सबसे पहले महाराष्ट्र की संस्था उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन ने नगर निगम से करार किया है। मशीनों को मुंबई से लाया जा चुका है। प्रत्येक मशीन की कीमत 35 हजार रुपये बताई जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत, काशी विश्वनाथ धाम में किया पूजन-अर्चन

# अपनी काशी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

संवाददाता, वाराणसी

**अमृत विचार :** 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपनी काशी' पहुंचे। शाम सात बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट से काशी विश्वनाथ धाम व बीएलडब्लू तक 28 किलोमीटर की सड़क यात्रा में काशी वासियों ने 38 स्थानों पर पीएम का अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गए, यहां उन्होंने विधिवत दर्शन पूजन किया।

**15 दिन में दूसरी बार काशी पहुंचे प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 दिन में दूसरी बार वाराणसी पहुंचे। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचने पर प्रधानमंत्री का सड़क के दोनों ओर खड़े काशी वासियों ने अपने अंदाज में जबरदस्त स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलते ही ढोल -नगाड़ो के साथ ही पुष्प वर्षा की गई और हर-हर महादेव के उद्घोष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम के रस्ते में प्रधानमंत्री के स्वागत में काशीवासियों ने शंखनाद, डमरुवादन और घण्टा घड़ियाल बजाए।

मंदिर में पूजन से पूर्व त्रिशूल उठाए प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

- 28 किमी. सड़क मार्ग पर 38 स्थानों पर हुआ प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत

### प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं का किया अभिवादन

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने सांसद और प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए जबरदस्त तैयारी की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। पीएम श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करने के बाद सीधे बीएलडब्लू पहुंचे। यहाँ रात्रि विश्राम के बाद प्रधानमंत्री रविवार की सुबह आज़मगढ़ के लिए रवाना होंगे। आज़मगढ़ में विकास परियोजना की सौगात देने के साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## फिरोजाबाद में एलएलबी के छात्र ने फांसी लगाई

**फिरोजाबाद, एजेंसी :** जिले में एलएलबी के एक छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। शिकोहाबाद के मोहल्ला खेड़ा में गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र निवासी ऋतिक यादव व किराए पर कमरा लेकर एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। ऋतिक ने 4 फरवरी को यहां कमरा किराए पर लिया था। शुक्रवार को जब पूरे दिन कमरा नहीं खुला तो मकान मालिक राजीव यादव ने रात को कमरे में झांककर देखा तो रितिक का शव फंदे पर लटका नजर आया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और परिजनों को भी सूचित किया। घटना के संबंध में शिकोहाबाद के सीओ प्रवीण कुमार तिवारी का कहना है की रितिक ने खुदकुशी क्यों की है इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### महिला प्रधानाचार्य के खिलाफ दलित शिक्षिका के साथ मारपीट का मामला दर्ज

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले के मसूरी इलाके के एक स्कूल की महिला प्रधानाचार्य के खिलाफ अपने विद्यालय की दलित शिक्षिका के साथ मारपीट करने और उसे जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मसूरी की एक कंप्यूटर शिक्षिका को अन्य विषयों की कक्षाएं लेने से इनकार करने पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने कथित तौर पर पीटा। निगरावठी गांव निवासी दलित शिक्षिका अंशिका की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक 4 मार्च को स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम कुशवाहा ने उसे कंप्यूटर का विषय पढ़ाने के बजाय दूसरे विषय पढ़ाने के लिए कहा। अंशिका ने इस संबंध में उसने उच्च अधिकारी से शिकायत की, जिन्होंने उसे कंप्यूटर के अलावा कोई अन्य विषय न पढ़ाने की हिदायत भी दी। अंशिका ने आरोप लगाया कि बाद में जब वह वापस कंप्यूटर पर काम करने गई तो प्रधानाचार्य वहां पहुंची और उसके बाल पकड़कर उसे पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य ने अंशिका के लिए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नरेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### छात्रों ने सीडीएफडी में फॉरेंसिक की बारीकियां समझी

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी हैदराबाद में नमूना संग्रह, डीएनए प्रोफाइल तैयार करने तक डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की प्रक्रियाओं पर आधारित बारीकियां समझी। इस दौरान डीएनए प्रिंटिंग, फिंगर प्रिंटिंग पर गहराई से चर्चा हुई। यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने इस कार्यक्रम में फोरेंसिक से संबंधित उन सभी आवश्यक बारीकियों को सीखा, जिसे फॉरेंसिक के क्षेत्र में पहलकर साक्ष्य के रूप में संग्रह करना और उसे न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य के रूप में खड़ा किया जा सकता है। यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सीडीएफडी के निदेशक डा0 संगीता मुखोपाध्याय के बीच 13 फरवरी 2024 को एमओयू साइन किया गया था। उसके चलते यूपीएसआईएफएस के छात्रों को यह पहला मौका मिला था। उन्होंने बताया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ के छात्रों का एक दल सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक (सीडीएफडी) हैदराबाद में एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलता के साथ पूर्ण किया। डॉ0 गोस्वामी ने यह भी बताया कि छात्रों ने फिनोल, क्लोरोफॉर्म और आइसो-एमाइल अल्कोहल (पीसीआई) का उपयोग करके डीएनए निष्कर्षण की विभिन्न विधियों जैसे कार्बनिक विधि और चुंबकीय मनका आधारित तरीके और जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और रियल-टाईम पीसीआर द्वारा डीएनए मात्रा निर्धारण के बाद एसटीआर एम्प्लिफिकैसन और जीनोटाइपिंग द्वारा डीएनए प्रोफाइल तैयार करना भी सीखा।

### 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को मिले 111.61 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश सरकार ने सालभर के भीतर 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को 111.61 करोड़ रुपये दिए गए। योजना का कियान्वयन स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य परिवार नियोजन अभिनवीकरण सेवा एजेन्सी (सिफ्सा) के माध्यम से वर्ष 2017 से किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा पीएमएमवीवाई 2.0 का संचालन अप्रैल 2022 से मिशन शक्ति के अन्तर्गत उपयोजना सामर्थ्य के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की सुगमता व प्रभावी संचालन के लिए आंशिक बदलाव भी किया गया है।

# ईडी और सीबीआई को खत्म कर देना चाहिए : अखिलेश

### सपा प्रमुख बोले -10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन भी नहीं चला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाली चुंगी समाप्त कर दी थी। अखिलेश का आरोप रहा कि ऐसी एजेंसियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार विरोधी दलों को डराने-धमकाने के लिए कर रही है। वहीं, सपा प्रमुख ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार की तुलना हिटलर के शासन से की। अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका। इनके भी 10 साल हो चुके हैं। उप्र. की जनता अगर स्वागत भी अच्छे से करती है तो वह अच्छे से विदाई भी करना जानती है।

अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उप्र. में जिस तरह महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं उसका संज्ञान गृह मंत्रालय को लेना चाहिए। प्रदेश में कई महिला उत्पीड़न के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। यहां की कानून व्यवस्था बदहाल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को समय-समय पर राज्य की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा करनी चाहिए क्योंकि यहां रक्षक ही भक्षक बन जाते हैं।

### सपा को इलेक्शन बांड से ढाई करोड़ रुपये मिले

अखिलेश ने खुलासा किया कि सपा को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से एक बार ढाई करोड़ रुपये मिले। ऐसी ही कुछ राशि एक अन्य बार भी मिली। भाजपा को भी खुलासा करना चाहिए और एसबीआई को डिटेल देनी चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोस. चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं। बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। शनिवार को सपा में डॉ. सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव भी सपा के साथ आ गए।

## मोदी को हिटलर कहना अखिलेश की हताशा: भूपेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अखिलेश यादव द्वारा हिटलर कहने पर करारा हमला किया। कहा कि प्रधानमंत्री प्रतिदिन देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने में लगे हुए हैं। हर देशवासी के उत्थान में जुटे हैं, इसीलिए देशवासी उन्हें भाई और बेटे के रूप में देखते हैं। अखिलेश यादव का बयान उनकी हताशा दिखाता है। वो 2024 में भाजपा को हराने का मुंगेरीलाल जैसा सपना देख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सपा को 2014, 2017, 2019 और 2022 में शर्मनाक हार दी है, यह सिलसिला 2024 ही नहीं आगे भी जारी रहने वाला है। कहा कि मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। लॉ एंड ऑर्डर पर दिए गए अखिलेश यादव के बयान पर भी तीखा जवाब दिया। कहा कि योगी जी के नेतृत्व की भाजपा सरकार में चारों ओर अमन और चैन है। अपराधियों को पिछली सरकारों की तरह वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं दिया जाता।

## ऑनलाइन ठगी की शिकार हुई अभिनेत्री सुरभि

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच ऑनलाइन ठगी का खेल भी बढ़ गया है। होटल और धर्मशालाओं में कमरों की बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी की आए दिन शिकायतें आ रही हैं। कहानी घर-घर की, शगुन, कुमकुम, एक प्यारा सा बंधन, दीया और बाती जैसे टीवी सीरियलों की चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी भी गिरोह का शिकार हुई हैं।

सुरभि तिवारी की शिकायत है कि रामजन्मभूमि दर्शन यात्रा के लिए उन्होंने अयोध्या में ऑनलाइन होटल की तलाश की, लेकिन होटल खाली नहीं मिला। धर्मशाला की तलाश के लिए वेबसाइट से नंबर निकाला। एक धर्मशाला के नंबर पर वार्ता की और व्हाट्सएप पर फोटो व ब्यौरा मंगाया। इसके बाद उन्होंने धर्मशाला में कमरे की बुकिंग के नाम पर पांच हजार रुपये गूगल पे कर दिया। पूरी रकम की रसीद न देने पर शंका हुई और छानबीन कराई तो पता चला कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हो गया।

### अब तक 80 लोगों से हो चुकी है ठगी

आए दिन ठगी की शिकायतों से आजिज जानकी महल ट्रस्ट के प्रबंधक ने शनिवार को साइबर क्राइम थाने पर लिखित शिकायत दी है। प्रबंधक आदित्य सुल्तानियां ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि जानकी महल ट्रस्ट के कमरों की आनलाइन बुकिंग नहीं होती और हमारा धर्मशाला आगामी फरवरी तक पूरी तक बुक हैं। संस्था की कोई बेवसाइट भी नहीं है। इसके बावजूद मिलते जुलते नाम की फर्जी बेवासाइट बनाकर 80 से ज्यादा लोगों से एक करोड़ से ज्यादा की रकम ठगी की बात सामने आ चुकी है।

## गठबंधन से चर्चाओं के बीच माया बोलीं, अकेले लड़ेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा प्रमुख ने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर लगाया विराम

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने अथवा कोई तीसरा मोर्चा बनाने की चर्चाओं के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति स्पष्ट की है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए इन दोनों संभावनाओं से इंकार किया है।

मायावती ने अपनी पोस्ट में शनिवार को लिखा है कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। मायावती के मुताबिक, ऐसी अफवाहों से लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर उप्र. में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। पहले भी मायावती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट किया था कि बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी और वह किसी भी दल के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होंगी।

## शीघ्रता से करें जन समस्याओं का समाधान : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की हर समस्या का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। इनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।

## राम मंदिर में संदिग्धों को पहचानेगा एफआर सिस्टम

अयोध्या कार्यालय

- रामनवमी से पहले ही कंट्रोल रूम में लगाने की है तैयारी

**अमृत विचार :** राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रामनवमी से पूर्व परिसर स्थित कंट्रोल रूम में फेस रिकग्नेशन (एफआर) सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इससे तीर्थ यात्रियों के बीच संदिग्धों की पहचान हो सकेगी। किसी संदिग्ध के दिखने पर कंट्रोल रूम में स्थापित सॉफ्टवेयर संबंधित संदिग्ध की जानकारी स्क्रीन पर ब्योरे के साथ प्रदर्शित करेगा और सुरक्षा में लगे कर्मियों को संकेत भेजेगा।

शनिवार को मंदिर निर्माण समित की बैठक के दूसरे दिन की अध्यक्षता चेयरमैन नृपेद्र मिश्र ने की। उन्होंने सबसे पहले परिसर का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर का ग्राउंड फ्लोर प्राण प्रतिष्ठा की दृष्टि से तैयार हो चुका था, लेकिन उसके बाद जो शेष स्तभों में तराशी का कार्य प्रारंभ करने के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। मंदिर के प्रथम तल के छत का कार्य शेष रह गया है। वह किस क्रम में तैयार किया जाएगा। इसे लेकर मंथन हुआ है। इसके बाद दूसरे तल का कार्य भी किस तरह प्रारंभ होगा। इस पर विस्तृत चर्चा हुई है। दिसंबर 24 तक मंदिर का शिखर तक का कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मंदिर के पराकोट में लगभग 8000 घनफीट पत्थर लगने वाला है।

### वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1.1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।

4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।

6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।

7.1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

**ऊपर से नीचे**

2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।

3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।

4.1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।

5.1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।

6.1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।



### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 गु | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 ते |
| 3 जु | ला | ब | ■ | 4 खं | ■ | गा |
| ■ | ब | ■ | 5 सौ | गा | त | ■ |
| ■ | 6 पा | नी | दा | र | ■ | 7 बि |
| ■ | श | ■ | सू | ■ | ■ | खे |
| 8 साँ | ■ | 9 इं | त | हा | ■ | र |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ना |

### सुडोकू -84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

### सुडोकू -83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14.29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 11 मार्च 01.55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**वृष** — आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

**सिंह** — आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

**तुला** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु** — आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**मीन** — आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
खुद्दार — दोपहर : 12.00
मेला — रात : 08.39

**SONY PIX**
एक्वामैन — सुबह : 09.52
स्पाइडर मैन — रात : 07.59

**SONY SMAX**
अर्जुन पटियाला — सुबह : 10.56
हसीन दिलरुबा — रात : 07.00

**ZEE CINEMA**
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 10.30
रेस 3 — शाम : 04.30

**colors CINEPLEX**
बेटा — दोपहर : 12.03
मैं हूं ना — रात : 08.02

#### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं
दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

### सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

### दुनिया की सबसे लंबी दो लेन की सुरंग का उद्घाटन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया की सबसे लंबी दो लेन की सेला सुरंग को शनिवार को राष्ट्र को समर्पित किया। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक अधिकारी ने बताया कि संगठन द्वारा 825 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई सुरंग सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब है। बताया कि यह सुरंग तवांग को हर मौसम में सड़क संपर्क मुहैया कराएगी।

### बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**जोरहाट (असम)।** मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में अहोम सेनापति लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का अनावरण किया। इसकी ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है।

## रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है और काफी लोकप्रिय है, वहीं वंदे भारत शयनयान की पहली संरचना तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा-अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है।

## भगवान राम यदि इस युग में होते तो उनके पीछे भी ईडी और सीबीआई को लगा देते

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अगर भगवान राम इस युग में होते तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को उनके पीछे भी लगा देती।

उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार 'विकास' के मॉडल पर काम कर रही है जबकि भाजपा विपक्षी दलों को खत्म करके तथा उनकी सरकारों को गिराकर 'विनाश' का मॉडल अपना रही है। हाल ही में 'आप' सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 2024-25 बजट पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह इतना अच्छा बजट है कि लोग अब कह रहे हैं कि आप-कांग्रेस गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा। केजरीवाल ने उन्हें आठ समन भेजे जाने का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा की योजना उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजने और सरकार को गिराने की है। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-अगर भगवान राम इस युग में होते तो भाजपा ईडी और सीबीआई को उनके घर भेज देती और उनसे बंदूक के बल पर कहती कि वह भाजपा के साथ आएंगे या जेल जाएंगे।

## ईडी ने की अवैध बालू खनन से जुड़े धनशोधन मामले में छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध बालू खनन से जुड़े धन शोधन के मामले में शनिवार को पटना में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले के तहत सुभाष यादव नामक व्यक्ति के परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी पटना और उसके आसपास करीब सात परिसरों की तलाशी ले रही है। उन्होंने बताया कि यादव के बिहार में बालू खनन में शामिल होने की जानकारी है और उन्होंने पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर चुनाव भी लड़ा है। धनशोधन का यह मामला बिहार पुलिस द्वारा पूर्व में दर्ज कुछ प्राथमिकी से सामने आया था।

## एक नजर

### दिल्ली में कंक्रीट गर्डर गिरने से बच्चे की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के एक निर्माण स्थल पर भारी कंक्रीट गर्डर गिरने से 12 वर्षीय लड़के की कुचलकर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार दोपहर को हुई जिसके बाद लड़के के परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने ठेकेदारों और निर्माण कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने कहा कि ठेकेदारों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

### राजस्थान में चाकू घोंपकर कांस्टेबल की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

## कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

### कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका

यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

## पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

## सीएपीएफआईएमएस परिसर में भी चलेगा एम्स

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा संस्थान (सीएपीएफआईएमएस) ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत दिल्ली एम्स, सीएपीएफआईएमएस का संचालन अपने परिसर के तौर पर करेगा। इसके तहत चिकित्सा उपकरणों, फर्नीचर की खरीद और परिसर के संचालन पर आने वाली लागत गृह मंत्रालय एम्स को प्रदान करेगा। परिसर में अस्पताल के बिस्तरों का एक हिस्सा सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लाभार्थियों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सीएपीएफआईएमएस को एम्स दिल्ली के परिसर के रूप में चलाने के लिए 15वें वित्त आयोग की कार्य अवधि में 2,207.50 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है।

## सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं।

### खजुराहो संसदीय क्षेत्र

- पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने
- उमा भारती की चुप्पी से सपा को होगा फायदा

लेकिन इस बार उसे कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था।

### दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर

जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है। मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उनके नेतृत्व में सपा के एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार बुंदेला भाजपा में हैं।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1380, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1630, जय जवान 1450, सचिन 1540, सूरज 1475, अवसर 1580, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1720, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

## कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

### वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

### आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

## बाजार में सोने की बढ़ रही रफ्तार, 68 हजार का आंकड़ा छूने को है तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

- चांदी की कीमत 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम
- 6 दिनों से कीमतों में बढ़ोत्तरी जारी, रोजमर्रा के ग्राहक हुए कम

**अमृत विचार:** वैश्विक बाजार में होते बदलाव और परिस्थितियों ने सोने की चमक को और बढ़ा दिया है। हाल यह है कि सोने की कीमतों रफ्तार रुकने को तैयार नहीं है। आज देर शाम के बाजार भाव पर नजर डाली जाए तो सोना 67,700 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया है। बाजार में स्वर्ण की कीमतों की गति यही रही तो एक-दो दिनों में 24 कैरेट की इस पीली धातु की कीमत 68,000 रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी।

बाजार में रोजमर्रा के खरीदार कम है लेकिन ठोस निवेशकों का रुख इस ओर दिख रहा है तभी बाजार में सोना चमक रहा है। वहीं मामूली बढ़ोत्तरी के साथ चांदी की कीमत 75,500 रुपया प्रति किलो है। सर्राफा कारोबारियों का मानना है कि नित नए आयाम गढ़ रहे सोने की कीमतों से बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

वहीं आदीश जैन (संयुक्त मंत्री, लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन) ने बताया कि सोने की इस तेजी से बाजार में ग्राहक कम हैं। रोजमर्रा, त्योहारी और सहालग के सीजन के लिए खरीदारी करने वाले भी कीमतें थमने का इंतजार कर रहे हैं। मात्र छह दिन में चार से साढ़े चार हजार रुपये तोला की बढ़ोत्तरी कारोबार पर भी भारी पड़ रही है। वजह सभी सोच रहे हैं कि कहीं खरीदते ही कीमतों में छलांग लगा रहा सोना अचानक नीचे न पहुंच जाए जिससे नुकसान की भरपाई मुश्किल हो जाए।

| तिथि | सोना 24 कैरेट रु. प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 04 मार्च | 63,800 |
| 09 मार्च | 67,700 |

**नोट**-यह आंकड़ा इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन इब्जा के नार्थ इंडिया हेड द्वारा दिया गया है।

### 25 साल में सोने की चमक का सफर

| वर्ष | सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम) |
|---|---|
| 2000 | 4,400 |
| 2010 | 18,500 |
| 2020 | 48,651 |
| 2024 मार्च | 67,700 |

**नोट**-आंकड़ा सर्राफा वरिष्ठ व्यापारी एवं लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख कैलाश चंद्र जैन द्वारा दिया गया है।

> बाजार में चढ़ता सोने का भाव निश्चित तौर पर अनिश्चितता का माहौल बना रहा है। ग्राहक सोच रहा है कि वह खरीदारी करे या रुके। फिलहाल वैश्विक उथल-पुथल से ऐसा दिख नहीं रहा है कि बाजार में स्वर्ण धातु की चमक से बहुत बड़ी गिरावट आने वाली है। मार्केट में तेजी है कहां रुकेगी कहना मुश्किल है। पिछले छह दिनों की रिकार्ड तेजी बता रही है कि सोना 68 ही नहीं 70 हजार का आंकड़ा छूने में अब ज्यादा वक्त लगने वाला नहीं है।
>
> **-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन।**

> पचीस साल के सफर में जिस तरह से सोने का भाव चढ़ रहा है ऐसा देखने को कम ही मिलता है। लंबे समय से सोने की कीमतें उछाल पर हैं। पीली धातु के भाव में कब नरमी आएगी फिलहाल कहा नहीं जा सकता है। लेकिन बाजार बहुत तेज है। ग्राहक कम हैं। निवेशक कीमतों में नरमी और तेजी को सूंघ रहे हैं। बाजार और कारोबारी अनिश्चिता भरे माहौल से उबर नहीं पा रहा है।
>
> **-कैलाश चंद्र जैन, वरिष्ठ व्यापारी और लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख।**

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,300-50,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 67,700 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी

भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

## कारोबार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए परिपत्र जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कारोबार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दो परिपत्र जारी किए। सीबीआईसी ने पहले परिपत्र में कहा कि स्थायी व्यापार सुविधा समिति (पीटीएफसी) और सीमा शुल्क मंजूरी सुविधा समिति (सीसीएफसी) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। बोर्ड ने निर्देश दिया कि व्यापार संगठनों को महिला व्यवसायियों और महिला लॉजिस्टिक सेवा प्रदाताओं के लिये विशेष सहायता डेस्क बनाने चाहिए।

## एनसीएलटी ने इफको को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वान एनर्जी-इफको के संयुक्त उद्यम ट्रायम्फ ऑफशोर से कहा है कि वह अल्पांश शेयरधारक इफको के मुद्दों पर चर्चा के लिए चार अप्रैल से पहले एक बोर्ड बैठक आयोजित करे। इफको ने जलपोतों को संचालित करने की व्यवहार्यता के संबंध में कुछ सवाल उठाए थे। एनसीएलटी ने इफको की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख चार अप्रैल तय की है। न्यायाधिकरण ने हालांकि इफको को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। इफको ने कहा था कि उसकी मंजूरी के बिना संयुक्त उद्यम काम करने से रोका जाए।

# इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

## भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार

धर्मशाला, एजेंसी

प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव

रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | | | 477/10 (124.1 ओवर) |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6, विकेट पतन : 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15- 1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

| इंग्लैंड (पहली) 218 | | (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर) | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर बो जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, विकेट पतन : 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी : बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

# लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। यहां प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।

### गुरु कुंबले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुंबले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

## खेल डायरी

### पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक हैं। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

### एनसीएए फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57.126 सेकेंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

### हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

# हरमनप्रीत के नाबाद 95 रन से मुंबई ने गुजरात को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

हरमनप्रीत कौर

95 रन
48 गेंद
10 चौके
5 छक्के

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 95 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हरा दिया।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में 10 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं यास्तिका भाटिया ने 36 गेंद में 49 रन बनाए। इससे पहले कप्तान बेथ मूनी और डी हेमलता के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने 7 विकेट पर 190 रन बनाए थे लेकिन मुंबई ने 1 गेंद बाकी रहते लक्ष्य पा लिया। यास्तिका और मैथ्यूज (18) ने मुंबई के लिए 6.3 ओवर में 50 रन जोड़े। यास्तिका और नेट स्किवेर ब्रंट टीम के 100 रन बनने से पहले आउट हो गई। आखिरी 5 ओवर में मुंबई को 72 रन चाहिए थे। हरमनप्रीत ने 40 के स्कोर पर स्नेह राणा की गेंद पर फोबे लिचफील्ड से मिले जीवनदान का फायदा उठाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए एमेलिया केर (12) के साथ 38 गेंद में 93 रन की साझेदारी की। उन्होंने राणा के डाले 18वें ओवर में 24 रन बनाए। इससे पहले गुजरात ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। उसने लौरा वोल्वार्ट (13) का विकेट जल्द गंवाया, जिन्हें मैथ्यूज ने आउट किया। मूनी ने 35 गेंद में 8 चौकों और 3 छक्कों से 66 रन बनाए। वहीं हेमलता ने 40 गेंद में 74 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। मूनी ने नेट स्किवेर ब्रंट को स्ट्रेट छक्का लगाया और शबनम को 2 चौके मारे। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को मूनी ने विकेटकीपर के पीछे से 2 छक्के लगाए। हेमलता ने एमेलिया केर को दसवें ओवर में 2 चौके और 1 छक्के समेत 15 रन निकाले। मूनी ने अपना अर्धशतक 27 गेंद में पूरा किया और हेमलता ने 28 गेंद में यह आंकड़ा छुआ। मूनी 14वें ओवर में स्ट्रेटेजिक टाइम आउट के बाद अपना विकेट गंवा बैठी, जिससे गुजरात की रन गति पर अंकुश लगा।

### विमेंस प्रीमियर लीग

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 7 | 5 | 2 | 10 | 0.343 |
| दिल्ली | 6 | 4 | 2 | 8 | 1.059 |
| बेंगलुरु | 6 | 3 | 3 | 6 | 0.038 |
| यूपी | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.365 |
| गुजरात | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.111 |

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स : 190/7**, दयालन हेमलता 74 (40 गेंद), बेथ मूनी 66 (35 गेंद), भारती फूलमाली 21* (13 गेंद), लॉरा वुलफ़ार्ट 13 (14 गेंद)। **विकेट :** हेली मैथ्यूज़ 1, शबनिम इस्माइल 1, साइका इशाक़ 2, पूजा वस्त्रकर 1, संजीवन 1

**मुंबई इंडियंस : 191/3**, हरमनप्रीत 95* (48 गेंद), यास्तिका 49 (36 गेंद), हेली मैथ्यूज़ 18 (21 गेंद), एमेलिया 12* (10 गेंद), । **विकेट :** एश्ली गार्डनर 1, तनुजा 1, शबनम 1

# एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

### उपलब्धि

● 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

### गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था: यशस्वी

**धर्मशाला, एजेंसी।** प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था। एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय जायसवाल हैं।

### चोट से तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित

पीठ में अकड़न से रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में बुमराह ने कप्तानी संभाली है। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट बाहर थे और अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए।

# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

## फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2 : एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22 : एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2 : एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2 : एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

## निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे

**मुंबई, एजेंसी।** दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।

## कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

## आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारत से तनाव के बीच मालदीव ने तुर्किये से खरीदे सैन्य ड्रोन

माले, एजेंसी

- समुद्री क्षेत्र की निगरानी के लिए पहली बार ड्रोन लाए गए मालदीव

मालदीव ने अपने आर्थिक क्षेत्र में गश्त के लिए तुर्किये से ड्रोन खरीदे। सरकार अगले एक हफ्ते के भीतर ड्रोन का संचालन शुरू कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट में यह खुलासा कि हुआ है। हालांकि, ड्रोन की सटीक संख्या की जानकारी नहीं दी गई।

देश के रक्षा मंत्रालय या विदेश मंत्रालय ने भी कोई पुष्टि नहीं की है। द्वीप राष्ट्र ने कुछ दिनों पहले चीन से गैर घातक हथियार हासिल करने के लिए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू ने हाल ही में बीजिंग से लौट पर संकेत दिया था कि उनकी सरकार ड्रोन हासिल करना चाहती है। मालदीव ने अपने जल क्षेत्र में गश्त के लिए ड्रोन खरीदने के लिए तुर्किये की एक कंपनी के साथ समझौता किया। जिसके बाद पहली बार सैन्य ड्रोन मालदीव लाए गए। ड्रोन को तीन मार्च को मालदीव पहुंचाया गया। समाचार पोर्टल अधाधु ने इस समझौते में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि ड्रोन अभी नूनू माफारू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हैं। नवंबर में राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद मुइज्जू ने सबसे पहले तुर्किये का दौरा किया था। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि समझौते के तहत तुर्किये से कितनी संख्या में ड्रोन खरीदे गए, इसकी संख्या स्पष्ट नहीं है।

# छह भारतीय पहन चुकीं हैं विश्व सुंदरी का ताज

भारत ने 28 साल बाद 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले साल 1996 में भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता हुई थी। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता हमेशा से ही काफी आकर्षित रही है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की केवल सुंदरता की ही नहीं बल्कि, उनके मकसद और विचारों की भी परख होती है। अभी तक भारत से कुल 6 महिलाओं ने ही मिस वर्ल्ड का खिताब जीता है।

### रीता ने पहली बार विश्व में भारत का नाम रोशन किया

रीता फारिया का जन्म 1945 में मुंबई में हुआ था। 21 साल की छोटी उम्र में उन्होंने हर भारतीय को गौरवान्वित महसूस कराया था। भारत को पहला मिस वर्ल्ड का खिताब जितवा कर, उन्होंने विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया था। 1966 में रीता पहली भारतीय बनीं, जिसने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। रीता न सिर्फ भारत बल्कि, एशियाई मूल की पहली महिला हैं, जिसने मिस वर्ल्ड का खिताब हासिल किया।

### दूसरी भारतीय मिस वर्ल्ड बनीं ऐश्वर्या राय

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, 1994 में मिस वर्ल्ड बनीं। ऐश्वर्या भारत की दूसरी महिला बनीं, जिसने मिस वर्ल्ड का ताज पहना। रीता फारिया और ऐश्वर्या राय के खिताब जीतने के बीच 28 साल का अंतर था। जब ऐश्वर्या को मिस वर्ल्ड का ताज मिला, तब पूरे देश में त्योहार का माहौल छा गया था।

### प्रियंका 18 की उम्र में बनीं मिस वर्ल्ड

प्रियंका चोपड़ा एक ऐसा नाम है, जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है। प्रियंका साल 2000 में भारत की तरफ से मिस वर्ल्ड का ताज पहनने वालीं पांचवीं भारतीय महिला बनीं। महज 18 साल की उम्र में इन्होंने इस खिताब को अपने नाम किया था। मिस वर्ल्ड बनने के बाद प्रियंका ने बॉलीवुड में डेब्यू किया और इसके बाद वे एक के बाद एक सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ती गईं। सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि, इन्होंने दुनियाभर में अपना लोहा मनवाया है। इन्होंने बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड में भी काम किया है।

### खिताब जीतने वालीं तीसरी भारतीय बनीं डायना हेडन

भारत से मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली तीसरी महिला, डायना हेडन बनीं। इन्होंने 1997 में यह खिताब जीता। इनका जन्म 1973 में हैदराबाद में हुआ था। मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद उन्होंने कई टीवी एड और फिल्मों में भी काम किया है। मिस वर्ल्ड की प्रतियोगिता में इनकी सादगी की ललक ने इन्हें ताज जीतने में मदद की।

### युक्ता ने 1999 में जीता मिस वर्ल्ड का खिताब

युक्ता मुखी चौथी भारतीय महिला हैं, जिसने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था। इन्होंने 1999 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। उनका जन्म बैंगलुरु में हुआ था। इन्होंने मुंबई के कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में स्नातक की डिग्री हासिल की। युक्ता सुंदरता की एक बड़ी मिसाल थीं।

### मानुषी ने 2017 में पहना मिस वर्ल्ड का ताज

हरियाणा से आने वाली मानुषी छिल्लर भारत की छठी महिला हैं, जिन्होंने 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। प्रतियोगिता में उनसे पूछा था किस काम के लिए सबसे ज्यादा सैलरी मिलनी चाहिए। उन्होंने जवाब में मां कहा था। इस जवाब ने न केवल उन्हें मिस वर्ल्ड बनाया बल्कि, लोगों ने सराहना भी की।

## एक नजर

### गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

**गाजा।** इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है। गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया।

### हरियाणा: अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा- स्वापक औषधि और मन : प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला-बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने जरदारी, दोबारा हुई ताजपोशी

## पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी

आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

### इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाई: पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग-अलग जारी किए गए हैं।

## जेल में इमरान से इजाजत के बाद ही मिल सकेंगे लोग: कोर्ट

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने अदियाला जेल अधिकारियों को आदेश दिया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात करने की सिर्फ उन्हीं लोगों को इजाजत दी जाए, जिनके नाम को उन्होंने मंजूरी दी है। मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी।

देश के एक प्रमुख अखबार की खबर के मुताबिक, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सरदार एजाज इशाक खान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं उमर अयूब, असद कैसर और अन्य की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में कहा गया था कि अदियालाय जेल के अधीक्षक असद वराइच उन्हें जेल में इमरान खान से मिलने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। जेल अधीक्षक ने शुक्रवार को अदालत की अवमानना के मामले में लिखित जवाब अदालत को दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि दो दिन पहले जेल के पीछे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए थे और दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी अभियान जारी रहा, इसलिए किसी को भी पीटीआई के संस्थापक के साथ मुलाकात की अनुमति नहीं दी गई।

# भारतीय उच्चायोग ने शुरू किए 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' अभियान

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन: प्रधानमंत्री मोदी ने चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी इससे पर्यटन में प्रोत्साहन मिलेगा

ब्रिटेन के लंदन में भारतीय उच्चायोग ने दो प्रमुख अभियानों 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हफ्ते की शुरुआत में चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी। ताकि भारतीय समुदाय के लोगों कों अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत में पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने इंडिया हाउस में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वास्तव में आपके लिए एक राजदूत बनने और उसका जश्न मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा, आइए इस मौके पर अतुल्य भारत को याद करेंगे। भारतीयों की उस भूमिका को भी याद करें, जिसने भारत और ब्रिटेन के संबंधों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है।

आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय उच्चायोग ने लिविंग ब्रिज के विषय महिलाओं पर केंद्रित रखा। इस दौरान दुरईस्वामी ने कहा, ये (महिलाएं) ब्रिटेन-भारत संबंधों की नायिकाएं हैं, जिन्होंने साहसिक खेल, शतरंज, फिल्म, व्यवसाय आदि क्षेत्र में योगदान दिया है। लिविंग ब्रिज अभियान के पहले चरण में पर्वतारोही प्रीत कौर चंडी, शतरंज चैंपियन बोधना शिवानंदन, प्रसिद्ध शेफ आसमा खान, अभिनेत्री आयशा धारकर और आर्थिक विशेषज्ञ बैरोनेस श्रीति वेडेरा आदि शामिल हुए।

पिछले साल दिसंबर में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में इतिहास रचने वाली आठ वर्षीय शिवानंदन ने कहा, मैं दुनिया की सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनना चाहती हूं और विश्व चैंपियन भी बनना चाहती हूं। पर्वतारोही चंडी ने कहा, मैं सिख हूं। मेरे पिता उत्तर प्रदेश में पैदा हुए थे। वह अपनी किशोरावस्था में इंग्लैंड आए थे। मेरी मां इंग्लैंड से हैं। लेकिन उनके माता-पिता पंजाब से हैं।

# भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

## राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

# जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी , डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

### भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार

जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

# भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म

भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।

### लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।

### चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021-23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

## अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गाड्र्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

# देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी

- सीजेआई बोले संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़. ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए।

## लोकतंत्र के दुश्मन हैं राष्ट्रपति बाइडन, ट्रंप का पलटवार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के अंतिम स्टेट ऑफ यूनियन संबोधन में ट्रंप पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने ट्रंप का नाम लिए बिना कहा था कि वह देश ही नहीं वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए भी खतरा हैं।

इसे लेकर शुक्रवार को ट्रंप ने पलटवार किया है। ट्रंप ने कहा कि बाइडन का बयान भयानक था। उन्होंने कहा कि बाइडन गुस्से में और मानसिक रूप से परेशान थे। ट्रंप ने बाइडन को लोकतंत्र का दुश्मन बताया। इस बीच, ट्रंप ने शुक्रवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से मुलाकात की। ओरबन ने इंस्टाग्राम पर ट्रंप से मुलाकात का वीडियो भी पोस्ट किया। ट्रंप के कैंपेन से जुड़े लोगों का कहना है कि दोनों नेताओं ने अमेरिका और हंगरी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर बातचीत की।